सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 05 नवम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 299, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 942 अंकों की गिरावट

जबर्दस्त बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स लगभग 942 अंक लुढ़क गया। } 14

## कश्मीरी पंडितों के लिए तैयार करेंगे सुरक्षित माहौल : सिन्हा

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सरकार घाटी में कश्मीरी पंडितों के सम्मान के साथ पुनर्वास का प्रयास करेगी और उसके लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जायेगा। } 16



### संक्षेप

## अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का फिर अध्यक्ष बना भारत

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को कहा कि भारत को एक बार फिर भारतीय सौर गठबंधन (आईएसए) का अध्यक्ष चुन लिया गया है। वह 2024 से 2026 तक यह दायित्व संभालेगा। आईएसए की सातवीं आमसभा के मौके पर जोशी ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फ्रांस को एक बार फिर आईएसए का उपाध्यक्ष चुना गया है। जोशी ने कहा कि भारत का अध्यक्ष पद पर दोबारा चुना जाना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत की तरफ से दुनियाभर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के प्रभावशाली प्रयासों का प्रमाण है।

## महाराष्ट्र की डीजीपी रश्मि शुक्ला हटीं



मुंबई। चुनाव आयोग ने कांग्रेस की शिकायत पर महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला को उनके पद से हटा दिया है। रश्मि शुक्ला के तबादले के बाद मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर को सोमवार को राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले, चुनाव आयोग ने सोमवार को राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह विपक्षी कांग्रेस सहित राजनीतिक दलों की शिकायतों के बाद महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी शुक्ला का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दे। चुनाव निकाय ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वह शुक्ला का प्रभार कैडर के अगले सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंप दें।

## बंगाल में दुष्कर्म-हत्या मामले में आरोप तय

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक का शव मिलने के 87 दिन बाद एक स्थानीय अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सोमवार को आरोप तय किए। अदालत ने घोषणा की कि 11 नवंबर से दैनिक आधार पर मामले की सुनवाई होगी। रॉय पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। रॉय को जब सियालदह की अदालत से बाहर ले जाया जा रहा था, तब उसने कहा, मैंने कुछ नहीं किया है। मुझे इस बलात्कार-हत्याकांड में फंसाया गया है। मेरी कोई नहीं सुन रहा है। सरकार मुझे फंसा रही है और मुंह नहीं खोलने की धमकी दे रही है।

# निर्वाचन आयोग ने यूपी में उपचुनाव की तारीख बढ़ायी

### 13 की बजाय अब 20 नवंबर को पड़ेंगे वोट

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को उत्तर प्रदेश और पंजाब की क्रमशः सभी नौ एवं चार सीट और केरल की एक सीट के लिए विधानसभा उपचुनावों की तारीख त्योहारों के मद्देनजर 13 नवंबर से बदलकर 20 नवंबर कर दी। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

❍ पंजाब और केरल में भी हुआ बदलाव

केरल में पलक्कड़ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव की तारीख पुनर्निर्धारित की गई है, जबकि चेलक्करा विधानसभा और वायनाड लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव पूर्व निर्धारित तिथि यानी 13 नवंबर को ही होगा। कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) सहित कई दलों ने विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर आयोग से चुनावों की तारीख पुनर्निर्धारित करने का आग्रह करते हुए कहा था कि 13 नवंबर को चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस ने कहा था कि केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में मतदाता 13 से 15 नवंबर तक कल्पती रथोत्सवम का त्योहार मनाएंगे। पार्टी ने कहा था कि पंजाब में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# झारखंड में झामुमो नीत गठबंधन घुसपैठियों का समर्थक : मोदी

एजेंसी



गढ़वा (झारखंड)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन पर तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचाने का आरोप लगाया और उन्हें घुसपैठिया समर्थक और माफिया का गुलाम करार देते हुए कहा कि अगर उनकी यही कुनीति जारी रही तो राज्य में आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जाएगा।

एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर भी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गठबंधन को घेरा और दावा किया कि आज झारखंड में हर तरफ रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग की सरकार की ही गूंज है। उन्होंने कहा झामुमो-कांग्रेस-राजद ने तुष्टिकरण की नीति को चरम पर पहुंचा दिया है। ये तीनों दल सामाजिक ताना-बाना तोड़ने पर आमादा हैं। ये तीनों दल घुसपैठिया समर्थक हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट पाने के लिए ये उन्हें पूरे झारखंड में बसा रहे हैं। उन्होंने कहा जब स्कूलों में सरस्वती वंदना तक पर रोक लगने लगे तो पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है। जब तीज त्योहारों में पत्थरबाजी होने लगे, माता दुर्गा को भी रोक दिया जाए, जब कर्फ्यू लगने लगे तो पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली चुनावी रैली थी, जिसमें उन्होंने आदिवासी अस्मिता का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा जब बेटियों के साथ शादी के नाम पर छल-कपट होने लगे तो पता चलता है कि पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है। जब घुसपैठ का मामला अदालत में जाए और प्रशासन इससे इंकार करे तो पता चलता है कि सरकारी तंत्र में ही घुसपैठ हो चुकी है। उन्होंने कहा ये (घुसपैठिये) आपकी रोटी भी छीन रहे हैं, ये आपकी बेटी भी छीन रहे हैं और ये आपकी माटी को भी हड़प रहे हैं। अगर झामुमो-कांग्रेस-राजद की यही कुनीति जारी रही तो झारखंड में आदिवासी समाज का ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अब तीन साल में हो सकेगा शिक्षकों का तबादला

### एफडीआई व फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर निर्णय लिया गया। शिक्षक अब पांच वर्ष की न्यूनतम सेवा की जगह सिर्फ तीन साल बाद ही स्थानांतरण करवा सकेंगे। बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा बैठक में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में पैरावेट के लिए डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए भी नीति को मंजूरी मिल गई है।

प्रदेश सरकार ने नई शीरा नीति को मंजूरी दे दी है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार की तरह देसी मदिरा के लिए 19 फीसद शीरा मुहैया कराया जाएगा। चीनी मिलों को 20 रुपए कुंतल विनियामक शुल्क देना होगा। लघु उद्योगों को भी शीरा मुहैया कराने की व्यवस्था है।

लोक भवन हुई बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बैठक से संबंधित जानकारियां पत्रकारों को दी। सुरेश खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बैठक में एफडीआई एवं फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के माध्यम से योगी सरकार ने विदेशी निवेशकों को बड़ी राहत दी है। इसके माध्यम से अब ऐसी विदेशी कंपनियां भी प्रदेश में निवेश कर सकेंगी जो इक्विटी के साथ-साथ लोन या किसी अन्य स्रोत से पैसों की व्यवस्था करती हैं। योगी सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में विदेशी निवेश के बढ़ने की संभावना है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 1/11/2023 को फॉरेन डायरेक्टर इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) की नीति आई थी। इसमें थोड़ा संशोधन किया गया है। नीति में अर्हता के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 100 करोड़ रुपए रखी गई है। आरबीआई द्वारा जो एफडीआई की परिभाषा दी गई है, उसके अनुसार अभी तक मात्र इक्विटी में किए गए निवेश को ही एफडीआई में सम्मिलित किया जाता है। नीति में जो संसोधन किया गया है, उसमें हमने इसे फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट का रूप दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक एफडीआई के तहत कंपनी के पास अपनी इक्विटी होती थी लेकिन ज्यादातर कंपनी अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए बाहर से लोन के साथ ही दूसरे माध्यमों से भी पैसा मैनेज करती हैं। हमने उसको भी अलाऊ कर दिया है। यदि किसी कंपनी के पास इक्विटी केवल 10 प्रतिशत है और 90 प्रतिशत निवेश राशि की व्यवस्था दूसरे स्रोतों से कर रखी होगी तो हम उसको भी बेनिफिट प्रदान करेंगे। सुरेश खन्ना ने बताया कि अब इस नीति को फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट एंड फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एंड फॉर्च्यून इंडिया 500 इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023 कहा जाएगा। फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट के रूप में इक्विटी में निवेश करने वाली विदेशी कंपनी के लिए प्रिफरेंश शेयर, डिवेंचर्स, एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, स्टैंड बाई लैटर ऑफ क्रेडिट, लैटर्स ऑफ गारंटी व अन्य डेब्ट सिक्योरिटी को भी शामिल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य मोड जो आरबीआई के द्वारा फ्रेमवर्क ऑन एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, ट्रेड क्रेडिट, स्ट्रक्चर्ड ऑब्लीगेशंस के अंतर्गत किए गए 100 करोड़ के विदेशी निवेश की गणना के लिए अर्ह होंगे। विदेशी निवेशक कंपनी द्वारा की गई फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट राशि (जिसमें इक्विटी में न्यूनतम 10 प्रतिशत तथा शेष ऋण व अन्य इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से मिलाकर 100 करोड़ रुपए का निवेश) को इस नीति के अंतर्गत पात्र माना जाएगा तथा पूंजी निवेश की गणना में सम्मिलित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 ...शेष पृष्ठ 14 पर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### कैबिनेट के अन्य निर्णय

- फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट को मंजूरी, 100 करोड़ के निवेश को माना जाएगा पात्र
- रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 में संशोधन, बिना नॉमिनी भी हो सकेगा ग्रेच्युटी का भुगतान
- शीरा रिजर्वेशन को मंजूरी, 19 प्रतिशत शीरा रिजर्वेशन को मिली स्वीकृति
- बागपत में अंतराष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र स्थापित करने के लिए मंत्रिमंडल की मिली मंजूरी
- पशु चिकित्सको की कमी को पूरी करने के लिए पशुपालन पाठ्यक्रम के लिए डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स के लिए तैयार होगी नीति
- अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए लखनऊ के तहसील सरोजिनी नगर में मिलेगी 2.3239 हेक्टेयर भूमि

## आगरा में फाइटर जेट मिग-29 दुर्घटनाग्रस्त



आगरा। भारतीय वायुसेना का मिग-29 लड़ाकू विमान सोमवार को आगरा में एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और दोनों पायलटों ने विमान से कूदकर अपनी जान बचा ली। सूत्रों के मुताबिक, मामले में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिये जायेंगे। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में लड़ाकू विमान से आग की लपटें निकलती हुई देखी जा सकती हैं। इससे पहले भारतीय वायुसेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दो सितंबर को राजस्थान के बाड़मेर में तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हालांकि पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर निकल गया और हादसे में किसी की जान नहीं गई थी।

# कनाडा के मंदिर में हिंसा का भारत ने जताया कड़ा विरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हुए उम्मीद जताई कि हिंसा में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में यह भी कहा कि भारत कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित है। यह घटना भारत और कनाडा के बीच बढ़ते राजनयिक विवाद के बीच हुई है। बयान के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम कल ब्रैम्पटन, ओंटारियो में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए।

उन्होंने कहा, हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के कदम धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से नहीं डिगेंगे। खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों की मंदिर में मौजूद लोगों से झड़प हो गई। इसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने घटना की निंदा की और कहा कि प्रत्येक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखंड : खाई में गिरी बस, 36 यात्रियों की मौत

एजेंसी



मार्चुला (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक बस के सोमवार को गहरी खाई में गिर जाने से 36 यात्रियों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस के खाई में गिरने की दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने हादसे पर संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत यात्रियों के आश्रितों को उचित मुआवजा देने और घायलों के इलाज की व्यवस्था किये जाने की मांग की।

उन्होंने बताया कि घायलों में चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने बताया कि गढ़वाल मोटर ओनर्स एसोसिएशन द्वारा संचालित 43 सीटों वाली बस गढ़वाल क्षेत्र में पौड़ी से कल शाम रवाना हुई थी और लगभग 250 किलोमीटर दूर कुमाऊं में रामनगर जा रही थी। यह दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि बस अपने गंतव्य रामनगर से सिर्फ 35 किलोमीटर दूर थी जब यह अल्मोड़ा के मार्चुला क्षेत्र में 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटनास्थल से प्राप्त फोटो हादसे की भयावहता को दर्शाते हैं। वाहन जंगल से घिरे इलाके में चट्टानी ढलान से लुढ़कते हुए क्षतिग्रस्त हो गया और एक नाले से कुछ ही दूरी पर रुक गया। कुछ तस्वीरों में बचावकर्मी यात्रियों को बस से बाहर निकालने का प्रयास करते दिख रहे हैं।

दुर्घटना के बाद पौड़ी एवं अल्मोड़ा के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- चुनाव आयोग ने माना मंत्री कपिल देव का अनुरोध (पृष्ठ-02)
- व्यावसायिक वाहनों के टैक्स पर जुर्माना होगा माफ (पृष्ठ-02)
- रुपया चार पैसे टूटकर 84.11 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- 500 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंचेगा सौर निवेश (पृष्ठ-14)
- म्यूचुअल फंड कंपनियां विदेशी कोष में करेंगी निवेश (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बढ़त मिलती नहीं दिख रही : सर्वेक्षण

# कमला हैरिस व डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर

एजेंसी







वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव संबंधी हालिया सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। हैरिस (60) डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैं और 78 वर्षीय ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।

चुनाव जीतने के लिए किसी उम्मीदवार को निर्वाचक मंडल के 270 वोट की जरूरत होती है। हालिया सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि चुनाव का फैसला सात राज्यों एरिजोना, नेवादा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, उत्तरी कैरोलाइना और जॉर्जिया के नतीजों से होगा। इनमें से मिशिगन और पेंसिल्वेनिया 270 के आंकड़े तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज के सर्वेक्षणों में पाया गया है कि हैरिस उत्तरी कैरोलाइना और जॉर्जिया में ताकत हासिल कर रही हैं, जबकि ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया में उनकी बढ़त का सिलसिला थाम दिया है और एरिजोना में अपनी बढ़त बनाए रखी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सर्वेक्षण बताते हैं कि हैरिस अब नेवादा, उत्तरी कैरोलाइना और विस्कॉन्सिन में मामूली बढ़त पर हैं, जबकि ट्रंप एरिजोना में आगे हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मिशिगन, जॉर्जिया और पेंसिल्वेनिया में दोनों नेताओं के बीच कांटे की टक्कर है। सभी प्रमुख राष्ट्रीय और चुनाव के लिहाज से अहम राज्यों में सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाले रियल क्लियर पॉलिटिक्स ने कहा कि ट्रंप और हैरिस के बीच बराबरी की स्थिति है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण में ट्रंप 0.1 प्रतिशत अंक से आगे हैं, जबकि अहम राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति को 0.9 प्रतिशत अंकों की बढ़त हासिल है।

द हिल के अनुसार राष्ट्रपति पद की दौड़ में कड़ा मुकाबला दिख रहा है और किसी भी उम्मीदवार को स्पष्ट बढ़त मिलती नहीं दिख रही। अपने अंतिम सर्वेक्षण में एनबीसी न्यूज ने कहा कि सर्वेक्षण से पता चलता है कि हैरिस को आमने-सामने के मुकाबले में 49 प्रतिशत पंजीकृत मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है, जबकि ट्रंप को भी इतने ही प्रतिशत यानी 49 प्रतिशत का समर्थन मिल रहा है। समाचार चैनल ने कहा सिर्फ दो प्रतिशत मतदाताओं का कहना है कि वे चुनाव को लेकर अनिश्चितता की स्थिति में हैं।

# फिर खुलेगा 2021 में हिरासत के अन्दर हुई मौत का मामला

जिला संवाददाता

आंबेडकर नगर (उप्र)। जिले की एक अदालत ने 2021 में 36 वर्षीय एक व्यक्ति की हिरासत में हुई मौत के मामले को सुनवाई के लिए फिर से खोलने का आदेश दिया और यह भी कहा कि इसकी जांच अधूरी तथा दोषपूर्ण प्रतीत होती है। इस मामले में आठ पुलिसकर्मी हत्या के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

❍ आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ दर्ज हुआ था हत्या का मामला

अदालत के आदेश पर पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी अकबरपुर को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सुधा यादव की अदालत ने जियाउद्दीन के शव पर मिले गहरी चोट के निशानों का उल्लेख करते हुए पुलिस की इस दलील को खारिज कर दिया कि उसकी (जियाउद्दीन) मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। अदालत ने चार अक्टूबर के अपने आदेश में कहा जियाउद्दीन की उम्र 36 वर्ष बताई गई है तथा अतीत में उसे कोई गंभीर बीमारी होने का कोई साक्ष्य नहीं है, न ही उसके द्वारा शराब या मादक पदार्थ का सेवन किए जाने का कोई उल्लेख है, जिससे उसकी मौत हुई हो। इन बिंदुओं पर पुलिस द्वारा की गई जांच अधूरी और दोषपूर्ण प्रतीत होती है। पुलिस हिरासत में 24 मार्च 2021 को मौत ...शेष पृष्ठ 14 पर

# निवेश की न्यूनतम सीमा 100 करोड़ में 10 प्रतिशत इक्विटी की होगी अनिवार्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) एवं फॉर्च्यून-500 कंपनियों के निवेश से जुड़ी प्रोत्साहन नीति-2023 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। सोमवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस

- यूपी में विदेशी निवेश बढ़ाने के लिए एफडीआई और फॉर्च्यून कंपनी नीति में संशोधन

संशोधन के माध्यम से प्रदेश सरकार ने विदेशी निवेशकों को बड़ी राहत दी है। इसके माध्यम से अब ऐसी विदेशी कंपनियां भी प्रदेश में निवेश कर सकेंगी जो इक्विटी के साथ-साथ कर्ज या किसी अन्य स्रोत से धन की व्यवस्था करती हैं। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में विदेशी निवेश के बढ़ने की संभावना है। मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि एक नवंबर, 2023 को एफडीआई की नीति आई थी, जिसमें थोड़ा संशोधन किया गया है। नीति में अर्हता के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 100 करोड़ रुपये रखी गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा एफडीआई की जो परिभाषा दी गई है, उसके अनुसार अभी तक मात्र इक्विटी में किए गए निवेश को ही एफडीआई में सम्मिलित किया जाता है। नीति में जो संशोधन किया गया है उसमें हमने इसे विदेशी पूंजी निवेश का रूप दिया है।

**कैबिनेट के फैसले**

उन्होंने कहा कि अभी तक एफडीआई के तहत कंपनी के पास अपनी इक्विटी होती थी लेकिन ज्यादातर कंपनियां अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए बाहर से कर्ज के साथ ही दूसरे माध्यमों से भी पैसे का प्रबंध करती हैं। हमने उसको भी अनुमति दे दी है। यदि किसी कंपनी के पास इक्विटी केवल 10 प्रतिशत है और उसने 90 प्रतिशत निवेश राशि की व्यवस्था दूसरे स्रोतों से कर रखी होगी तो हम उसको भी लाभ प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि अब इस नीति को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी पूंजी निवेश और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 तथा फॉर्च्यून इंडिया 500 निवेश संवर्द्धन नीति-2023 कहा जाएगा। विदेशी पूंजी निवेश के रूप में इक्विटी में निवेश करने वाली विदेशी कंपनियों के लिए तरजीही शेयर,



डिबेंचर, बाह्य वाणिज्यिक उधारी, गारंटी पत्र और अन्य ऋण प्रतिभूतियों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अब इस नीति को फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट, फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट एंड फॉर्च्यून ग्लोबल 500 एंड फॉर्च्यून इंडिया 500 इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023 कहा जाएगा। फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट के रूप में इक्विटी में निवेश करने वाली विदेशी कंपनी के लिए प्रिफरेंश शेयर, डिबेंचर्स, एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, स्टैंड बाई लैटर ऑफ क्रेडिट, लैटर्स ऑफ गारंटी व अन्य डेब्ट सिक्योरिटी को भी शामिल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य मोड जो आरबीआई के द्वारा फ्रेमवर्क ऑन एक्सटर्नल कॉमर्शियल बॉरोइंग, ट्रेड क्रेडिट, स्ट्रक्र्ड ऑब्लीगेशंस के अंतर्गत किए गए 100 करोड़ के विदेशी निवेश की गणना के लिए अर्ह होंगे। विदेशी निवेशक कंपनी द्वारा की गई फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट राशि (जिसमें इक्विटी में न्यूनतम 10 प्रतिशत तथा शेष ऋण व अन्य इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से मिलाकर 100 करोड़ रुपए का निवेश) को इस नीति के अंतर्गत पात्र माना जाएगा तथा पूंजी निवेश की गणना में सम्मिलित किया जाएगा। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स रूल्स 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए अथवा सेवानिर्वत्ति के उपरांत ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किए बिना हो जाती है और उसने अपने पीछे कोई परिवार नहीं छोड़ा है और न ही कोई नॉमिनी बनाया है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है जिसके पक्ष में किसी न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पहले कि व्यवस्था में ऐसे व्यक्ति की ग्रेच्युटी की धनराशि सरकार को चली जाती थी।

## विरासत संपत्तियों को पर्यटकों के लिए उपयोगी बनायेगा पर्यटन विभाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य की विरासत संपत्तियों को उपयोगी बनाएगा, ताकि इसकी सुरक्षा-संरक्षण के साथ-साथ राजस्व की भी प्राप्ति हो। इसी क्रम में छतर मंजिल लखनऊ, चुनार का किला मीरजापुर और बरुआसागर किला झांसी को पीपीपी मोड पर विकसित किया जाएगा। कैबिनेट ने सोमवार को इसकी मंजूरी दे दी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन संपदा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। अनुकूली पुनः उपयोग के अंतर्गत निजी निवेश द्वारा प्रदेश सरकार के 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य प्राप्ति की परिकल्पना में मददगार होगा। प्रदेश के प्राचीन तथा विरासत भवनों को एडाप्टिव री-यूज के अंतर्गत सार्वजनिक निजी सहभागिता पीपीपी मॉडल पर हेरिटेज होटल, रिजार्ट, म्यूजियम, माइस एवं टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी आदि पर्यटन इकाई के रूप में विकसित की जाएगी। पहले से तीन परिसंपत्तियों बरसाना जल महल मथुरा, कोठी, रोशन-उद-दौला लखनऊ और शुक्ला तालाब के सन्निकट बारादरी कानपुर को पीपीपी के तहत विकसित किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ में 5.55 एकड़ में स्थित छतर मंजिल,

- होटल, रिजार्ट और म्यूजियम आदि के रूप में नजर आयेंगे छतर मंजिल, चुनार किला और बरुआसागर
- उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में मिली मंजूरी

मीरजापुर जिले में 21.94 एकड़ में स्थित चुनार किला और झांसी जिले में 7.39 एकड़ में स्थित बरुआ सागर किला को पीपीपी मोड पर दिया जा रहा है। इसकी निविदा पूरी हो चुकी है। इन्हें पहले 30 वर्षों, फिर 30-30 वर्षों के लिए दो बार नवीनीकरण किया जा सकेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 90 वर्ष होगी। उन्होंने बताया कि चयनित निविदादाताओं द्वारा विरासत भवन में स्थलों को संरक्षित करते हुए पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को पर्यटकों एवं जन सामान्य के मध्य प्रसारित किया जाएगा। चयनित निविदादाताओं द्वारा स्थानीय विकास और रोजगार सृजन के लिए समीपवर्ती गांव को गोद लिया जाएगा तथा यहां के समुचित विकास हेतु कार्य किए जाएंगे। 25 प्रतिशत स्थानीय नागरिकों को रोजगार दिया जाएगा। मंत्री ने बताया कि ओडीओपी प्रदर्शित करने के लिए मार्ट विकसित किया जाएगा। इसके विरासत सपंत्ति के ऐतिहासिक महत्व को प्रदर्शित करने के लिए डिस्प्ले एरिया भी विकसित की जाएगी, जो कि जन सामान्य के लिए खुला रहेगा। पर्यटकों को यहां स्थानीय व्यंजन भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बागपत जिले में पीपीपी मोड पर योग और आरोग्य केंद्र की स्थापना कराई जाएगी। इसके निर्माण के लिए कैबिनेट ने 68.40 हेक्टेयर भूमि क्रय किए जाने तथा ग्राम सभा की 1.069 हेक्टेयर भूमि को पर्यटन विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित करने की मंजूरी दी है।

## सपा ने दो थानाध्यक्षों को हटाने की उठायी मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को ज्ञापन भेजकर दो थानाध्यक्ष को हटाने की मांग की है। यह ज्ञापन सोमवार को केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र यादव और राधे श्याम सिंह ने सौंपा। ज्ञापन में मुरादाबाद 29-कुंदरकी विधान सभा उप-चुनाव क्षेत्र में पुलिस थाना कुंदरकी के पुलिस थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सेहरावत व पुलिस थाना मैनाठेर के पुलिस थानाध्यक्ष किरनपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से जनपद से बाहर स्थानांतरित कराने की मांग की है ताकि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हो सके ज्ञापन में आरोप लगाया है कि पुलिस थाना कुंदरकी पुलिस थानाध्यक्ष मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें घर से उठा ले जाकर गांव से बाहर सुनसान जगह में प्रताड़ित करते है और मतदान के दिन जनपद से बाहर अजमेर चले जाने के लिए दबाव बनाते है, इंकार करने पर फर्जी मुकदमों में फंसाने, जेल भिजवाने, मकान पर बुलडोजर चलवाने की धमकी दे रहे है।

# शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की दिशा में एक और बड़ी पहल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में सुधारों की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों को मंजूरी दी। इनमें सहायता

- कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा क्षेत्र के कई प्रस्ताव पास

प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए नई स्थानांतरण नियमावली का प्रख्यापन, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर के लिए निःशुल्क भूमि का प्रावधान और उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 में संशोधन का प्रस्ताव शामिल है।

शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए, योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली, 2024 को मंजूरी दी। इससे प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों को अब अपने संपूर्ण सेवा काल में केवल एक बार स्थानांतरण का अवसर मिलेगा और वह भी तीन वर्षों की सेवा के उपरांत। इससे पूर्व, यह सीमा पांच वर्ष थी। यह निर्णय विशेष रूप से उन महिला और दिव्यांग शिक्षकों के लिए राहत लेकर आया है जो अपने परिवार से दूर विभिन्न जिलों में सेवाएं दे रहे थे और स्थानांतरण की कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि इस नियमावली के तहत स्थानांतरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने

**कैबिनेट के फैसले**

के लिए शिक्षकों को अपने महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र और संबंधित विश्वविद्यालय से अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा। अनुमोदित आवेदन को निदेशक, उच्च शिक्षा के पास प्रस्तुत करना होगा। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि शिक्षकों को बिना अनावश्यक देरी के पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से स्थानांतरण का लाभ मिल सके। नई स्थानांतरण नियमावली से महिला और दिव्यांग शिक्षकों को विशेष लाभ मिलेगा जो अपने परिवारों से दूर रहकर सेवा करने को विवश थे। इस निर्णय से उन्हें अपने परिवार के नजदीक कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके कार्यस्थल पर संतोष और शिक्षण में समर्पण बढ़ेगा। योगी सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विवि लखनऊ परिसर के लिए भूमि आवंटन :** योगी सरकार ने लखनऊ में अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के परिसर की स्थापना के लिए कुल 2.3239 हेक्टेयर




भूमि को निःशुल्क प्रदान करने का प्रस्ताव पास किया। यह भूमि ग्राम चकौली, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर, लखनऊ में स्थित है। जिलाधिकारी द्वारा इस भूमि का सर्किल रेट के आधार पर मूल्यांकन 9.29 करोड़ रुपये किया गया है। यह विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष 2000 से 2500 छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करेगा और उन्हें अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषाओं में दक्ष बनाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि यह निर्णय राज्य के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने और विदेशों में नौकरी करने के अवसरों में वृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही सम्पूर्ण देश में जिन संस्थाओं में विदेशी भाषा ज्ञान की आवश्यकता होती है उनमें भी रोजगार के अवसर में सहायक होगा। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि सीमित संसाधनों के बावजूद छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। इस परिसर की स्थापना से राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाई के स्तर में सुधार होगा और छात्रों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

**उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 में संशोधन :** मंत्रिपरिषद ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 में संशोधन को भी मंजूरी दी है। इस संशोधन का उद्देश्य अन्य राज्यों में पंजीकृत सोसाइटी/न्यास/कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने का अवसर प्रदान करना है। इसके अलावाए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी (भारत में विदेशी उच्चतर शिक्षा संस्थानों के परिसरों की स्थापना और संचालन) विनियमए 2023 के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों को राज्य में अपने परिसर स्थापित करने की अनुमति देने का प्रावधान जोड़ा गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह कदम शिक्षकों और छात्रों के लिए नई संभावनाएं लेकर आएगा और राज्य की शिक्षा प्रणाली को अधिक समृद्ध बनाएगा। इस बदलाव से निजी विश्वविद्यालयों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने का अवसर मिलेगा, जो प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा।

**कैबिनेट के फैसले**

## पुलिस महकमे के लिए 338 नये वाहन खरीदने को मंजूरी मिली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस महकमे के लिए करोड़ों की लागत से 338 नए वाहनों को खरीदने की मंजूरी मिल गई है। कुछ समय पहले ही गृह विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव भेजा था। इसमें पीएसी के लिए 25 वाहन और यूपी-112 के लिए 313 वाहन खरीदे जाएंगे। गृह विभाग के प्रस्ताव के मुताबिक यूपी-112 में 175 वाहन बेकार हो गए हैं। इनके स्थान पर नए वाहनों की जरूरत बनी हुई है। कैबिनेट में इन वाहनों को खरीदने के लिए हरी झंडी दे दी गई। इसी तरह इसी कन्ट्रोल रूम में दूसरी श्रेणी के 138 और वाहन निष्प्रयोज्य पड़े हुए है। इनके स्थान पर ही नए वाहन को खरीदना जरूरी बताया गया। इनकी खरीद भी स्वीकृत कर दी गई। इसी तरह पीएसी में कई निष्प्रयोज्य वाहन हटा दिए गए। इनके स्थान पर 25 नए वाहनों को खरीदने की जरूरत बताई गई थी। इन वाहनों को खरीदने का प्रस्ताव भी मंजूर कर लिया गया है।

## शीरा नीति मंजूर, 19 प्रतिशत शीरा देशी मदिर के लिए आवंटित

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए नई शीरा नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत चीनी मिलों के 19 प्रतिशत शीरा देशी मदिरा के लिए आवंटित कर दिया गया है। कैबिनेट के इस निर्णय की जानकारी आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि एक नवंबर से 31 अक्तूबर तक शीरा वर्ष होता है। देशी मदिरा के लिए 19 प्रतिशत शीरे का रिजर्वेशन कर दिया गया है। यह शीरा डिस्टलरियों को दिया जाएगा। इससे देशी मदिरा का निर्माण होगा। आबकारी के कुल राजस्व में देशी मदिरा की बिक्री से होने वाली आमदनी का योगदान 46 प्रतिशत है। नीति में यह भी प्रावधान किया गया है। कि 20 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से विनामयक शुल्क चीनी मिलों से लिया जाएगा। बताते चले कि पिछले शीरा वर्ष में भी 19 प्रतिशत का कोटा निर्धारित किया गया था।

## जेवर के निकट 3706 करोड़ के निवेश से लगेगी सेमीकंडक्टर यूनिट

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सेमी कंडक्टर सेक्टर में वामा सुंदरी इंवेस्टमेंट के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। कंपनी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर के निकट एक विशाल परियोजना स्थापित करेगी। इसमें 3706 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके जरिए 3780 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कंपनी 240000 यूनिट स्माल पैनल ड्राइवर आईसीए डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। कैबिनेट ने सोमवार को आईटी विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस कंपनी का फाक्सकान कंपनी के साथ संयुक्त उपक्रम होगा। 50 एकड़ में यह परियोजना लगेगी। इसके लिए प्रतिदिन 19 हजार केवीए बिजली की जरूरत होगी। 2000 एमएलडी पानी की प्रतिदिन जरूरत होगी। पांच साल के इस निवेश योजना में इस साल 479 करोड़ का निवेश होने जा रहा है।

## व्यावसायिक वाहनों के टैक्स पर लगा जुर्माना होगा माफ, लागू होगी ओटीएस स्कीम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में व्यवसायिक वाहनों का टैक्स न जमा कर पाने वाले मालिकों के लिए राहत भरी खबर है। पहले की तरह इस बार भी कैबिनेट ने परिवहन विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें वाहन स्वामियों के बकाये टैक्स पर लगने वाले जुर्माने को माफ करने को कहा गया था। इसके लिए ओटीएस शुरू की जाएगी। परिवहन विभाग जल्दी ही इसकी तारीख घोषित करेगा। परिवहन विभाग के अफसरों ने कुछ समय पहले ही शासन को एकमुश्त समाधान योजना शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। इस पर मंजूरी मिलने के बाद अफसरों ने बताया कि वाहन मालिकों को बकाये टैक्स पर लगे जुर्माने में छूट दी जाएगी। इससे पहले भी इस तरह से छूट दी जा चुकी है। पिछली बार जब ऐसा हुआ था तब काफी संख्या में वाहन मालिकों ने इसका फायदा उठाया था। परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि जुलाई 2022 में परिवहन विभाग ने पहली बार ओटीएस लागू किया था। उस समय 1000 रुपये जमा करके ओटीएस का लाभ लेने के लिए वाहन मालिकों ने पंजीकरण कराया था। इस योजना में एक अप्रैल, 2020 अथवा उससे पहले जो वाहन आरटीओ कार्यालय में पंजीकृत थे, उन पर अगर टैक्स बकाया था तो सभी वाहनों को जुर्माने में 100 प्रतिशत छूट दी गई थी। परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि टैक्स न देने वाले बकायेदारों की संख्या काफी है। इन्हें विभाग की ओर से टैक्स जमा करने के लिए कई बार नोटिस भेजा जा चुका है। इसके बाद भी इन्होंने टैक्स जमा नहीं किया। एक मुश्त समाधान योजना में ऐसे बकायेदारा अपने टैक्स पर लगे जुर्माने में 100 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं। यह योजना तीन महीने के लिए होगी। इस विकल्प से उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

# भाजपा सरकार ने पूरी व्यवस्था को बर्बाद कर दिया : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने पूरी व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, कानून व्यवस्था के हर मोर्चे पर सरकार फेल है। शासन-प्रशासन अकर्मण्यता का शिकार है। डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के तमाम शहरी इलाके बेहाल हैं।

लखनऊ के अस्पतालों में डेढ़ हजार से ज्यादा बुखार के मरीज भर्ती हैं। लखनऊ में अब तक बड़ी संख्या में लोग डेंगू और मलेरिया की चपेट में आ चुके हैं। साफ-सफाई के अभाव में मच्छर जनित बीमारियां बढ़ती जा रही है। 03 नवम्बर 2024 तक मिले डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 2111 तक पहुंच गया है। लखनऊ में ही प्लेटलेट को लेकर मारामारी है तो अन्य जिलों की स्थिति क्या होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त है। टीबी



जैसे रोग के 86 प्रतिशत मरीज उत्तर प्रदेश में हैं। प्रदेश में 31 अक्टूबर तक 5.59 लाख टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। मलेरिया के जनवरी से अब तक 475 मरीज मिल चुके हैं। सरकारी अस्पतालों के इंतजाम नाकाफी है। लोग मजबूरी में निजी अस्पतालों में जाने के लिए विवश है। मरीजों से निजी ब्लड बैंक मनमानी वसूली कर रहे हैं।

इसी तरह भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था भी चौपट है। भाजपा सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को रसातल में पहुंचा दिया है। सरकारी स्कूलों में लोग अपने बच्चों को नहीं भेजना चाहतें। भाजपा सरकार स्कूलों की व्यवस्था सुधारने के बजाय 27,764 परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का षडयंत्र कर रही है। इससे गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई रूक जाएगी। इसके पीछे भी भाजपा सरकार की साजिश दिखाई देती है। सरकारी स्कूल बंद हो जायेंगे तो अभिभावकों के पास अपने बच्चों को महंगे निजी स्कूलों में भेजने के अलावा कोई रास्ता नहीं होगा।

## मंत्री कपिल देव के अनुरोध को निर्वाचन आयोग ने स्वीकारा

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के मद्देनजर उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव-2024 की तिथि को आगे बढ़ाने का अनुरोध

- मतदान तिथि बढ़ी, कार्तिक पूर्णिमा के दृष्टिगत मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया था अनुरोध

किया था। उनके इस अनुरोध के बाद निर्वाचन आयोग ने निर्णय लिया है कि अब 9 विधानसभा सीटों पर उप निर्वाचन 13 नवंबर के बजाय 20 नवंबर 2024 को होंगे।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने निर्वाचन आयोग को उपचुनाव की तिथि बढ़ाने के निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कार्तिक पूर्णिमा के धार्मिक महत्व का लाभ प्राप्त होगा और मतदान प्रक्रिया भी सुचारू रूप से संपन्न हो सकेगी। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व होता है, जब देशभर से लोग गंगा स्नान, व्रत, पूजा और भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन करते हैं। यह दिन श्रद्धालुओं के लिए अत्यधिक पुण्य प्राप्ति का अवसर माना जाता है। इसी के चलते, श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा से तीन दिन पूर्व ही धार्मिक स्थलों की ओर प्रस्थान कर लेते हैं। विशेष रूप से, गाजियाबाद और मीरापुर विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होने हैं, जहां गढ़मुक्तेश्वर और शुकतीर्थ में विशाल मेले का आयोजन होता है। इससे इन क्षेत्रों में कम मतदान की संभावना थी। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए, चुनाव की तिथि को बढ़ा दिया गया है।

## भाजपा और कांग्रेस चुनावी राज्यों में लुभावने वादों की घोषणाओं में व्यस्त

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि ऐसे समय में जब करोड़ों लोग महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं, दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने तथा महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रचार में रेवड़ी व लुभावने वादों की घोषणाओं में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करने के बजाय, ये दल चुनाव से पहले अपने झूठे प्रचार और वादों के साथ नकारात्मक राजनीति में व्यस्त हैं। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि देश के विभिन्न राज्यों में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की इन दोनों पार्टियों द्वारा जनता से किए गये वादे ईमानदारी से नहीं निभाए जा रहे हैं, क्योंकि इनके वादे होते ही हैं लोगों को गुमराह करने तथा सरकार बन जाने पर उन्हें भुला देने के लिए।

# पशुपालन और पैरापशुचिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के लिए तैयार होगी नीति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैबिनेट ने प्रदेश में पशुपालन और परापशुचिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की नीति तैयार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह पहल ग्रामीण इलाकों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने और पशु चिकित्सा विज्ञान में प्रशिक्षित पैरावेट्स

**कैबिनेट के फैसले**

(पशु स्वास्थ्य कर्मी) की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। इस नई नीति के तहत राज्य में निजी संग सरकारी संस्थानों में पशुपालन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किए जा सकेंगे, जिससे पैरावेट्स को जरूरी प्रशिक्षण और कौशल विकास में सहायता मिलेगी। सरकार ने नीति तैयार करने के लिए पशुधन विभाग के विशेष सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति ने विस्तृत अध्ययन के बाद एक रिपोर्ट तैयार की है जिसके आधार पर राज्य में परा पशुचिकित्सा और पशुपालन से जुड़े कोर्स की नीति बनाई गई है। इस नीति के तहत संस्थानों की सम्बद्धता, पाठ्यक्रमों की एकरूपता और मानक निर्धारण किया जाएगा। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि बेहतर पशु



स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पैरावेट्स के प्रशिक्षण और कौशल में वृद्धि की आवश्यकता को देखते हुए योगी सरकार ने डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। इस नीति के तहत पशु स्वास्थ्य कर्मी को टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा, घावों की देखभाल और पशु स्वास्थ्य सेवाओं के अन्य आवश्यक पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कदम पशुपालन और परा पशु चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करेगा और पशु स्वास्थ्य कर्मी को पेशेवर रूप से सशक्त बनाएगा। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पैरावेट्स की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पशु चिकित्सकों की संख्या सीमित है। पूरे देश में लगभग 34,500 पशु चिकित्सक हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में वर्तमान में मात्र 8,193 पशु चिकित्सक ही उपलब्ध हैं। इस कमी के कारण पशु स्वास्थ्य कर्मी को कई बार टीकाकरण, घावों की पट्टी, प्राथमिक उपचार और देखभाल जैसे कार्यों में पशु चिकित्सकों के पर्यवेक्षण में सहायक भूमिका निभानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य कर्मी को पशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तैयार किया जाता है, लेकिन संसाधनों की कमी और अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण वे कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। प्रमुख पशु चिकित्सा संस्थान से मिलेगी मान्यताप्रदेश में पशुपालन के क्षेत्र में कार्यरत मुख्य संस्थान पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा है। इसके अलावा आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज और सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ भी पशु चिकित्सा महाविद्यालय संचालित कर रहे हैं।

## रालोद ने उपचुनाव तिथि बढ़ाने का किया स्वागत

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रदेश में विधानसभा के उपचुनाव की तिथि 13 नवंबर से बढ़ाकर 20 नवम्बर करने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि निर्वाचन आयोग ने रालोद की मांग को स्वीकार करते हुए जो निर्णय लिया है उससे विधानसभा उपचुनाव में सभी 9 सीटों पर निश्चित रूप से मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। चुनाव आयोग ने यह निर्णय लेकर आम जनमानस की भावना का सम्मान किया है।



ज्ञातव्य है कि 17 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिये गये ज्ञापन में अनिल दुबे ने कहा था कि चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में मीरापुर विधानसभा उपचुनाव की तिथि 13 नवंबर 2024 घोषित की गयी है। इस संदर्भ में आपका ध्यान इस विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल शुक्रताल की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा, जहां प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का बहुत विशाल मेला लगता है। इस मेले में इस क्षेत्र के लाखों किसान गंगा स्नान के लिए पूर्णमासी से पांच-पांच, छह-छह दिन पूर्व अपने परिवार सहित गंगा तट पर डेरों में आकर बस जाते हैं। ज्ञापन में कहा गया था कि इस वर्ष गंगा स्नान का पर्व 15 नवम्बर 2024 को पड़ रहा है और इसी अवधि में मीरापुर विधानसभा का उपचुनाव 13 नवम्बर 2024 को सम्पन्न होगा। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के लाखों किसान और उनके परिवार मतदान करने से वंचित रह जायेंगे। इस स्थिति को देखते हुए इस चुनाव की तिथि 13 नवम्बर के स्थान पर 20 नवम्बर निर्धारित कर दी जाय। जिससे क्षेत्र के किसान अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

## 15 डिपो में मेंटिनेंस का कार्य करेंगी निजी कंपनियां : दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** परिवहन निगम की कार्यशालाओं की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 डिपो के वर्कशॉप को आउटसोर्सिंग के माध्यम से निविदा पर दिए जाने हेतु टेंडर किया गया था। 19 डिपो में से 15 डिपो की निविदा का अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।यह जानकारी परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 15 डिपो में कुल 1255 बसों के लिए दरें तीन रुपए 57 पैसे प्रति किलोमीटर से लेकर 5 रुपए 48 पैसे तक प्राप्त हुई हैस इस निविदा के माध्यम से 15 डिपो वर्कशॉप में बस के मेंटीनेंस का कार्य निजी कंपनियों को दे दिया जाएगास जिसमें मुख्य रूप से श्याम इंटरप्राइजेज, एसडीएल एंटरप्राइजेज, आर.के. ऑटोमोबाइल है।परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर इस निविदा कार्रवाई के सफलतापूर्वक कराए जाने के उपरांत अन्य 100 डिपो का भी मेंटीनेंस का कार्य निजी कंपनियों को सौप जाएगास उन्होंने कहा कि कार्यशालाओं में तकनीकी कर्मचारियों एवं अधिकारियों की कमी के कारण परिवहन निगम में बसों के मेंटीनेंस की समस्या का सामना करना पड़ रहा है स इस निविदा प्रक्रिया से निजी कंपनियों को मेंटीनेंस करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे कि अच्छी गुणवत्ता की बसों की मेंटीनेंस हो सकेगी।

# हाउस टैक्स के बकायेदार 13 भवनों को किया गया सील

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नगर निगम ने गृहकर न जमा करने पर बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को पहले ही दिन 13 बड़े बकाएदारों के प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। हालांकि बकाए की आधी धनराशि वसूल कर शेष धनराशि जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय देकर सीलिंग खोल दी गई। सीलिंग की कार्रवाई से 4,56,000 रुपये की धनराशि वसूल की गई। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के अनुसार नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर सोमवार से यह अभियान शुरू किया गया है।

- नगर निगम की जोनल टीम ने वसूल की 4,56 लाख रुपये वसूले

पहले दिन की कार्रवाई में जोन-1 में सबसे ज्यादा पांच भवन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उसके बाद जोन-2 और जोन-3 में चार-चार भवन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सीलिंग के बाद जोन -1 और 2 में भवन स्वामियों ने देय गृहकर का 50 फीसदी जमा करा दिया, जिसके कारण सीलिंग खोल दी गई। बकाया गृहकर की धनराशि जमा कराने के लिए उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है। जोन-3 में एक दिन का समय दिया गया है। निर्धारित समय में बकाया धनराशि न जमा करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा सैकड़ों बकाएदारों को नोटिस भी जारी किया गया है। बकाया धनराशि न जमा करने पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। जोन-1 में कुल पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें बीएन रोड स्थित मनीष मल्होत्रा के दो भवनों पर, अतुल मेहरोत्रा, गिरीश शंकर पाण्डेय और एहसानुल हक के एक-एक प्रतिष्ठान को सीलिंग कर दिया गया। उपरोक्त सिलिंग की कार्रवाई में आंशिक भुगतान के रूप में तीन लाख रुपये जमा कराए गए। इसी के तहत वार्ड यहियागंज-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस में चार बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की गई। इसमें राम गोपाल गुप्ता, मधु गुप्ता, अजय कुमार जैन और जितेन्द्र/ नरेन्द्र शामिल हैं। इनसे आंशिक भुगतान के रूप में रु. 1,56,000 रुपये जमा कराया गया। जोन-3 के वार्ड महाकवि जय शंकर प्रसाद के अन्तर्गत चार प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। इसमें ऊषा गर्ग, अलीगंज सेक्टर-सी, राकेश वर्मा अलीगंज सेक्टर-डी, भोला शंकर, अहिबरनपुर-1 और सतीश नारायण अग्रवाल अल्कापुरी सेक्टर-सी के भवन शामिल हैं। इन्हें एक दिन का समय दिया गया है।

## अहाना ग्रीन्स के फ्लैटों के रेट 15 नवंबर से बढ़ायेगा नगर निगम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम अपनी आवासीय योजना अहाना ग्रीन्स के फ्लैटों के दाम बढ़ाने जा रहा है। औरंगाबाद खालसा में नगर निगम ने पहली मल्टीस्टोरी आवासीय परियोजना तैयार की है।

15 नवंबर से रिक्त फ्लैटों की कीमत 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद नए रेट पर फ्लैट मिल सकेंगे। इस योजना में 684 आवासीय फ्लैट व 24 दुकानों का निर्माण कराया गया है। फ्लैटों एव दुकानों की बुकिंग मार्च, 2022 से प्रारंभ की गयी थी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया अब तक 406 फ्लैट बिक चुके हैं। इनमें से 86 आवंटियों की रजिस्ट्री भी हो चुकी है जबकि 40 फ्लैटों की रजिस्ट्री प्रक्रिया में है। लेखा विभाग से इनकी फाइल संपत्ति अधिकारी के पास भेजी जा चुकी है।

बता दें कि पहली बार म्यूनिसिपल बांड से मिली 195 करोड़ की रकम से आवासीय योजना का निर्माण किया गया है।

- 684 में से बिक चुके हैं 406 फ्लैट, 10 से 15 प्रतिशत तक बढेंगे दाम

नगर निगम प्रशासन ने अहाना एंक्लेव के फ्लैटों की कीमतें अभी तक नहीं बढ़ायी हैं। एचआईजी के 167 वर्गमीटर के फ्लैट 71 लाख, एमआईजी एक के 92 वर्गमीटर के फ्लैट 39 लाख, एमआईजी 74 वर्गमीटर के फ्लैट की कीमत 31.50 लाख और ईडब्ल्यूएस के 43 वर्गमीटर के फ्लैट की कीमत 18.50 लाख रुपये में पंजीकरण हो रहे हैं। म्युनिसिपल बॉन्ड से प्राप्त धनराशि के क्रम में 17 करोड़ रु प्रतिवर्ष ब्याज के रूप में दिये जा रहे हैं। योजना के कार्यों में देरी से लागत में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।




# बुजुर्ग ने सीएम योगी से लगायी गुहार रविवार को बैंक खोलकर दिलाई मदद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार की सीएम हेल्पलाइन-1076 प्रदेशवासियों की समस्याओं के निस्तारण में अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत मॉनीटरिंग का नतीजा है कि कई मामलों में सीएम हेल्पलाइन के जरिये प्रदेशवासियों की समस्याओं का निस्तारण कुछ ही घंटों में किया जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर के एक बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण में देखा भी गया। इनकी समस्या का निस्तारण कुछ ही घंटों में कर दिया गया। बुजुर्ग की समस्या के निस्तारण के लिए मुख्य सचिव ने संज्ञान लिया तो संडे को बैंक खोलकर बैंक अधिकारियों ने मामले का निपटारा किया और अकाउंट से पैसे निकाल कर दिए जबकि इसके लिए बुजुर्ग काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे। राजधानी के इंदिरानगर स्थित कैलाशपुरी निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पिता सोहनलाल और माता राजेश्वरी का एक बैंक में ज्वाइंट अकाउंट था। कुछ दिन पहले इलाज के दौरान उनकी माता का देहांत हो गया। मुकेश ने बताया कि पिता सोहनलाल को पैसे की जरूरत थी। इस पर वह बैंक गए और पत्नी के देहांत की सूचना के साथ पैसे निकालने के लिए चेक दी। वहीं बैंक अधिकारियों ने ज्वाइंट अकाउंट से पैसे न निकलने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी का देहांत हो गया है, ऐसे में उन्हें कुछ कागजी कार्रवाई करनी होगी, इसके बाद ही ज्वाइंट अकाउंट से पैसे निकल पाएंगे। बुजुर्ग सोहनलाल ने बताया कि बैंक अधिकारियों द्वारा जो भी कागजी कार्रवाई बताई गई, उसे पूरा किया गया। इसके बाद भी पैसे नहीं निकल सके। उन्होंने वजह पूछी तो अधिकारियों ने बताया कि प्रोसेस में समय लग रहा है। इसके बाद सोहनलाल लगातार कई दिनों तक बैंक के चक्कर लगाते रहे, लेकिन पैसे नहीं मिले। इससे परेशान होकर बुजुर्ग ने 26 अक्तूबर शाम को सीएम हेल्पलाइन-1076 पर अपनी समस्या बतायी। साथ ही पैसे की जरूरत की बात कही। इस पर सीएम हेल्पलाइन के अधिकारियों ने उनकी समस्या के जल्द निस्तारण की बात कही। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन पर सोहनलाल की समस्या के बारे में बताया। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को बैंक के जीएम और मैनेजर से संपर्क कर तत्काल समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद बैंक अधिकारियों ने सोहनलाल की समस्या का कुछ ही घंटों में निस्तारण कर दिया, जबकि इसके लिए वह काफी दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे। इतना ही नहीं मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर बैंक अधिकारियों ने रविवार को बैंक खोलकर सोहनलाल को पैसे दिए। इस पर सोहनलाल और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने योगी सरकार की सीएम हेल्पलाइन की तारीफ कर मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

- सीएम योगी से उनके पोर्टल पर गुहार के बाद बुजुर्ग की समस्या का निस्तारण कुछ घंटे में ही हुआ
- छोटे से काम के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे थे बुजुर्ग सोहनलाल

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 173 शिकायतें आईं, 41 निपटीं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में 173 समस्या आया जिसमें 41 समस्या का समाधान मौके पर हो गया। तहसील मोहनलालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 32 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बाकी प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। डीएम सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि जिले के पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायतकर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 11 में से 1 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 29 में से 5 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 27 में से 3 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 83 में से 32 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 23 में किसी भी समस्या का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये। आज जनपद में पुलिस 23, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 2, राजस्व 102, विकास 15, शिक्षा 1, समाज कल्याण 4, चिकित्सा तथा अन्य 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की ऐसे प्रकरण जो तहसील दिवसों और जन सुनवाई में बार बार आते है उनका गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और अगर प्रकरण निस्तारण योग्य है उसको तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि अभियान चलाकर चक मार्गो को चिन्हित करते हुए उनपर यदि अतिक्रमण है तो उनको अतिक्रमण मुक्त किया जाए। साथ ही जिन क्षेत्र में प्लाटिंग चल रही है उसमे सभी लेखपाल अपने अपने क्षेत्र में शासकीय भूमियों को बोर्ड लगाकर सुरक्षित करे। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए गए की अंश निर्धारण के कार्य को तुरंत पूरा किया जाए। अगले 15 दिनों में अभियान चला कर कार्य को पूरा किया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि धारा 24 के लिए कानूनगोवार पैमाईश के लिए प्रतिदिन का रोस्टर प्लान बना कर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही इस रोस्टर प्लान को पुलिस विभाग से भी साझा किया जाए। ताकि पैमाईश के दौरान पुलिस बल प्राप्त करने में असुविधा न हो। इस मौके पर उप जिलाधिकारी तहसील मोहनलालगंज बृजेश वर्मा, तहसीलदार मोहनलालगंज, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जन समस्याओं के समाधान के लिए तय होगी जवाबदेही

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े।

# पिपराघाट से शहीद पथ तक बंधा निर्माण को लेकर आज से होगा सर्वे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमती किनारे निर्माणाधीन ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तीसरे चरण के निर्माण में आ रही सेना की जमीन के चिन्हांकन का काम मंगलवार से शुरू होगा। एलडीए, सेना व सिंचाई विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से पिपराघाट से शहीद पथ तक सर्वे करेंगे। पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधे का निर्माण किया जाना है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली गये एलडीए अधिकारियों के साथ सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में प्रोजेक्ट को हरी झंडी पहले ही मिल चुकी है।

- सैन्य अफसरों के साथ एलडीए की टीम तय करेगी एलाइनमेंट

प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन यूनिट के राजस्व अधिकारी अजित सिंह ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के पार्ट-3 के अंतर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के बीच गोमती नदी के दाहिने तट पर फ्लड इम्बैंकमेंट (बंधा) का निर्माण किया जाना है। जिसकी कुल लंबाई 5.8 किलोमीटर है। इसमें से बंधे का 2.8 किलोमीटर हिस्सा छावनी क्षेत्र में आ रहा है, जिसके लिए लगभग 21.81 हेक्टेयर सैन्य भूमि प्राधिकरण को हस्तांतरित करायी जानी है। इस सम्बंध में तैयार कराये गये प्रस्ताव पर एलडीए के साथ स्थानीय स्तर पर रक्षा संपदा, सेना व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पूर्व में बैठक की गयी थी। जिसमें सभी की सहमति मिलने के बाद प्रस्ताव सैन्य मंत्रालय को प्रेषित किया गया था। बीते 23, सितम्बर को इस प्रोजेक्ट को लेकर दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित सैन्य मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय बैठक हुयी। उच्च स्तर से निर्देश दिये गये कि गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद के मानकों के अनुरूप बंधे के एलाइनमेंट को जितना हो सके नदी की तरफ शिफ्ट किया जाए। जिस पर उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को एक बार पुनः स्थल निरीक्षण करके नये सिरे से एलाइनमेंट तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा सेना के अधिकारियों व स्टॉफ के सुगम आवागमन के लिए बंधे पर निर्धारित स्थानों पर रैम्प व अंडरपास बनाने के निर्देश दिये गये थे। इसी सिलसिले में मंगलवार व बुधवार को प्राधिकरण, सेना व सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर सर्वे कर नये सिरे से एलाइनमेंट तय करेंगे।



## नगर निगम के 12 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**लखनऊ।** नगर निगम में अक्टूबर माह में सेवानिवृत्त होने वाले विभिन्न संवर्ग के 12 कर्मचारियों को विदाई दी गई। सोमवार को आयोजित विदाई समारोह में महापौर सुषमा खर्कवाल ने अंगवस्त्र, धार्मिक ग्रन्थ, नगर निगम का प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में विपिन कुमार उपाध्याय, कर अधीक्षक, रिजवाना पत्नी स्व. सज्जाद हुसैन, पोर्टर, मार्ग प्रकाश विभाग, रजनीश सक्सेना पुत्र स्व. राजा बहादुर, प्रथम श्रेणी लिपिक, लेखा विभाग सहित सफाई कर्मियों में बसंत लाल पुत्र दुलारे, राजेश कुमार पुत्र कुन्दन लाल, दिलीप पुत्र अज्जू लाल, लड्डन पुत्र छुटकऊ, जगदीश पुत्र मोहइय्या, राम प्रसाद पुत्र बसीर, गंगा देवी, मालती और महेश शामिल हैं।

# लोकबंधु सहित अन्य अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सोमवार को अस्पताल कई दिन बाद खुलने के वजह से मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गयी। शहर के ज्यादातर अस्पतालों में मरीजों की संख्या चार गुना से भी अधिक हो गया। लोकबंधु, झलकारीबाई, केजीएमयू, पीजीआई, बलरामपुर, सिविल, समेत दूसरे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ उमड़ आई। सुबह से ही तीमारदार और मरीज लाइन में लगकर पर्चा बनवाने में लगे रहे। मरीजों की सुविधा को देखते हुए अस्पतालों में आभा एप और दूसरे काउंटरों पर अधिक कर्मचारी बिठाकर पर्चे बनवाए गए। खून की जांच, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड के लिए लाइन लगी रही। सबसे अधिक जांचें बुखार के मरीजों से जुड़ी की गईं। हर अस्पताल में खून की जांच सबसे अधिक संख्या में हुईं। लोकबंधु अस्पताल में अपने मां का इलाज कराने आये धर्मेन्द्र ने बताया कि पर्चा बनने में ही घण्टो लग गया। पर्चा बनवाने के बाद डाक्टर ने बिना समय दिये ही जल्दबाजी में दवा लिखकर चलता कर दिया। दवा खाने के बाद कोई असर नही हुआ फिर निजि अस्पताल में मां को दिखाया फिर जाकर आराम मिला। लोकबंधु अस्पताल सीएमएस डॉ मेजर ने बताया कि मरीजों की अधिक भीड़ और उनकी सुविधा को देखते हुए कर्मचारियों, डॉक्टरों ने ओपीडी में देर तक काम किया। किसी मरीज को बिना इलाज के लौटाया नहीं गया। सिविल के सीएमएस डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव व लोकबंधु के सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया छुट्टियों के बाद सोमवार को पूरी तरह से अस्पताल खुला था। अधिक मरीज पहुंचने की संभावना को देखते हुए पहले से ही कर्मचारियों, डॉक्टरों को समय से ओपीडी पहुंचने और इलाज देने के निर्देश दिए गए थे।

# नो प्लास्टिक जोन व जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में मनेगी छठ पूजा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महापर्व छठ पर शुद्धता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सूर्योपासना के इस पर्व पर प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में 'स्वच्छ घाट प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि घाट से लेकर गलियों तक की सफाई व्यवस्था और सुंदरीकरण उत्कृष्ट श्रेणी का बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, स्नान घर, मोबाइल टॉयलेट, पोर्टेबल टॉयलेट, चेंजिंग रूम आदि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने स्वच्छ घाट प्रतियोगिता के तहत घाट को 'नो प्लास्टिक जोन' व जीरो वेस्ट इवेंट में बदले जाने के निर्देश दिए हैं। घाट व धार्मिक एवं पूजा स्थलों पर अर्पण कलश की स्थापना की जाए। साथ ही घाटों पर आवश्यकतानुसार कुशल तैराक, गोताखोर की भी व्यवस्था जन सहयोग के माध्यम से करायी जाये। निगरानी के लिए कर्मचारी एवं अधिकारियों की रोस्टरवार ड्यूटी लगायी जाए।

- घाट व धार्मिक व पूजा स्थलों पर अर्पण कलश की होगी स्थापना
- निकायों में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता आज से

मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि निकायों में 05 नवम्बर से 09 नवम्बर तक 'स्वच्छ घाट' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत छठ पूजा के लिये घाटों व सभी संपर्क मार्गो पर साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान घाटों के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य तथा पूजा स्थलों पर एलईडी वॉल आदि के माध्यम से स्वच्छता संबंधी संदेशों को दशार्या जायेगा। निकायों की ओर से दिन में न्यूनतम दो बार घाटों की समुचित साफ-सफाई करायी जाएगी। सफाई के समय एकत्र किये गये कूड़े को उसी समय सेनेट्री लैण्ड फिल साइट पर अथवा उचित स्थान पर भिजवाया जाये। उन्होंने निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में एकत्र किये गये कूड़े अथवा सिल्ट को घाट, सड़क पर नहीं छोड़ा जाये। छठ पूजा के घाटों व धार्मिक स्थलों के आस-पास कोई खुला डम्पिंग स्थल, जीवीपी व सीटीयू न हो व ठोस अपशिष्ट का प्रवाह नदियों में न किया जाए। श्रद्धालुओं के लिए घाट के पास स्नान घर, मोबाइल टॉयलेट, पोर्टेबल टॉयलेट, समुचित पेयजल व चेंजिंग रूम की व्यवस्था की जाएगी एवं इससे सम्बंधित संदेश के बोर्ड भी स्थल पर स्थापित कराये जाएंगे। उपयोग के उचित संदेश सहित हरे और नीले रंग के कूड़ेदान को घाटों के आस-पास रखा जाएगा। घाट स्थलों के आस-पास स्वच्छता एवं साफ-सफाई के संबंध में जागरूकता सम्बंधी निदेर्शों को बोर्ड पर भी लगाया जाएगा। पूजा स्थलों की साफ-सफाई, अपशिष्ट संग्रहण हेतु जिलाधिकारी से समन्वय करते हुए उनके निदेर्शों के अनुसार अलग-अलग शिफ्ट में कर्मचारियों व वाहनों को लगाया जाएगा। घाट के आस-पास कचरा संवेदनशील स्थलों की पहचान करते हुए उनकी सुन्दरता के लिए पौधरोपण आदि के माध्यम से सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा।



उन्होंने कहा कि घाटों के आस-पास रेड एवं येलो स्पॉट को चिन्हित करते हुए चेतावनी संदेश स्थापित कराया जाए एवं नजदीकी टॉयलेट की दूरी भी दशार्यी जाए। निकायों की ओर से घाट व पूजा स्थलों के आस-पास स्टॉल की स्थापना की जायेगी, जिससे जिंगल व छोटे वीडियो आदि तथा संबंधित वार्ड की स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति व अन्य चयनित ब्रांड एम्बेसडर्स की ओर से वार्ता के माध्यम से हरे कचरे और नीले कचरे के पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक, स्वच्छ सर्वेक्षण फीडबैक व अन्य स्वच्छता सम्बंधी नागरिक दायित्वों के लिए जागरूक किया जाये।

**ड्रोन से होगी सफाई व प्रकाश व्यवस्था की निगरानी :** उन्होंने कहा कि छठ पर्व पर साफ-सफाई कूड़े के उठान व प्रबन्धन तथा मार्ग प्रकाश की व्यवस्था भी कराई जाये। मुख्य कार्यक्रम स्थल, तालाबों, घाटों एवं उनके संपर्क मार्गों, रेलवे व बस स्टेशनों आदि के आस-पास साफ-सफाई व प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाये। निकाय के संबंधित यांत्रिकी विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी स्ट्रीट लाइट्स समुचित रूप से कार्य करें, इनकी मरम्मत, अनुरक्षण व खराब पड़े लाइट्स को बदलने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाये।

**स्वच्छता के प्रति नवाचार गतिविधियों के होंगे आयोजन :** उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति नवाचार गतिविधियों एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम नागरिकों के जुड़ाव के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं की स्वच्छता में भागीदारी से श्रमदान के लिए किया जाये। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के छात्रों से श्रमदान कराते हुए अभियान के अन्तर्गत घाटों के आस-पास साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जागरुकता के लिए रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता आदि करायी जाये। जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित करते हुये सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही व पब्लिक एनाउन्समेंट सिस्टम निकायों के घाटों पर जगह-जगह पर स्थापित किए जाए।

## गुलाबी सर्दी का हुआ एहसास कोहरे से कम हुई विजिबिलिटी

**लखनऊ।** दीपावली के बाद प्रदेश में मौसम बदलने लगा है। अब गुलाबी सर्दी का एहसास होने लगा है। सुबह और शाम को ठंडी हवाओं से मौसम ठंड की सरसराहट महसूस हो रही है। नवंबर के पहले हफ्ते में रातें सर्द और सुबह कोहरे की चादर में लिपट रही है। राजधानी लखनऊ से लेकर गोंडा, अयोध्या, श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच समेत आसपास के तमाम इलाकों में अब ठंडक का एहसास हो रहा है।न

वंबर के पहले हफ्ते से ही मौसम ने करवट बदल ली है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में सुबह और शाम को सर्दी और बढ़ सकती है। पूर्वी यूपी में सोमवार को सुबह कोहरे के चादर में लिपटी दिखाई दी, गोरखपुर और आजमगढ़ में तो कोहरे की वजह से दृश्यता 50 मीटर से कम पहुंच गई। कई जिलों में सोमवार की सुबह विजिबिलिटी इतनी कम थी कि वाहनों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए लाइट जलानी पड़ी। सुबह से प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छा गया जिस कारण गाड़ियों की रफ्तार धीमी हो गई। सबसे ज्यादा कोहरा ग्रामीण इलाकों में रहा जबकि शहरों में थोड़ी राहत है और लोग हेड लाइट को जलाकर अपने गंतव्य की ओर गए। इस बार गर्मी ने अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। दशहरे से शुरू होने वाली ठंडी दिवाली तक भी नही आ सकी।

अचानक शुरू हुई ठंड से लोगों ने गर्म कपड़े निकलने शुरू कर दिए हैं। पछुआ हवाओं के कारण मौसम भी ठंडा हो गया है। ठंड में इस बार सोमवार की सुबह ठीकठाक कोहरा पड़ा। सुबह आठ बजे तक दृश्यता कम रही, जिसकी वजह से वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। दैनिक कामकाज भी प्रभावित हुआ। खासकर ग्रामीण अंचल में कोहरे का ज्यादा असर देखने को मिला।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

**मेट्रो**

# विधानसभा के सामने महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

## लखनऊ पुलिस ने पकड़ा, गाजियाबाद से आई थी महिला, गांव वालों ने किया जमीन पर कब्जा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित विधान सभा के सामने एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया लेकिन हजरतगंज पुलिस की मुस्तैदी के चलते महिला को बचा लिया गया और उसे हिरासत में लेकर घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

लखनऊ में सोमवार सुबह विधानसभा के सामने एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। समय रहते उसको पकड़ लिया गया, जिससे वह खुद को आग नहीं लगा पाई। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर मेडिकल कराने के लिए सिविल अस्पताल ले गई। बताया जा रहा है कि दबंगों ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से महिला नाराज है। विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास करने वाली महिला को हजरतगंज थाना पुलिस ने हिरासत में लिया और मेडिकल के लिए सिविल हॉस्पिटल ले गई।

**आत्मदाह निरोधी दस्ते की सक्रियता आई काम:** विधानसभा के सामने लगभग साढ़े 11 बजे महिला ने प्लास्टिक केन में लाया ज्वलनशील पदार्थ अपने ऊपर डालने की कोशिश की। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद आत्मदाह निरोधी दस्ते ने तुरंत महिला को पकड़ लिया। वहीं हजरतगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया। गांव के ही कुछ लोगों ने महिला की जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसको लेकर महिला परेशान थी पुलिस के मुताबिक महिला का नाम ममता है। वह गाजियाबाद के लोनी देहात की रहने वाली है। गांव में उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। महिला ने इसकी स्थानीय थाने में शिकायत की थी। कार्रवाई नहीं होने पर लखनऊ शिकायत करने आई थी। स्थानीय पुलिस से संपर्क कर मामले की जांच की जा रही है।

## युवक ने किया सुसाइट दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला शव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके मे सरयू एंक्लेव में रहने वाले एक युवक ने रविवार को पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला तथा पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मूलरूप से अयोध्या के रहने वाले स्पर्श गुप्ता (32) अपने दोस्त हितेश सिंह के साथ सरयू एन्क्लेव ए/904 में रहते थे। रविवार को छुट्टी होने के कारण हितेश अपनी पत्नी के साथ बाहर छुट्टी मनाने चले गए। शाम को जब वापस आये तो उसने फ्लैट का दरवाजा नहीं खोला तो वह पत्नी के मायके चली गये। सोमवार की सुबह जब वह फिर आये तो फिर दरवाजा नही खुला तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो देखा कि पंखे से चादर के सहारे लटका हुआ है। शव को उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक ने शराब पी थी तथा इवेंट करवाता था।

## दुबग्गा में बुजुर्ग पुरोहित की सिर कूंचकर हत्या

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा के मौरा खेड़ा गांव में रविवार रात 75 वर्षीय पुरोहित हरि शरण महाराज उर्फ राम शरण शुक्ला के घर में दीवार फांदकर घुसे चार-पांच बदमाशों ने सिर कूंचकर उन्हें मार डाला। खाना देने पहुंची बेटी ने खून से लथपथ पिता को पड़ा देखा तो परिवारीजनों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने हरि शरण को मृत घोषित कर दिया। वारदात में करीबी की भूमिका संदिग्ध है। हरि शरण के तीन से चार मकान थे। एक मकान में पत्नी, बेटी और दामाद रहती हैं। उन्हीं के पड़ोस में वह दूसरे मकान में अकेले रहते थे। वहीं, बेटे अन्य मकान में रहते थे। पुलिस घटना की कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम में मौत का कारण हेड इंजरी आया है। हरि शरण के बेटे उमा शंकर ने बताया कि वह बालागंज के हुसैनबाड़ी में रहते हैं। पिता पुरोहित का काम करते थे। मूल रूप से माल के रहने वाले थे। कई साल पहले पिता ने माल की सारी संपत्ति बेच दी थी। उन्होंने मौरा खेड़ा शिव सिटी में दो मकान बनवाए थे। हुसैनबाड़ी के अलावा एक अन्य मकान खरीदा था। पिता एक मकान में अकेले रहते थे, जबकि मां उर्मिला और बहन रजनी पड़ोस के दूसरे मकान में रहती हैं। रविवार रात करीब 10 बजे मां और बहन खाना लेकर पहुंचीं तो कमरे में पिता खून से लथपथ पड़े थे। यह देखकर दोनों चीख पड़ीं। शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गए। आनन-फानन पिता को ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमाशंकर ने बताया कि चार से पांच बदमाश दीवार फांदकर चोरी के इरादे से घुसे थे। पिता जगते मिले तो उन पर हमला बोल दिया। फिर मरा समझ कर भाग निकले। परिवार में मां और बहन के अलावा भाई विजय शंकर, देव शंकर, गोपाल शंकर और राम लखन हैं। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा ने बताया कि मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर संपत्ति विवाद समेत अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# छठ पर्व को लेकर डीजीपी ने अफसरों को किया अलर्ट

## महिलाओ की सुरक्षा के लिए सादे वस्त्रों में लगाई जाये पुलिस, सक्रिय रहे एण्टी रोमियो स्क्वॉयड

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने छठ पर्व को लेकर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश देते हुए पुलिस अफसरों को अलर्ट किया है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जोनल एडीजी और पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक तथा प्रभारी जनपदो से छठ पर्व को लेकर कहा है कि छठ पर्व के अवसर पर घाटों और पूजा स्थलों तथा नदियों और तालाबों तथा जलाशयों पर महिलाओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पुरूष एवं बच्चे आदि एकत्रित होते है।जिनकी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाय तथा प्रकाश और साफ-सफाई और गोताखोरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सादे वस्त्रों में महिला और पुरूष पुलिस कर्मियों की डियूटी लगायी जाये तथा एण्टी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय रखा जाये। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा है कि

पर्व के दौरान प्रमुख घाटों पर लोग पटाखे इत्यादि भी छुड़ाते है, सुरक्षा के दृष्टिगत अग्नि शमन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय।डीजीपी ने कहा कि छठ पर्व के अवसर पर काफी संख्या में लोगों का ट्रेन व बसों के माध्यम से आवागमन रहता है, जिसके कारण इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में पूर्व से ही कार्य योजना तैयार कर ली जाये तथा रेलवे स्टेशनों एवं बस अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किये जाये।डीजीपी ने कहा कि सार्वजनिक जगहों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की जाये तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाये, जिससे कि आम जनमानस में पुलिस की सक्रियता परिलक्षित हो।

स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रखा जाय तथा असामाजिक एवं अवॉछनीय तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाय एवं अभिसूचना इकाईयों के माध्यम से प्राप्त होने वाली लाभप्रद सूचनाओं के आधार पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सघन मॉनीटरिंग की जाय तथा किसी भी प्रकार के आपत्ति जनक और भ्रामक पोस्टों का तत्काल संज्ञान लेते हुये उनका खण्डन कर कड़ी कार्रवाई की जाये।

# डिप्टी कमिश्नर के फ्लैट में लगी आग, मचा हड़कंप





- 7वीं मंजिल पर खिड़की तोड़कर घुसी दमकल टीम
- शार्ट शर्किट से आग लगने की बात आई सामने

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विभूतिखंड स्थित सूर्या अपार्टमेंट के बंद फ्लैट में आग लग गई। घटना के दौरान घर पर कोई नहीं था। घर से धुआं और लपटें देख लोगों ने दमकल को सूचना दी। फ्लैट बंद होने से दमकल कर्मियों ने खिड़की-दरवाजे तोड़कर 30 मिनट में काबू पा लिया। घर का सारा सामान जल गया है। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है।

आग सूर्या लेक व्यू अपार्टमेंट की 7वीं मंजिल पर 705 फ्लैट में लगी थी। फ्लैट इनकम टैक्स के डिप्टी कमिशनर वेंकेटेश्वर का है। लोगों ने बालकनी से लपटें उठती देखे तो भगदड़ मच गई। जा कर देखे तो बाहर से गेट बंद था। लोगों ने दमकल के साथ डिप्टी कमिशनर को भी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पहुंचे दमकलकर्मियों ने पहले पूरे टावर की लाइट बंद कराई। फ्लैट के दरवाजे को तोड़ा। होज पाइप से आग को बुझाने का प्रयास किया। धुआं भरने के कारण आग बुझाने में दिक्कत आ रही थी। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

फ्लैट मालिक वेंकेटेश्वर ने बताया कि वह फ्लैट बंद कर अपनी पत्नी को बैंक छोड़ने के बाद दफ्तर चले गए थे। घटना उनके जाने के बाद हुई है। उत्र्छ मंगेश कुमार का कहना है कि सभी को टावर की 6वीं, 7वीं, 8वीं और 9वी मंजिल से बाहर निकाल लिया गया था। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आसपास के फ्लैट आग की चपेट में नहीं आए हैं।

## मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर एक लाख ठगे




लखनऊ। इन्दिरानगर में मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर जालसाज ने एक लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित की तहरीर पर इन्दिरानगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। इन्दिरानगर निवासी राजीव कुमार रावत के मुताबिक उन्होंने घर की छत पर टॉवर लगवाने के लिए ऑनलाइन फोन नंबर निकालकर एक कंपनी से संपर्क किया था। जालसाज ने खुद को कंपनी का वकील बताकर विभिन्न मदों के नाम पर एक लाख रुपये ऐंठ लिए। अब आरोपितों से संपर्क नहीं हो पा रहा है।

## टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से उपचुनाव को तारीख बदलने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की 9 विधानसभा पर होने वाले उपचुनाव को लेकर 13 नवम्बर से बढ़ाकर 20 नवम्बर कर दी गयी है। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उपचुनाव की तारीख बढ़ाये जाने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे। पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भाजपा इतनी कमजोर कभी न थी। भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए लिखा कि दरअसल बात ये है कि उप्र में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर उत्तर प्रदेश आये हुए हैं और उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए वोट डालने वाले थे। जैसे ही भाजपा को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खत्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जायें। ये भाजपा की पुरानी चाल है : हारेंगे तो टालेंगे। इस तरह से बयान देकर अखिलेश यादव ने माना जा रहा है कि यह स्पष्ट है कि उनकी उपचुनाव होने वाली सभी विधानसभा पर पकड़ मजबूत हो गयी है और वे भाजपा के प्रत्याशी को हराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## महिला ने पड़ोसी युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला ने पडोसी युवक पर रंजिशन गाली गलौज, छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित कनौसी निवासिनी ने पडोसी युवक विनोद रावत पुत्र सालिक राम पर बीते 1 नवम्बर को रंजिशन उनके संग छेड़ छाड़ करने के साथ के साथ गाली गलौज व धमकी देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। वही पीडिता का कहना था कि आरोपित पडोसी युवक आए दिन उसके संग छेड़ छाड़ करने के साथ गाली गलौज धमकी देता रहता है। जिसके चलते उसने पडोसी आरोपित युवक के खिलाफ स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की है। जिसका विडियो रिकडिग उनके पास मौजूद है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## विवाहित पुरुष ने शादी डॉट कॉम के जरिए रचाई दूसरी शादी

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति पर अपने को अविवाहित बता जीवनसाथी डाट काम साइट के थ्रू धोखाधड़ी कर दूसरी शादी रचा बिजनेस के नाम पर 12 लाख रुपये हडपने सहित पति की पहली पत्नी व ससुरालियों पर गाली गलौज धमकी देने सहित पति की धोखाधड़ी में साथ देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि कानपुर रोड एलडीए कालोनी निवासी रितु तिवारी पुत्री शिवकरन तिवारी के अनुसार दो वर्ष पूर्व वर्ष 2022 जीवनसाथी डाट काम साइट के थ्रू अजय तिवारी पुत्र राम सजीवन तिवारी जीएलएस अरावली होम्स सोहना गुड़गांव हरियाणा निवासी युवक से पहचान हुई थी। उस दौरान उसके पति ने अपनी पहली शादी को छुपाते हुए परिवार में केवल एक बहन होने की जानकारी दी थी आरोप है कि बीते 15 अगस्त को पीडिता के मोबाइल फोन पर आरोपित अजय तिवारी की पहली पत्नी शीला तिवारी ने फोन पर पीडिता संग गाली गलौज करने के साथ उसके पति के जिन्दगी से चली जाने की बात कह जान से मरवा देंगे धमकी देने लगी। वही दूसरी तरफ उसके पति अजय तिवारी ने शादीशुदा होते हुए भी झूठ बोल कर दूसरा विवाह करने के साथ पीडिता से बिजनेस के नाम पर 12 लाख रुपए हडप अपने सारे मोबाइल फोन बंद कर दिया। वही पीडिता का कहना था कि आरोपित पति अजय सहित उसकी बहन बहन प्रेरणा का नम्बर भी बंद आ रहा था। उसी दौरान उसके पति की पहली पत्नी शीला तिवारी के भाई देवेंद्र मिश्रा ने उसे उसके पति के परिवार के बारे में बताया कि उनके परिवार में माता पिता भाई बहन सभी है।उसने अजय के पिता राम सजीवन से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने ने भी पीडिता संग गाली गलौज करने के साथ फोन काट दिया। जिसके चलते उसने अपनी जान के खतरा की आशंका जता पति अजय तिवारी सहित पति की पहली पत्नी शीला तिवारी ससुर राम सजीवन शीला का भाई देवेन्द्र मिश्रा बहन प्रेरणा तिवारी पर धोखाधड़ी कर पैसे के लिए शादीशुदा अजय तिवारी से उसकी शादी करवाने का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सूचना

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र सुनील कुमार को बेजा चाल-चलन व गलत कृत्यों के चलते अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं उसके किसी भी कार्य से अब मेरा और मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं रहेगा। नाम-कृष्ण कुमार पुत्र नकछेद निवासी ग्राम तेतारपुर पोस्ट-बरसण्डा परगना-जगदीशपुर, तहसील नुसाफिर खाना अमेठी।

## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र सचिन कुमार वर्मा को उसके गलत चाल-चलन होने एवं आये दिन लड़ाई झगड़ा करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई सरोकार नहीं होगा। रामेश्वर दयाल पुत्र गयादीन, नि. ग्राम बौधीखुर्द, परगना व तहसील मोहम्मदी जिला खीरी।

# देवर ने मारा-पीटा व जान से मारने की दी धमकी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** थाना बंथरा के हमीरपुर निवासी सुनीता पत्नी अमन शर्मा के मुताबिक 2 नवंबर 24 को समय करीब 7 बजे शाम एक ही घर में रहने वाले मेरे देवर रमन शर्मा पुत्र स्वर्गीय कुंवर पाल एवम उनकी मां माधुरी ईर्ष्यावश हमे और हमारे पति अमन शर्मा को गंदी गंदी गालियां देना शुरू कर दिया ।जिसका विरोध किया तो विपक्षियों में रमन शर्मा और सास माधुरी पत्नी स्वर्गीय कुंवर पाल ने मेरे पति अमन शर्मा को बचाने का प्रयास किया ।इतने में विपक्षियों में रमन शर्मा और माधुरी ने हमे भी गलियां दी और मारा पीटा ।जिससे हमारे पति को काफी चोटे आई है ।इस दौरान विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी दी है ।पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।उधर दूसरे पक्ष ने भी प्रथम पक्ष के खिलाफ आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है।

**पुत्र पर जान लेवा हमले की जांच करने की मांग की :** थाना बिजनौर इलाके मे एक दबंग द्वारा बेटे को बहला फुसलाकर क्षेत्र में ले गए और वहां पर पटाखे का थैला पकड़ा कर उसके ऊपर पटाखे फेंक कर गंभीर रूप से झुलस गया । जिसका इलाज दुबग्गा स्थित देवा हॉस्पिटल में कराया गया ।जहां पर उसका एक हाथ काटना पड़ा ।पीड़ित के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्य वाई किए जाने की मांग की ।थाना काकोरी के दसदोई निवासी वीरेंद्र पुत्र चंद्रिका के मुताबिक 31 अक्टूबर 24 की शाम करीब 7 बजे छोटू यादव पुत्र राम नरेश यादव को की मेरे पुत्र लकी यादव उम्र 16 वर्ष को बहला फुसलाकर ले गए और पटाखे का थैला पकड़ा कर उसके ऊपर पटाखे जला कर फेंके ।जिससे वह बुरी तरह झुलस गया ।जिसमे उसका इलाज के दौरान एक हाथ काटना पड़ा ।लकी के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## नशे में धुत्त युवती ने होटल में कमरा न मिलने पर किया हाई प्रोफाइल ड्रामा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके के पावर हाउस चौराहे पर संचालित निजी ओयो होटल में सोमवार तड़के करीब तीन बजे नशे में धुत्त कमरा लेने पहुंची युवती को रिस्पेप्सन पर बैठे होटल स्टाफ ने कमरा बुक करने से मना कर दिया तो युवती ने अपना आपा खो दिया और होटल में जमकर उत्पात करते हुए तोड़फोड़ करने लगी` होटल कर्मी ने उपद्रव की जानकारी होटल मालिक को देते हुए कंट्रोल नंबर पुलिस को दी` सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने युवती को कस्टडी में लेते हुए होटल मालिक की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित पॉवर हॉउस चौराहे पर रामदास हाता कैंट निवासिनी हेमलता पुत्री जगदीश कुमार का ओयो पंजीकृत होटल संचालित है` सोमवार सुबह होटल में नशे में धुत्त अवंतिका पांडेय नामक युवती ने कमरा न मिलने पर जमकर हंगामा काटा और होटल में तोड़फोड़ शुरू कर दिया तोड़फोड़ के दौरान युवती रिसेप्सन काउंटर समेत होटल में लगे वाईफाई और होटल के मुख्य द्वार का शीशा तोड़ दिया` होटल की सूचना पर मौके पर महिला पुलिस कर्मियों संग पहुंचे थाना प्रभारी ने हंगामा कर रही युवती को कस्टडी में ले लिया` पुलिस के अनुसार होटल मालिक की शिकायत पर युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शांतिभंग की धाराओं में कारवाई की गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**लखनऊ।** थाना बंथरा के खसरवारा निवासी संतराम रावत पत्नी स्वर्गीय नन्हू के मुताबिक 27 अक्टूबर 24 को मेरा पुत्र राम गोपाल उम्र करीब वर्ष घर से समय करीब 7 बजे की शाम पैदल ही जुनाब गंज मोहनलालगंज मार्ग स्थित खसरवारा में ही स्थित दुकानों पर सब्जी लेने गया था ।तभी इसी दौरान गांव की सड़क पर जुनाबगज की और से आ रहे अज्ञात वाहन ने मेरे पुत्र राम गोपाल को टक्कर मार दी ।इस टक्कर में मेरा पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसे घायलावस्था में सरायशाहजदी स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया ।जहां इलाज के दौरान 28 अक्टूबर 24 को मौत हो गई ।मौत के बाद पंचनामा ,पोस्ट मार्टम एवम दाहसंस्कार हो चुका है ।घटना के बाद परिजनों ने अज्ञात वाहन एवम वहां चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है की चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया था।

**ताला तोड़कर मकान में चोरी:** भइया दूज के अवसर पर रविवार को अपने घर गई महिला के मकान में चोरो ने दिन दहाड़े ताला तोड़ कर घर मे रखी जेवरात व नकदी चोरी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से एप्लीकेशन लेकर जांच में जुटी है। मांढर मऊ गांव निवासी पीड़िता कृष्णावती ने बताया कि वह 3 नवम्बर को भैया दूज के अवसर पर गांव गई हुई थी। शाम को जब वापस आई थी तो उसके घर के सभी ताले टूटे हुए थे। महिला का आरोप है कि उसकी अज्ञात चोरों ने 20 हजार की नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस घर मे हुई चोरी का मुकदमा नही दर्ज कर रही है।

# छठ पूजा को लेकर घाट पर सफाई व लाइटिंग व्यवस्था पूरी : राय

## नहाय खाय के साथ आज से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व, छठ पूजा में सीएम योगी सहित तमाम मंत्री व नेता होंगे शामिल



छठ पर्व को लेकर प्रेसवार्ता करते भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय व अन्य पदाधिकारी



पूजा की वेदी के साथ सेल्फी लेती महिलाएं

फोटो-अमित वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** छठ महापर्व की तैयारियां जोरों से शुरू हैं। चार दिवसीय महापर्व 5 नवंबर को नहाय खाय से शुरू होगा जो कि 8 नवंबर को पूजन के साथ सुबह समाप्त हो जाएगा। लक्ष्मण मेला मैदान स्थित शहर के सबसे बड़े छठ घाट स्थल पर इसकी तैयारियों को लेकर पूरा प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। घाट पर इंटरलॉकिंग सफाई, लाइटिंग, गोमती नदी को स्वच्छ करने, जलस्तर बढ़ाने आदि का काम युद्ध स्तर पर हो रहा है।

सोमवार को छठ पूजा को लेकर भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने प्रेसवार्ता का आयोजन किया और बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी एवं अधिकारीगण छठ पूजा घाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट लखनऊ पर उपस्थित होकर छठ पूजा को कैसे भव्य और दिव्या मनाया जाए उसमें भोजपुरी समाज के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। छठ घाट की तैयारी से सबंधित सभी कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। जो थोड़े बहुत कार्य बचे भी हैं वह भी आज शाम तक पूर्ण हो जाएंगे। पूरे छठ घाट पर सफाई की व्यवस्था, लाइटिंग की व्यवस्था आदि अन्य कार्य भी जोरों शोरों से चल रहा है। 7 नवंबर को सायंकाल 4 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ छठ घाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट, लखनऊ पर आकर अर्ध देंगे। उनके साथ ही केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, सूर्य प्रताप शाही, भूपेंद्र चौधरी, धर्मपाल, स्वतंत्र देव महापौर सुषमा खर्कवाल, वरिष्ठ भाजपा युवा नेता नीरज सिंह, आनंद द्विवेदी महानगर अध्यक्ष भाजपा लखनऊ आदि अन्य सम्मानित अतिथिगण छठ पूजा कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ कलाकार आ रहे हैं जो 7 नवंबर को दोपहर 2:00 बजे से 8 नवंबर को सुबह 7 बजे तक लगातार 18 घंटा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

भगवान सूर्य की पूजा आदिकाल से होते आ रही है। पहले बिहार में ही छठ पूजा का शुरूआत हुआ। धीरे-धीरे पूरी दुनिया में छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। भोजपुरी के लोग जहां भी गए अपनी बोली भाषा, संस्कृति को वहां तक ले गए। इस समय आधी दुनिया में छठ पूजा मनाई जा रही है। छठ पूजा भगवान सूर्य की पूजा है। साक्षात सूर्य भगवान देव हैं। उनकी पूजा करने से व्यक्ति निरोगी रहता है। सभी महिलाएं अपनी पति, पुत्र की दीघार्यू होने के लिए व्रत करती हैं। छठ पूजा में जितना भी सामग्री का प्रयोग किया जाता है सब 6, 12, 24 की संख्या में रहती है। छठ पूजा सामाजिक समरसता एवं स्वच्छता का प्रतीक है। समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ खड़े होकर भगवान सूर्य की पूजा करते हैं। प्रेस वार्ता के विशेष अवसर पर अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह, राष्ट्रीय सचिव वेद प्रकाश राय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष हनुमान यादव, प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम रतन यादव आदि अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

**5 को नहाय खाय से शुरुआत:** छठ पूजा 5 नवंबर दिन शुक्रवार को खाय नहाए से शुरू होगा। 6 नवंबर को खरना होगा। उसके बाद 7 नवंबर को मुख्य पूजा शाम को अर्घ्य देकर शुरू होगी जो कि 8 नवंबर को उदयमान भगवान भास्कर सूर्य को अर्घ्य देकर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

**सजाती रहीं सुशोभिता:** पूर्वांचल के लोगों ने गोमती किनारे विभिन्न घाटों पर पूजा की वेदियां सजाईं। दिनभर परिवार के लोग छठ मेला घाट, झूलेलाल वाटिका, कुड़ियाघाट और मनकामेश्वर मंदिर घाट पर सुशोभिताओं को सजाते देखे गए। सुशोभिता सजाने आई महिलाओं ने बताया कि व्रत में पंचमी से सप्तमी तक तीन दिन उपवास किया जाता है।

**छठ माई के गीतों से गूंजे घाट:** छठ माई के गीतों से गूंजते घाट, अपने पुत्र की लंबी आयु के लिए पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देती महिलाएं, हजारों की संख्या में सिर पर फलों की टोकरी लेकर आते लोग यह नजारा गुरुवार को देखने को मिलेगा। शाम 5 बजे के बाद धीरे-धीरे सूर्यदेव अस्तांचल की ओर बढ़ेंगे और नदी में खड़ी सुहागिन महिलाएं उन्हें अर्घ्य देने के साथ पुत्र की दीघार्यु की कामना करेंगी।

**18 लाख लोग छठ पूजा में शामिल होंगे:** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि शहर में जिला प्रशासन व नगर निगम की ओर से लखनऊ में होने वाले छठ पूजा के लिए करीब 110 जगह चिन्हित की गई हैं, जहां पर बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष इकट्ठा होकर पूजन करते हैं। प्रभुनाथ का दावा है कि लखनऊ में करीब 18 लाख लोग इस साल छठ पूजा में शामिल होंगे। बहुत जगह पानी की व्यवस्था नहीं है। वहां पर लोग अपने घरों या अगल.बगल के पार्कों में गड्ढा खोदकर उसमें पानी डालकर छठ पूजा करते हैं। उसके लिए भी नगर निगमए जल संस्थान से मांग की गई है कि पानी की उपलब्धता कराई जाए।

**सुरक्षा से चाक चौबंद रहेगा घाट:** छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन, नगर निगम, एलडीए के अलावा पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी रखेगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस भी अधिक संख्या में तैनात रहेगी। उसके अलावा फायर पुलिस दमकल के साथए जल पुलिस व एसडीआरएफ के कर्मी स्टीमर, रस्से, बड़ी टॉर्च आदि के जीवन रक्षक उपकरणों के साथ लैस होंगे। इसके अलावा घाट तीसरी आंख की नजर में रहेगा। इसके लिए एक दर्जन जगह से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। पार्किंग की व्यवस्था व यातायात के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस भी प्लॉन तैयार कर चुकी है। लोगों के लिए हेल्थ एटीएम, चिकित्सा शिविर आदि व्यवस्था भी की जा रही है।

**चार दिन तक ये खाते हैं व्रती:** यह पर्व चार दिनों का है। भैयादूज के तीसरे दिन से यह शुरु होता है। पहले दिन सेंधा नमक, घी से बना हुआ अरवा चावल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ली जाती है। अगले दिन से उपवास आरंभ होता है। व्रति दिनभर अन्न-जल त्याग कर शाम करीब 7 बजे से खीर बनाकर, पूजा करने के उपरान्त प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिसे खरना कहते हैं। तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य यानी दूध अर्पण करते हैं। अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य चढ़ाते हैं। जिन घरों में यह पूजा होती है, वहां भक्तिगीत गाए जाते हैं। अंत में लोगों को पूजा का प्रसाद दिया जाता हैं।

**क्या है पूजन विधि:** छठ पूजा के लिए नदी या तालाब किनारे मिट्टी से सुशोभिता बनाई जाती है। फलों को सुपली या डलिया में 6, 12 या 24 की संख्या में रखें। इसमें आप संतरा, अन्नास, गन्ना, सुथनी, केला, अमरूद, शरीफा, नारियल, साठी के चावल का चिउड़ा, ठेकुआ शामिल कर सकती हैं। मंगलवार को दूध, शहद, तिल और अन्य द्रव्य से डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दें। इसके बाद सुशोभिता की पूजा करें। मिट्टी की बनी कोसी में पूजा सामग्री रखकर उसपर चननी ताने। बुधवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का समापन करें और प्रसाद सभी को बांटे।

**अर्घ्य देने का तरीका:** अस्ताचलगामी सूर्य को तीन बार अर्घ्य दिया जाता है। रात्रि जागरण के पश्चात उगते हुए सूर्य को इसी तरह अर्घ्य प्रदान किया जाता है। पति-पुत्र या ब्राह्मण अर्घ्य दिला सकते हैं। इनके न रहने पर व्रती महिलाएं खुद भी यह काम कर सकती हैं। इसके बाद वे गीले आंचल से ही अपने बच्चों के शरीर को पोंछती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उनके बच्चों को चर्म से संबंधित रोग नहीं होता।

## शहर में चार दिनों तक रहेगा हर्षोल्लास का माहौल

लखनऊ। लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरूआत 5 नवंबर को नहाय-खाय से हो रही है। 6 को खरना, 7 को निर्जल उपवास के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और 8 को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। भैया दूज के तीसरे दिन छठ पर्व मनाया जाता है। सूर्य षष्ठी व्रत वर्ष में दो बार कार्तिक और चैत्र महीने में होता है। इनमें कार्तिक का छठ पर्व बहुत खास है। छठ पूजा पर्व में व्रत, उपवास, उपासना पूजा, अर्घ्य, उपयोग की जाने वाली वस्तुओं की पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। दीपावली पर हुई साफ.सफाई के बाद इस पर्व में भी घर और रसोई आदि सफाई की जाती है। पर्व के दौरान निर्मित भोजन व प्रसाद में लहसुन, प्याज आदि वर्जित होते हैं। लोक परंपरा के अनुसार छठ व्रत रोगों से मुक्ति, संतान के सुख और समृद्धि में वृद्धि के लिए रखा जाता है। पर्व के चारों दिनों में हर्षोल्लास का माहौल रहता है। सूर्यास्त एवं सूर्योदय पर अर्घ्य के दौरान नदी एवं तालाब के किनारे मेले जैसा माहौल रहता है। व्रती महिला के साथ घर के सभी सदस्य भी पूजा स्थल पर पहुंचते हैं और व्रती महिला से आशीर्वाद लेते हैं। नदी और तालाबों के किनारे दीपों की शृंखला देखते ही बनती है। चारों ओर सूर्य षष्ठी या मां छठ के गीतों से वातावरण गुंजायमान रहता है। इस पूजा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष इसकी सादगी, पवित्रता, भक्ति एवं अध्यात्म है। इस दिन महिलाएं समीप के नदी या तालाब पर जाकर स्नान करती है और उसके बाद घर पर आकर कद्दू और चावल पकाती हैं। इसे कद्दू भात कहते हैं। छठ पर्व का दूसर दिन खरना है। इस दिन व्रती महिलाएं उपवास करेंगी। शाम को पूजा करने के बाद व्रत का पारण करेंगी। तीसरे दिन महिलाएं निर्जल उपवास रखती हैं। महिलाएं सूर्यास्त के समय जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान करती है। पर्व के चौथे दिन सूर्योदय के समय अर्घ्य देकर पारण किया जाता है और माता षष्ठी देवी को विदा किया जाता है।

## छठ पूजा : पूजा सामग्री से सजने लगे लखनऊ के बाजार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर शहर के बाजार सजकर तैयार हो चुका है। इंदिरानगर, निशातगंज, पत्रकारपुरम बाजार में महिलाएं दउरा, मिट्टी के बर्तन कलश, घैला, दीया, ढकना, सुपा, सुपली, नारियल सहित अन्य सामान की खरीदारी शुरू कर दी।

राजधानी लखनऊ में सोमवार को सड़क किनारे छठ से संबंधित दुकानें सजने लगी। बांस से बने सूप 60-70 रुपये प्रति पीस बिक रहा है। चूल्हे की कीमत 100-150 रुपये के बीच है। दुकानदार ने बताया कि सूप और दउरा की कीमतों में इस साल पिछले साल की तुलना में इजाफा हुआ है। सूप जहां 45 से 60 रुपए प्रतिपीस बिक रहा है। वहीं दउरा की कीमत उसके आकार और बनावट के आधार पर तय है। दउरा 150 से लेकर 200 पीस तक बाजार में उपलब्ध है। छठ पूजा में मिट्टी के हाथी का विशेष महत्व है। ऐसे में बाजार में सुंदर-सुंदर मिट्टी के हाथी की बिक्री खूब हो रही है। इसके अलावा मिट्टी के चूल्हे की कीमतों में भी वृद्धि देखी जा रही है। वहीं मंडियों में कच्ची हल्दी, कच्चा अदरक, कच्चा नारियल, कच्चा केला, आंवला, सीताफल, मूली हर चीज से बाजार गुलजार है। यहां आपको बताते चले कि इस बार छठ पूजा 7 नवंबर और 8 नवंबर को है। जिसको लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।





# अगले साल फिर मिलने के वादे के साथ भारत महोत्सव विदा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अगले साल फिर मिलने के वादे के साथ प्रगति भारत महोत्सव 2024 आज सम्पन्न हो गया। समापन दिवस पर अपार भीड़ हमारे सम्मानित स्टॉल धारक पूरे महोत्सव में अपनी सेवाएं देने वाले सैंकड़ों कर्मयोगी, 12 दिन सांस्कृतिक मंच पर अपने जलवे बिखरने वाले सम्मानित कलाकारों को सम्मानित किया गया।

प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान 12 दिन चलने वाले प्रगति भारत महोत्सव 2024 में धनतेरस, दीपावली, भैया दूज कई राज्यों से आए हुए हमारे स्टॉल धारकों और महोत्सव में पधारे प्यारे दर्शकोंके के साथ सभी पर्वों को मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रगति भारत महोत्सव 2024 में जहां लोक कला, लोक संस्कृति की विरासत को हमने सहेजने में कोई कोर कसर नहीं रखी, वहीं तमाम उभरते हुए कलाकारों को सांस्कृतिक मंच प्रदान करके उनके टैलेंट को निखारने करने का अच्छा अवसर प्राप्त हुआ। इस मौसम में कई नए प्रकार के झूलों ने प्रथम बार महोत्सव की रौनक बढ़ाई, वहीं फूड जोन, नाबार्ड सहित तमाम सरकारी और गैर सरकारी स्टालों की मौजूदगी रही। सांस्कृतिक मंच से प्रत्येक दिन जहां उत्कृष्ट कवियों ने अपनी रचनाओं से सब का मन मोह लिया वहीं दूसरी तरफ लखनऊ के बेहतरीन हॉस्पिटलों के योग्य डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क कैंपस लगाकर महोत्सव में बहुत कुछ अलग कर दिखाया। चित्रकला, गायन, नृत्य, रंगोली, मिस्टर एंड मिस डांडिया फैशन शो जैसे बहुत सारे प्रतियोगी कार्यक्रम इस महोत्सव में संपन्न हुए। प्रगति भारत महोत्सव के अंतर्गत संपन्न हुई नवरस गायन प्रतियोगिता के निर्णय मंडल में शामिल होने वाले जजेजः डॉ जया श्रीवास्तव, ओंकार शंखधर, अविजित श्रीवास्तव, सीमा विरमानी, प्रशांत स्वरूप और आद्या श्रीवास्तव रहे। प्रथम स्थान पर अद्विका श्रीवास्तव, शुभी राजपूत, रमन श्रीवास्तव; द्वितीय स्थान पर युविका पांडेय, आशीष रावत, सुशील सिंह राठौर; तृतीय स्थान पर शरण्या, हिमांशु, चंदन रैतानी रहे। प्रगति भारत महोत्सव मंच पर सुर ताल संगम के प्रमुख पदाधिकारियों एवं कलाकारों का शानदार प्रदर्शन किया। डॉ जया श्रीवास्तव सत्यम शिवम सुंदरम, अविजित श्रीवास्तव आदियोगी और आयत की तरह, नृत्य प्रस्तुतियों में मनीष त्रिपाठी, सपना सिंह, विकास अवस्थी, आरोहिणी चौधरी, शान और साहिल का योगदान रहा। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट द्वार अयोजित प्रगति भारत महोत्सव 2024 में मिस एंड मिस्टर भारत 2024-25 का आयोजन हुआ जिसमें लगभाग 50 से ज्यादा प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। मॉडलिंग में चयनित कलाकारों के नाम साक्षी सिंह, सोनम, कंचन शर्मा, संयुक्ता सिंह, वंशिका सिंह, मान्या, शिव मिश्रा, क्रिजीत गुप्ता आदि।



# आम आदमी के मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती पुस्तक 'तेरे मेरे ईर्द गिर्द'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आम आदमी के मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती पुस्तक 'तेरे मेरे ईर्द गिर्द' पुस्तक वर्तमान समय के कुछ प्रमुख मुद्दों पर विचारों की एक श्रृंखला है। इस पुस्तक में कुछ समसामयिक मुद्दों पर विचार को आलेख के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इस पुस्तक में लेखक ने आम आदमी से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर चिंतन मनन किया है। यह सभी मुद्दे आम आदमी के जीवन यापन को प्रभावित करते हैं। लेखक ने इस पुस्तक में अपने विचारों के माध्यम से कहा है कि आज तकनीक के इस दौर में हम सिर्फ.अपनी भौतिक सुख सुविधाओं की पूर्ति पर ही ध्यान न दें बल्कि साथ साथ ही साथ मानवीय चेतना के विकास पर भी अमल करें।

पुस्तक में लेखक ने जहाँ एक ओर नागरिकों से समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही है तो वहीं दूसरी ओर सरकार एवं समाज से भी निवेदन किया है कि आम आदमी को उसके अधिकारों से वंचित न रखा जाए। वर्तमान में कौन सी खबर कितनी सच है यह तय कर पाना भी एक कठिन कार्य हो गया है। फेक न्यूज का जाल अपने पाँव पसार रहा है; लेखक ने पाठकों से यह अपील की है की वह फेक न्यूज से सतर्क रहें और किसी भी खबर को आगे बढ़ाने से पहले उसकी पुष्टि करें। आज डिजिटल युग में प्रतियोगी परीक्षाओं से लेकर प्रत्येक कक्षा के हर विषय से सम्बंधित ई-बुक एवं नोट्स, वीडियो लेक्चर सभी कुछ इंटरनेट पर उपलब्ध है। जिस वजह से अब छात्र पुस्तकों से भी अपनी दुरी बनाने लगे हैं। पुस्तक में लेखक ने छात्रों द्वारा पुस्तकें न पढ़ने अथवा कम पढ़ने के दूरगामी प्रभावों के बारे में भी बताया है। इस पुस्तक के आलेख में लेखक ने जहाँ एक ओर मुफलिसी में गुजर बसर कर रहे किसान, मजदूर के संघर्ष एवं उसकी सिसकियों को उजागर किया है तो वहीं दूसरी ओर प्राइवेट शिक्षक की पीड़ा को भी बताया गया है। पुस्तक में कुछ अन्य मुद्दे जैसे रोजगार, कमजोर पड़ती पत्रकारिता, बढ़ता हुआ निजीकरण एव उसके परिणाम, मतदाता के तौर पर भारतीय नागरिक, नैतिक मूल्यों का हनन, महंगी शिक्षा मानवीय चेतना के विकास के महत्व, तकनीकी शिक्षा, सोसल मीडिया आदि पर एवं कुछ अन्य विषयो पर आदि पर आलेख के माध्यम से रौशनी डाली गई है। जब आप इस पुस्तक को पढ़ेंगे तो आप पाएंगे कि यह सभी मुद्दे आपसे जुड़े हैं और आपके ईर्द गिर्द ही हैं। जिनका हल कही न कहीं आप भी ढूंढ रहे हैं या ढूंढ़ना चाहते हैं। एक स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ जीवन शैली के लिए इन सभी मुद्दों पर चिंतन मनन करने की जरूरत है। इनका उचित समाधान ढूंढ़कर समाधान की दिशा में उपयोगी कदम उठाने की जरूरत है।

# भोजपुरी फिल्म 'राजाराम' का टाइटल ट्रैक रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की अपकमिंग फिल्म 'राजाराम' का टाइटल ट्रैक 'जय श्रीराम' रिलीज हो चुका है। खेसारी की इस फिल्म में वो भगवान राम के अवतार में नजर आनेवाले हैं। उनकी इस फिल्म 'राजाराम' का टाइटल ट्रैक 'जय श्रीराम' 'सारेगामा हम' भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

भोजपुरी सिनेमा के फैन्स को खेसारी की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस टाइटल ट्रैक को लोगों ने काफी पसंद किया है और एक दिन में ही ये करीब 5 लाख व्यूज क्रॉस कर गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'राजाराम' को छठ पूजा के अवसर पर 7 नवंबर को रिलीज किया जाना है। यहां ये भी बता दें कि खेसारी की इस फिल्म का इससे पहले भी दो गाना रिलीज हो चुका है, जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया। इस गाने में 'चुम्मा-चुम्मा' और 'चॉकलेटी सड़िया' शामिल हैं, जो 'सारेगामा हम भोजपुरी' के यूट्यूब चैनल के साथ-साथ सभी म्यूजिक स्ट्रीमिंग एप्स पर भी मौजूद हैं। फिल्म 'राजाराम' के टाइटल ट्रैक की बात करें तो इसमें भगवान श्री राम की स्तुति और भक्ति की झलकियां हैं। गाने में खेसारी लाल यादव एक आम शख्स और भगवान के अवतार में भी नजर आ रहे हैं। इस टाइटल ट्रैक में आयुष आनंद की आवाज है। गाने के बोल के साथ-साथ इसका म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी ने तैयार किया है। बता दें कि इस गाने में खेसारी लाल यादव के साथ आयुष आनंद और सपना चौहान भी हैं। बताते चलें कि इस फिल्म का निर्माण टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले हुआ है। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के अलावा सपना चौहान, आयुष आनंद, विनोद मिश्रा, दीपक सिंह, केके गोस्वामी जैसे एक्टर्स हैं। ये फिल्म अगले हफ्ते छठ पर 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# इस महीने होने वाला है सात ग्रहों की चाल में परिवर्तन, 7 राशियों के लिए होगा शुभ



### ये ग्रह बदलेंगे अपनी चाल

- 7 नवंबर गुरुवार को दिन में 3 बजकर 39 मिनट पर शुक्र धनु राशि में प्रवेश करने वाले हैं
- 10 नवंबर रविवार को रात 11 बजकर 31 मिनट पर छाया ग्रह राहु उत्तरा भाद्रपद में गोचर करेंगे
- इसी दिन इसी समय केतु उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र में गोचर करेंगे
- 16 नवंबर शनिवार को सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर ग्रहों के राजा सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे
- 28 नवंबर गुरुवार को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर गुरु ग्रह रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे

### नवंबर में मार्गी और वक्री होने वाले ग्रह

- 15 नवंबर शुक्रवार को शाम को 7 बजकर 51 मिनट पर शनिदेव मार्गी हो जाएंगे
- 26 नवंबर मंगलवार को शाम 8 बजकर 11 मिनट पर बुध ग्रह वक्री चाल चलना शुरू करेंगे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्योतिष शास्त्रों की गणना के अनुसार नवंबर माह में सात ग्रहों की चाल में बदलाव होने वाला है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों के चाल में बदलाव को बहुत प्रभाव महत्वपूर्ण माना गया है। और इसका सभी राशियों पर प्रभाव पड़ता है। यह प्रभाव सकारात्मक और नकारात्मक दोनों हो सकते हैं और किसी के राशिफल में अच्छा तो किसी के राशिफल में बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।

**मेष राशि:** मेष राशि के जातकों को ग्रहों के प्रभाव से करियर, नौकरी और व्यापार में नवीन अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आय में वृद्धि संभव है। नौकरी में तरक्की मिल सकती है और व्यवसाय में विस्तार के योग हैं।

**मिथुन राशि:** बुध ग्रह से शुभ प्रभाव से मिथुन राशि के जातकों को व्यापार में लाभ हो सकता है। गुरु की कृपा से आय के नए साधन बन सकते हैं। काम में स्थिरता प्राप्त होगी।

**सिंह राशि:** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय लाभकारी हो सकता है। कारोबार के लिए की गई यात्राएं सफल साबित हो सकती हैं। नई योजनाएं सफल हो सकती हैं और आया में इजाफा संभव है। नौकरी में बदलाव से बेहतर भविष्य बन सकता है।

**तुला राशि:** ज्ञान और बुद्धि की मदद से आय के नए साधन प्राप्त कर सकते हैं। नौकरी वाले जातकों स्थिरता प्राप्त होगी। परिवार के सदस्यों से पूरा सहयोग मिलेगा और प्रेम संबंध बेहतर होंगे।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के जातकों को निवेश से लाभ मिल सकता है। व्यापार में भी लाभ इनकम बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन में सुख बढ़ेगा और धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी।

**धनु राशि:** धनु राशि के जातकों के लिए अच्छा समय आने वाला है। व्यापार में लाभ से आय बढ़ सकती है। नौकरी में बेहतर भविष्य बन सकता है। दोस्तों और परिजनों के साथ संबेध बेहतर होंगे।

**कुंभ राशि:** इस राशि के जातकों के संबंध बेहतर होने वाले हैं। इससे पारिवारिक और व्यवसायिक दोनों ही जीवन में फायदा होगा। सामाजिक जीवन में पद और प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। सेहत बेहतर होने से राहत अनुभव कर सकते हैं।

# न्यू जलपाईगुड़ी, लुधियाना व उधना के लिए चलेगी विशेष ट्रेन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए 04695 न्यू जलपाईगुड़ी-लुधियाना पूजा विशेष गाड़ी का संचलन न्यू जलपाईगुड़ी से 04 नवम्बर दिन सोमवार को किया गया।

04695 न्यू जलपाईगुड़ी-लुधियाना पूजा विशेष गाड़ी 04 नवम्बर दिन सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी से 10.00 बजे प्रस्थान कर बारसोई, कटिहार, खगड़िया, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, दूसरे दिन सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट एवं ढंडारी कलां होते हुए लुधियाना 16.55 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी/साधारण कुर्सीयान के 08, शयनयान श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित चेयरकार के 02 तथा एल.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 04693 जयनगर-लुधियाना पूजा विशेष गाड़ी 05 नवम्बर को को जयनगर से 10.05 बजे प्रस्थान कर दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा, सीवान, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, दूसरे दिन मनकापुर, गोंडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद, रूड़की, सहारनपुर, अम्बाला कैंट, सरहिन्द एवं ढंडारी कलां होते हुए लुधियाना 17.20 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 12, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 08 जनरेटर सह लगेजयान का 01 एवं एलएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। इसी क्रम में09019/09020 उधना-भागलपुर-उज्जैन अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 04 नवम्बर को तथा भागलपुर से 06 नवम्बर को 01 फेरे के लिये किया जायेगा। 09019 उधना-भागलपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 04 नवम्बर को उधना से 11.15 बजे प्रस्थान कर सूरत, सायन, भरूच, बड़ोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, दूसरे दिन संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, बनारस, गाजीपुर सिटी, छपरा, तीसरे दिन सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, किऊल, अभयपुर, जमालपुर एवं सुल्तानगंज होते हुए भागलपुर 07.00 बजे पहुंचेगी। 09020 भागलपुर-उज्जैन अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 06 नवम्बर को भागलपुर से 10.00 बजे प्रस्थान कर सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, किऊल, बरौनी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, गाजीपुर सिटी, बनारस, दूसरे दिन प्रयागराज, मानिकपुर, सतना, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना तथा संत हिरदाराम नगर होते हुए उज्जैन 20.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 20, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## एडीजी रेलवे ने चारबाग स्टेशन का किया निरीक्षण

- छठ पर्व को लेकर स्टेशन पर भारी भीड़ को देखते हुए चलाया चेकिंग अभियान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** छठ पर्व पर अपने गन्तव्य जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ इन दिनों स्टेशनों पर उमड़ रही है। इसी के मद्देनजर चारबाग रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एडीजी रेलवे प्रकाश डी व एसपी रेलवे ने अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीजी जीआरपी ने प्लेटफार्म पर जीआरपी अफसरों के साथ मुआयना किया। उन्होंने स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरपीएफ के साथ समन्वय बनाकर यात्रियों की सुरक्षित निकासी के निर्देश दिये। एडीजी रेलवे ने चारबाग स्टेशन व लखनऊ जं. का निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारयों के साथ भी भीड़को सुरक्षित निकासी के लिए बैठक की। उन्होंने एसपी रेलवे को निर्देश दिये कि चारबाग रेलवे स्टेशन व लखनऊ जं. के प्रत्येक प्लेटफार्म पर जीआरपी बल की तैनाती के साथ उनकी संख्या बढ़ाई जाये। प्रयास किया जाये कि स्टेशन परिसर में केवल टिकट धारी यात्री ही प्रवेश करें और प्लेटफार्म पर ट्रेन आने के समय यात्रियों को नियंत्रित करते हुए ट्रेनों में प्रवेश करायें। यूपी डीजीपी प्रशांत कुमार के आदेश के बाद लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर चलाया गया चेकिंग अभियान। जीआरपी और आरपीएफ ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर चलाए संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान सभी प्रवेश व निकास द्वार की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गयी। इस दौरान बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी मौजूद रहा।

## लविवि में ट्रॉयल मैच को लेकर तिथि बदली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में लखनऊ विश्वविद्यालय एथेलेटिक एसोसिएशन की ओर से विभिन्न खेलों के ट्रायल मैच का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक खेल में भारी से भारी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। इन ट्रायल मैच में चुने गये खिलाड़ी नार्थ जोन/ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। क्रीड़ा परिषद् के महामंत्री प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि विभिन्न खेलो में पूर्व से घोषित कुछ खेलों के ट्रायल मैचों की तिथियों में बदलाव हुआ है, जिसमें फुटबॉल (मेन) जो कि पूर्व में 07 नवंबर को होना था अब वह ट्रायल मैच 18 नवंबर को होगा एवं हॉकी (मेन और वुमेन) ट्रायल मैच 9 नवंबर को होना था जो कि अब 11 नवंबर को होगा, इसी तरह हैंडबॉल (मेन) का ट्रायल मैच 5 नवंबर को होना था जोकि अब 11 नवंबर को होगा और महिला हैंडबॉल जोकि 6 नवंबर को होना था अब 12 नवंबर को होगा।

## लविवि में प्रो. रोली बनीं एडिशनल प्रॉक्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों परिसरों के 26 शिक्षकों को सोमवार को नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें मुख्य परिसर में इकोनॉमिक्स विभाग की प्रो. रोली मिश्रा को एडिशनल प्रॉक्टर बनाया गया। वहीं, दूसरे परिसर में विधि विभाग के मो. अहमद को एडिशनल प्रॉक्टर बनाया गया है। इसी तरह दूसरे परिसर के विभिन्न विभागों के शिक्षकों को सहायक प्रॉक्टर बनाये गये हैं।

## मीसा गांव में कल से होगा मेला व कबड्डी महाकुंभ

गोसाईंगंज। मीसा गांव में मेला व कबड्डी महाकुम्भ 2024 का उद्घाटन बुधवार को किया जाएगा। इसका उद्घाटन मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार रावत के द्वारा किया जाएगा। मेले के आयोजक ग्राम प्रधान व प्रधान संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार (जीतू) ने बताया कि यह आयोजन गांव में हर वर्ष किया जाता है। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही कबड्डी महाकुंभ का आयोजन भी किया जाता है। इसमें आसपास के गांवों के अलावा अन्य कई प्रदेशों की कबड्डी की टीमें भाग लेती है। दो दिन खेले जाने वाले कबड्डी के मैचों में जीतने वाली टीमों को आकर्षक उपहार भी दिए जाते है।

## एनईआर से 18 रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, लखनऊ के बहुउद्देशीय हाल में आज सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी सतीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा 18 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भाव भीनी विदाई देते हुए समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सहायक मण्डल कार्मिक अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीघार्यु की कामना की। इस अवसर पर एन.ई.रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मण्डल के मण्डल मंत्री आर.एन.गर्ग व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सीएमएस छात्र आज निकालेंगे चरित्र निर्माण मार्च

लखनऊ। सीएमएस के लगभग 3000 मेधावी छात्र कल, 5 नवम्बर, मंगलवार को प्रातः 8.15 बजे से विशाल चरित्र निर्माण मार्च निकाल रहे हैं। सीएमएस छात्रों का यह विशाल मार्च गोमती नगर विस्तार स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से शुरू होगा और सीएमएस के गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम पहुंचकर मेधावी छात्र सम्मान समारोह में परिवर्तित हो जायेगा। यह जानकारी स्कूल के हेड, कम्युनिकेशंस ऋषि खन्ना दी है। उन्होंने बताया कि स्कूल छात्रों के इस विशाल मार्च का उद्देश्य भावी पीढ़ी में चारित्रिक उत्कृष्टता एवं नैतिक उत्थान का अलख जगाना है, साथ ही समाज को यह संदेश देना है कि समाज के रचनात्मक विकास के लिए एकता व शांति ही एकमात्र विकल्प है। छात्रों के इस विशाल मार्च में कई गणमान्य हस्तियों के अलावा स्कूल के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्य उपस्थित रहेंगी। मार्च का नेतृत्व स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन करेंगी।

## भाजपा महानगर में सक्रिय सदस्यता का सत्यापन जारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान अवध क्षेत्र सह संयोजक नीरज सिंह और लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की देखरेख में सोमवार को हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता सत्यापन सह अधिकारी ने जमा हुए सक्रिय सदस्यता फार्मों का सत्यापन का काम किया गया।

भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं में सक्रिय और प्राथमिक सदस्यता को लेकर उत्साह है। सदस्यता अभियान पार्टी के विस्तार और मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता ने एक विधानसभा सीट पर 50 प्राथमिक सदस्य बनाकर 100 रुपये सदस्यता शुल्क के साथ सक्रिय सदस्यता फॉर्म भरकर मंडल अध्यक्ष के पास जमा किए गए थे। जिनके सत्यापन के बाद उनको सूचीबद्ध किया जा रहा है। सक्रिय कार्यकर्ता ही मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे। साथ ही उन्हें आने वाले समय में पार्टी के लिए काम करने के अवसर भी मिलेंगे।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि पिछली बार लखनऊ महानगर में 2433 सक्रिय सदस्य बने थे लेकिन इस बार पुरानी सक्रिय कार्यकर्ताओं के नवीनीकरण के साथ ही बड़ी संख्या में और नये सक्रिय बन रहे हैं। अभी तक लखनऊ महानगर में 4826 से अधिक सक्रिय सदस्यों के फार्म का सत्यापन का काम किया जा चुका है, जिसमें एक फार्म निरस्त हुआ और तीन फार्म अपूर्ण पाये गये। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि फॉर्म सत्यापन कार्य में महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक तोमर, सौरभ वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनायक पाण्डेय, अनुराग साहू, चंद्र प्रकाश अवस्थी, रणविजय उपस्थित रहे।

## गोसाईगंज धाम में श्रीराम कथा आज से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



पंडित उमा शंकर व्यास जी

**गोसाईंगंज।** गोसाईगंज में श्रीराम कथा का इक्कीसवां अनुष्ठान पांच नवंबर से शुरू होगा और 11 नवंबर तक चलेगा। 12 नवंबर को भंडारा भी होगा। पहले दिन युग तुलसी राम किंकर शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। राम कथा अनुष्ठान की तैयारी जारी है।

गोसाईगंज में पिछले 20 वर्षों से श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन होता आ रहा है। गोसाईगंज धाम के शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में युग तुलसी श्रीराम कथा समिति गोसाईगंज द्वारा धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में युग तुलसी ब्रह्मलीन पद्मभूषण पंडित रामकिंकर जी महाराज के मुख्य शिष्य पंडित उमाशंकर व्यास जी के द्वारा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा की जाती है। इस वर्ष श्रीराम कथा अनुष्ठान पांच नवंबर से 11 नवंबर तक चलेगा। युग तुलसी ब्रह्मलीन पंडित रामकिंकर जी महाराज के जन्म शताब्दी वर्ष के चलते 21वाँ अनुष्ठान बहुत ही भव्य होगा। युग तुलसी श्रीराम कथा समिति के अध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी ने बताया। गोसाईगंज के शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में होने जा रहे श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ अनुष्ठान की तैयारियां जारी है। अरविंद गुप्ता, अभिषेक वर्मा, महेंद्र दीक्षित, ज्ञानेंद्र सिंह, मोहित हिन्दू, विक्की मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, सुधाकर वर्मा, सुशील शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा और दीपक कश्यप सहित अन्य श्रद्धालु युग तुलसी श्रीराम कथा समिति के प्रशांत त्रिपाठी, अशोक कुमार गुप्ता, सतीश जायसवाल, कृष्णदीप गुप्ता, गोसाईगंज चेयरमैन निखिल मिश्रा, राजेंद्र कुमार वर्मा बाबूजी और सौरभ मिश्रा सहित अन्य सदस्य और सहयोगी श्रद्धालु अनुष्ठान की तैयारी में लगे हैं। 12 नवंबर को दिल्ली के पंकज मिश्रा अनुष्ठान स्थल पर दोपहर दो बजे से सुन्दर कांड का पाठ करेंगे। उसके बाद भंडारा होगा।

## अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अग्रिम मिश्रा सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कक्षा-8 के प्रतिभाशाली छात्र अग्रिम मिश्रा ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स कम्पटीशन में 8वीं ऑल इंडिया रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है।



इस शानदार प्रदर्शन के लिए अग्रिम को प्रशस्ति पत्र, मेडल, ट्राफी एवं 1500 रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी स्कूल के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## हर जिले में दो विद्यालयों की छात्राओं को किया जायेगा प्रशिक्षित

- एक केजीबीवी, एक खेल' योजना से 82,120 बालिकाओं को खेल में निपुण बनायेगी योगी सरकार
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू इस योजना की सफलता के बाद पूरे प्रदेश में होगा विस्तार
- राष्ट्रीय स्तर पर चमकेगी छात्राएं खेल में बना सकेंगी स्थान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में पढ़ने वाली 82,120 बालिकाओं की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास तेज कर दिया है। सरकार इस उद्देश्य को 'एक केजीबीवी, एक खेल' योजना लागू कर साकार करेगी।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में इस योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय में एक विशेष खेल का चयन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस योजना से बालिकायें खेल में निपुण होने के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास भी प्राप्त करेंगी, जिससे वे समाज में एक सशक्त पहचान बना सकेंगी। प्रदेश के केजीबीवी में बालिकाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उभारने के उद्देश्य से 'एक केजीबीवी, एक खेल' योजना लागू की गयी है। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े और वंचित समुदायों की बालिकाओं को खेल के क्षेत्र में विशेष कौशल देना है। इसके तहत प्रत्येक विद्यालय में एक विशेष खेल का चयन किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को खेल विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रत्येक जिले के दो केजीबीवी में शुरू की जाएगी और सफल होने पर इसे अन्य विद्यालयों में भी विस्तार दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य केजीबीवी में अध्ययनरत छात्राओं को खेलों में प्रशिक्षित कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

**विद्यालय में गठित होगी खेल समिति:** प्रत्येक विद्यालय में एक खेल समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें वार्डन, व्यायाम शिक्षिका, खेल प्रभारी और दो खिलाड़ी छात्राएं होंगी। यह समिति छात्राओं की रुचि और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर एक खेल का चयन करेगी। चयनित खेल में प्रशिक्षण देने के लिए योग्य महिला प्रशिक्षक नियुक्त की जाएगी। आवश्यकतानुसार, बाहरी खेल प्रशिक्षकों की सहायता भी ली जा सकेगी।

**विशेष प्रशिक्षण और स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष ध्यान:** योजना के अंतर्गत, खेल गतिविधियों के संचालन के लिए एक निर्धारित समय सारिणी होगी, जिसमें प्रशिक्षक छात्राओं को खेल की बारीकियां सिखायेंगे। बेहतर स्वास्थ्य के लिए पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे, जिसमें छात्राओं को आहार, पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी समय-समय पर किया जाएगा।

**समाज और विभागीय सहयोग लिया जाएगा:** पूर्व राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी बुलाकर छात्राओं को प्रेरित किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को स्थानीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अलावा, विद्यालयों में खेल प्रतियोगिताओं के दौरान सम्मानित नागरिकों और विभागीय अधिकारियों को आमंत्रित कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया जाएगा।

**खेल संघों और कॉर्पोरेट समूहों से भी लिया जाएगा सहयोग:** योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खेल संघों के साथ कॉर्पोरेट समूहों से भी सहयोग लिया जाएगा। कॉर्पोरेट समूहों की मदद से छात्राओं के लिए आवश्यक खेल सामग्री और अन्य सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध करायी जायेंगी।

**बालिकाओं का विशेष स्थानांतरण और अभिभावकों की ली जाएगी सहमति:** चयनित छात्राओं को विशेष खेल प्रशिक्षण देने के लिए तीन महीने तक नोडल केजीबीवी में रखा जाएगा। इस दौरान उनके रहने, खाने और प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था होगी। इसके बाद, छात्राओं को उनके मूल केजीबीवी में वापस भेज दिया जाएगा। छात्राओं के स्थानांतरण से पूर्व उनके अभिभावकों से सहमति ली जाएगी।

## राजभवन में मना मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह



लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा मध्य प्रदेश के लोक कला, गायन एवं नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कलाकारों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की तथा मध्य प्रदेश की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, पर्यटन स्थल, वन्यजीव, नदियों और विश्वविद्यालयों पर चर्चा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कई ऐसे स्थल हैं, जहां लोक कलाओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने के कार्य किये जा रहे हैं। धार्मिक महत्व वाले स्थलों जैसे पंचमढ़ी और उज्जैन के महाकालेश्वर का उल्लेख करते हुए उन्होंने भोपाल के जनजाति म्यूजियम की भी चर्चा की, जो आदिवासियों द्वारा संचालित है। उन्होंने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व को बाघों के संवर्धन के लिए अद्भुत बताया और रीवा जिले में एशिया के सबसे बड़े सोलर प्लांट की स्थापना के प्रधानमंत्री के प्रयासों को अद्वितीय बताया। राज्यपाल ने मध्य प्रदेश की महत्वपूर्ण नदी नर्मदा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि इस नदी को राज्य में माता की संज्ञा दी गयी है। नर्मदा नदी चार राज्यों को पेयजल के साथ-साथ बिजली, पर्यटन और रोजगार उपलब्ध करवाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपने संस्मरणों को साझा किया। उन्होंने मध्य प्रदेश के पिछड़े और आतंक प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं एवं नई पीढ़ी को अनिवार्य शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आपराधिक प्रवृत्तियों में कमी आएगी। मध्य प्रदेश को उन्होंने हरा-भरा, दर्शनीय तथा पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण राज्य बताया। इस अवसर पर राजभवन में मध्य प्रदेश की संस्कृति, खानपान, संगीत, तीर्थ स्थल एवं महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी एवं रंगोली को राज्यपाल ने देखा। समारोह में मध्य प्रदेश राज्य पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य की स्थापना से लेकर लोक संस्कृति, महत्वपूर्ण स्थल तथा अद्यतन विकास को दशार्या गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा, डॉ. पंकज एल. जानी, विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल, अशोक देसाई व राजभवन के अधिकारीगण व कर्मचारीगण समेत मध्य प्रदेश से आये विभिन्न गणमान्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को अपनी राय खुलकर व्यक्त करने की आजादी दे विवि : आनंदीबेन

- राज्यपाल ने एकेटीयू के नैक मूल्यांकन के लिए प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की
- विवि को विद्यार्थियों से निरंतर फीडबैक लेने के दिये निर्देश
- साथ ही दुर्लभ प्राचीन पुस्तकों में हमारी परम्परा और संस्कृति का ज्ञान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) के लिए दाखिल की जाने वाली सेल्फ स्टडी रिपोर्ट (एसएसआर) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय की तैयारी, आत्म मूल्यांकन और रिपोर्ट की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गयी।

राज्यपाल ने रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए विश्वविद्यालय को निर्देशित किया कि रिपोर्ट में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश हो और इसे उच्च गुणवत्ता के साथ प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि रिपोर्ट में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शोध कार्यों, शिक्षण की गुणवत्ता और छात्र कल्याण के प्रयासों को सही तरीके से दशार्या जाए।

राज्यपाल ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय निरंतर छात्रों से फीडबैक ले और उन्हें अपनी राय एवं समस्याओं को खुलकर व्यक्त करने की आजादी प्रदान करे। यदि छात्र किसी प्रकार की नकारात्मक टिप्पणी या शिकायत करते हैं, तो उन शिकायतों को तुरंत हल करने और उनके ग्रीवांस दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। यह कदम विश्वविद्यालय की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि छात्रों को नैक और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा बनाते हुए उन्हें सक्रिय रूप से सहभागी बनाया जाये। उन्होंने विश्वविद्यालय से प्रत्येक गतिविधि के लिए उचित कैप्शन के साथ फोटोग्राफ्स संकलित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने विश्वविद्यालय को कैंपस के बाहर जाकर गतिविधियों का आयोजन करने, लाइब्रेरी में दुर्लभ पुस्तकों को संरक्षित करने और छात्रों को उनका अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा इन दुर्लभ पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाने का निर्देश दिया और कहा कि इनमें हमारी प्राचीन परंपरा और संस्कृति का ज्ञान छुपा हुआ है।

उन्होंने विश्वविद्यालय को कोरोना काल के दौरान किए गए सामाजिक कार्यों को रिपोर्ट में शामिल करने, छात्रों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराने के लिए नालंदा विश्वविद्यालय जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराने, मेंटर-मेंटी के माध्यम से छात्रों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के साथ ही विश्वविद्यालय को अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करने और छात्रों को खेलो इंडिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का भी निर्देश दिया।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी गतिविधियों का परिणाम ध्यानपूर्वक रिकॉर्ड किया जाए। इसमें छात्रों के एनरोलमेंट, ड्रॉपआउट दरों में कमी और संस्थागत डिलीवरी के आंकड़ों का रिकॉर्ड शामिल होना चाहिए। उन्होंने संस्थागत डिलीवरी को बढ़ावा देने के लिए भी विश्वविद्यालय को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय, विश्वविद्यालय के नैक टीम के सदस्यगण व अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

संक्षेप

## शिवाघाट का एडीएम और एएसपी ने लिया जायजा

**कुशीनगर।** सेवरही उपनगर के शिवाघाट पर महापर्व छठ को लेकर एडीएम और एएसपी कुशीनगर द्वारा स्थलीय जायजा लिया गया। वही साथ चल रहे मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सोमवार को नगर पंचायत सेवरही के सटे शिवाघाट पर आगामी 07 नवंबर को लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर एडीएम कुशीनगर वैभव मिश्रा व एएसपी रितेश कुमार सिंह द्वारा स्थलीय जायजा लिया गया। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित इंतजाम को लेकर एडीएम व एएसपी ने साथ चल रहे मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने घाट पर आने वाले छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु गहरे पानी को लेकर बेरेकेडिंग, साफ सफाई, पथ प्रकाश के इंतजाम, छठव्रतियों के वस्त्र बदलने के लिए चेंजिंग रूम सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने की बात कही।

वही नगर अध्यक्ष श्रीमती सोनिया त्रिभुवन जायसवाल ने आश्वस्त कराते हुए कहा कि व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं की जाएगी तथा इस बार शिवाघाट का सजावट भव्य रूप से किया जाएगा।

इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद्र, अधिशासी अधिकारी सेवरही उत्तम वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, सभासद संतोष वर्मा, अजय गुप्ता, प्रमोद कुमार, पप्पू जायसवाल आदि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शुचिता और पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निस्तारणः डीएम



जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील सभागार में डीएम व एसपी के देख-रेख में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा लगभग सुबह 11.30 बजे जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया।

जिसमे जिला उद्यान अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया तथा फाजिलनगर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गैरहाजिर मिलें। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित लोगों का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। हालांकि बाद में कुछ अधिकारीगण विलंब से उपस्थित हुए।

सोमवार को डीएम व एसपी द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया। अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध , गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ निस्तारण हो जाना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये।

राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 14 में से 05 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 05, विकास विभाग से संबंधित 04 तथा अन्य विभाग के 09 प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 32 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 27 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

समाधान दिवस में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कसया परितोष मिश्रा, एसडीएम न्यायिक कसया अनिल कुमार यादव, बीएसए राम जियावन मौर्य, डीडीओ कल्पना मिश्रा, डीसी मनरेगा राकेश, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार धर्मवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ कसया एवं थानाध्यक्ष गण, पूर्ति निरीक्षक, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## 57 शिकायतों में 6 का ही समाधान



**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने देवरिया सदर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की और प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और उनकी संतुष्टि सुनिश्चित करना है, ताकि वे किसी भी सरकारी सेवा या कल्याणकारी योजना से वंचित न रहें।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभार्थीपरक योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरुस्ती जैसे मामलों का तत्काल और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रह जाए।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने की। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि हर शिकायत पर मौके पर जाकर प्रभावी कार्रवाई करें और यह सुनिश्चित करें कि पीड़ित को न्याय मिले। सदर तहसील में आयोजित इस सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 53 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से सबसे अधिक 30 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जबकि 10 पुलिस विभाग, 5 विकास विभाग, और 8 अन्य विभागों से जुड़ी थीं। इनमें से 6 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 47 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया, जिसमें निस्तारण की दिशा में तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना अपना दल एस का स्थापना दिवस



**देवरिया।** अपना दल के स्थापना दिवस पर केंद्रीय मंत्री और अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने कहा कार्यकताओं के अथक प्रयासों की बदौलत अपना दल का राज्य और केन्द्र की सरकार में प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि आपकी बदौलत ही 13 विधायक और एक सांसद पार्टी के हैं। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन पार्टी के जन्मोत्सव है। पार्टी के निर्माण का जश्न है। पार्टी के गठन का भी यह पर्व है। और आज का यह दिन हमारे उन सभी कार्यकताओं को विचारधारा के अनुयायियों को पार्टी के समर्थकों और शुभचिंतकों को समर्पित करती हूं। जिन्होंने अपने त्याग तपस्या एयर कठोर परिश्रम से एक छोटे से पौधे को जिसका रोपण 1995 में आज ही के दिन हुआ था। उसे इतने वर्षो में एक विशाल वटवृक्ष के रुप में तब्दील कर दिया है। आप सबको आज अपना दल का ये जन्मोत्सव समर्पित है। आज के इस दिन पार्टी के मजबूत इमारत के हर उस नींव के पत्थर को भी शीश झुकाकर नमन करती हूं। जिन्होंने इस इमारत को बुलंदी प्रदान करने का काम किया है। आज का यह महत्पूर्ण दिन पार्टी के इतिहास के पन्ने पलटने का भी दिन है। अपना दल की उत्पत्ति क्यों हुई। कैसे हुई और किन सामाजिक परिस्थितियों में हुई, उसे पुनः स्मरण कराने का भी दिन है। अपना दल का उद्देश्य क्या है। विचार क्या है। इतनी लंबी यात्रा में चुनौतियां क्या आईं। भविष्य की दिशा क्या होगी उसे भी याद करने का दिन है। अपना दल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि जो डा सोनेलाल पटेल जी कहा करते थे-सम्पूर्ण व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम है माध्यम। अपना दल ने सामाजिक न्याय के विचारधारा को लेकर लम्बे समय तक संघर्ष किया है। जो कहती है कि विधायिका न्यायपालिका, कार्यपालिका और मिडिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। अपना दल समता मूलक समाज की स्थापना के लक्ष्य को लेकर गठित हुआ और आगे बढ़ा।इसके पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलन किया और महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उत्साही अपना दल की महिला और पुरुष कार्यकताओं ने माला पहना कर स्वागत किया। पोस्टर वार पर बात करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि चल रहा है। अपना दल पार्टी सभी लोगों की भलाई की बात करती है। अन्य विपक्षी दल किसी की भी बात नहीं करते हैं। इस दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ता और नेतागण उपस्थित रहे।

## दीवानी न्यायालय में 08 नवंबर को छठ पर्व पर अतिरिक्त अवकाश घोषित

**देवरिया ।** जनपद न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह ने बताया है कि सचिव/मंत्री, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, देवरिया के प्रस्ताव द्वारा यह कहा गया है कि 07 व 08 नवंबर को छठ पर्व मनाया जाएगा। 08 नवंबर, दिन शुक्रवार को छठ पूजा के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित किए जाने का अनुरोध किया गया है ।प्रशासनिक आदेश के तहत 07 नवंबर को छठ पूजा के लिए पहले ही स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है। उसी क्रम में 08 नवम्बर को भी छठ पर्व पर अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन दीवानी न्यायालय, देवरिया के समस्त न्यायालय एवं कार्यालय बंद रहेंगे।

## 50 मकानों को तोड़कर बनाया जा रहा देवरिया बाईपास

**देवरिया ।** देवरिया बाईपास से प्रभावित किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान मे पड़री चौराहा एवं बैतालपुर बरारी मोड़ पर किसानों का धरना आज भी चौदहवां दिन जारी रहा। पड़री चौराहे पर चल रहे धरना की अध्यक्षता प्रभावित किसान हरिलाल यादव ने की। किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि भगवतीपुर बरारी में एक विवाह भवन को बचाने के लिए 50 मकान के ऊपर से देवरिया बाईपास सड़क बनाने के लिए एलाइनमेंट चेंज किया गया जिससे करीब 50 मकान दुकान प्रतिष्ठान टूटने वाले हैं । एक तरफ मुख्यमंत्री जी बार-बार अपनी सभाओं में कह रहे हैं मकाने नहीं टूटेगी भले ही फोरलेन की सड़क को चेंज करना पड़े मगर वही अधिकारियों के मिली भगत से एक विवाह भवन को बचाने के लिए घोर अन्याय किया जा रहा है धरना में मुख्य रूप से, नूरआलम, राजनाथ यादव, हरिलाल यादव, वीरेन्द्र यादव, राजन कुमार, सुधीर चौहान, ध्रुव नारायण चौहान, धनंजय सिंह, हरिशंकर गुप्ता, जलालुद्दीन, कृष्णा सोनी, प्रदीप यादव, दीपचंद्र गुप्ता इत्यादि किसान शामिल रहे ।आज दिनांक 04/10/2024 को बैतालपुर बरारी मोड़ पर किसानों का क्रमिक धरना चौदहवें दिन भी जारी रहा। धरने में मुख्य रूप से *श्री सुयश मणि त्रिपाठी प्रभावित किसान एवं चेयरमैन किसान कांग्रेस सेल पूर्वी जोन ने कहा कि 2013 में मनमोहन सिंह सरकार की अगुवाई में किसानों को उचित मुआवजा देने हेतु संसद में सभी सांसदों के सहयोग से भूमि अधिग्रहण कानून पास किया गया मगर आज केंद्र में बैठी मोदी सरकार व प्रदेश में बैठी योगी सरकार किसानो की जमीन का बिना मुआवजा दिए जबरन अधिग्रहण करना चाहती हैं। किसान अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे है। धरने में कांग्रेस नेता आनन्द गिरी उर्फ चुन्नू गिरी, सपा नेता *अनिल यादव* *श्री अजय मणि त्रिपाठी इंद्रदेव मणि, भरत मणि, विशाल मणि, अनिल मणि त्रिपाठी* राष्ट्रीय अध्यक्ष मोदी सेना आदि उपस्थित रहे।

## भरौली पोखरा छठ घाट का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**कुशीनगर।** छठ पूजा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर डीएम व एसपी ने नगर पालिका कुशीनगर स्थित भरौली पोखरा छठ घाट का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान ईओ तथा लेखपाल से पूर्व में छठ पूजा पर इक्कठा होने की भीड़ और घाटों पर की जाने वाली बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया कि लगभग 4000 कि भीड़ यहां भी इकट्ठा होती है ।प्रकाश, पार्किंग, साउंड सिस्टम, गोताखोरों की व्यवस्था पूर्व से होती रही है। जिलाधिकारी ने समस्त छठ घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था तथा छठ पूजा के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जनरेटर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साउंड माइक, पार्किंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यतानुसार बांस, बल्ली, रस्सी के माध्यम से छठ घाटों का निर्माण किया जाए, बैरिकेडिंग करा दिया जाए, गोताखोरों की व्यवस्था किया जाए। चिन्हित स्थलों, घाटों पर ज्यादा गहरा पानी अगर है तो बांस से घेर दिया जाए साथ ही गोताखोरों एवं नाविकों के व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। छठ घाटों और आवागमन के रास्ते पर प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाय ।त्यौहार के दृष्टिगत पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर रहें। आगे कहा कि यह अपेक्षा करता हू कि आपसी सामंजस्य और सौहार्द्रता से सम्पूर्ण त्योहार को मिलजुल कर उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। इस अवसर पर तहसीलदार कसया धर्मवीर सिंह, के साथ ईओ कसया, लेखपाल, संबंधित अधिकारीगण तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सैकड़ों साल पुरानी जिगिना मिश्र की रामलीला का शुभारंभ



**भटनी(देवरिया)** ।जिगिना मिश्र गांव में सैकड़ों वर्ष पुरानी रामलीला की परंपरा आज भी जीवंत है। कभी गांव के पेड़ के नीचे शुरू हुई यह रामलीला अब प्राचीन दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आयोजित की जाती है। रविवार की रात इस ऐतिहासिक रामलीला का पारंपरिक उद्घाटन हुआ, जिसका आरंभ नारद मोह प्रसंग से किया गया। गांव के ही युवा कलाकारों ने इसमें अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

रामचरितमानस की आरती के साथ शुरू हुई रामलीला में नारद मोह की कथा का मंचन किया गया। कथा में नारद मुनि की कठोर तपस्या से इंद्र विचलित हो जाते हैं और नारद को मोह में डालने के लिए भगवान विष्णु अपनी लीला रचते हैं। राजा शीलनिधि के दरबार में नारद मुनि राजकुमारी विश्वामोहिनी को देखकर मोहित हो उठते हैं और स्वयंवर में जाने की इच्छा करते हैं। वे भगवान शिव के पास जाकर उनसे सुंदर रूप देने का अनुरोध करते हैं। शिव उन्हें भगवान विष्णु के पास भेज देते हैं, जो नारद को बंदर का रूप दे देते हैं। नारद स्वयंवर में पहुंचकर अपमानित होते हैं और क्रोधित होकर विष्णु को श्राप देते हैं कि उन्हें भी पत्नी वियोग का कष्ट सहना पड़ेगा और बंदर ही उनकी सहायता करेंगे।

रामलीला में व्यास की भूमिका इंदूशेखर मिश्र ने निभाई, नारद के रूप में दिवाकर मिश्र ने अपने अभिनय से सभी को मोहित किया। शीलनिधि के किरदार में मुक्तिनाथ मिश्र, इंद्र के रूप में अलखनिरंजन मिश्र, दरबारी के रूप में अंशू मिश्र, शिव के रूप में सुरेन्द्र मिश्र, और विष्णु के किरदार में सुमित मिश्र ने प्रभावशाली अभिनय किया।

धर्मेन्द्र मिश्र के भजन और मुकेश मिश्र के गीतों ने दर्शकों का मनोरंजन किया और उन्हें रामलीला से जोड़े रखा। इस दौरान प्रमुख रूप से संजय कुमार मिश्र, करुणेश मिश्र, राकेश मिश्र, दीपक कुमार, मिथिलेश कुमार, डॉ. कमलेश मिश्र, मुन्ना दुबे, ग्राम प्रधान पति दीपू मिश्र, जैकी, और धीरु मिश्र उपस्थित रहे। इस तरह, जिगिना मिश्र की रामलीला ने एक बार फिर गांव की सांस्कृतिक धरोहर को सजीव बना दिया।

# जिलाधिकारी ने छठ घाट का किया निरीक्षण

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा की तैयारियों के दृष्टिगत आज रुद्रपुर तहसील अंतर्गत सेमरौना स्थित बथुआ रिवर फ्रंट पर छठ घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने के संबन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि छठ पूजा स्थलों एवं घाटों पर प्रशासन द्वारा विशेष इतंजाम किए जाएंगे। इस संबन्ध में 57 अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया हैं। ईओ, बीडीओ तथा एडीओ पंचायत का दायित्व होगा कि वे पूजा स्थल,घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, तालाब, नदी में बैरिकेडिंग, नदी घाटों के निकट गोताखोर व नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर आने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था कर ली जाए, जिससे वाहनों की वजह से लगने वाले जाम पर लगाम लग सके। समस्त छठ पूजा स्थलों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम उपलब्ध रहेगा, जिससे आवश्यक संदेश पूजा स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं तक आसानी से पहुंचाया जा सके। उन्होंने तालाब, पोखरों एवं घाटों पर सफाई के विशेष इंतजाम करने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा स्थलों पर चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए।



उन्होंने बताया कि छठ पूजा स्थलों की सतत निगरानी की जाएगी। सादे ड्रेस में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम श्रुति शर्मा , ईओ सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

*डीएम एवं एसपी ने छठ पूजा के दृष्टगत किया हनुमान मंदिर, सोमनाथ मंदिर, गायत्री मंदिर एवं परमार्थी पोखरा का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश*

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने आज शहर के विभिन्न छठ पूजा स्थलों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि छठ पूजा स्थलों पर आने-जाने का रास्ता स्पष्ट होना चाहिए। इसके लिए आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग की जाये। तालाबों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, गोताखोर की उपलब्धता के संबन्ध में डीएम ने आवश्यक निर्देश दिए।

*डीएम ने छठ पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया*

### छठ पूजा के लिए 57 मजिस्ट्रेट तैनात

**देवरिया।** । जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती दिव्या मित्तल ने छठ पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से 57 अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई है। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वे अपने ड्यूटी स्थल पर समय से पहुँचे और ड्यूटी वाले दिन से पहले अपने स्थान पर जाकर वहां की स्थिति और व्यवस्थाओं का अवलोकन कर लें।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि छठ पर्व को देखते हुए नगरीय क्षेत्रों में संबंधित अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित बीडीओ एवं एडीओ (पंचायत) आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के प्रभारी होंगे। इन व्यवस्थाओं में प्रकाश, पेयजल, गहरे पानी में जाने से बचाव के लिए बैरीकेडिंग, सफाई, नदी या तालाबों के पास छठ के आयोजन स्थलों पर नाव एवं गोताखोर की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा/ड्रोन कैमरा, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फ्लेक्सी बैनर युक्त पंडाल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। पंडाल में संबंधित अधिकारी का नाम, पदनाम, और मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए। इसके अलावा स्वास्थ्य टीम, एंबुलेंस और डॉक्टर की उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी होगी।

त्योहार को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए तहसील सदर के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), तहसील सलेमपुर और भाटपार रानी के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व), तथा तहसील बरहज और रुद्रपुर के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सभी उप जिला मजिस्ट्रेट और क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले सभी छठ पूजा स्थलों पर समन्वय स्थापित करें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में छठ पूजा का आयोजन सुनिश्चित करें।

नगर पालिका परिषद देवरिया, गौरा बरहज, नगर पंचायत रामपुर कारखाना, रुद्रपुर, सलेमपुर, भटनी, लार, मझौलीराज, भाटपाररानी और बरियारपुर में विभिन्न घाटों और पूजा स्थलों पर मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जो वहां की व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करेंगे। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्र के पूजा स्थलों पर भी मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जो सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का ध्यान रखेंगे।

# नहाय-खाय के साथ आज से शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ



**कुशीनगर।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय -खाया से आज साथ शुरू हो गया। पूर्वांचलियों का सबसे बड़ा और पवित्र पर्व हर जगह धूमधाम से मनाया जाता है। तीन दिवसीय इस पर्व की शुरूआत नहाय खाय के साथ हुई। देश के हर कोने में जहां-जहां भी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग हैं, वहां छठ पर्व मनाया जा रहा है। पहले दिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण कर पर्व की शुरूआत की।

**छठ महापर्व में ऐसे करते हैं पूजाः-**

नहाय-खाय के साथ शुरू हुए छठ के महापर्व में साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखते हुए यह पूजा की जाती है। नहाय-खाय के साथ ही घर में खाना बिना नमक वाला बनता है, इसमें सेंधा नमक का इस्तेमाल किया जाता है। स्नान के बाद छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है। प्रसाद में अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी और कद्दू-भात बनाई जाती है। पहले व्रती प्रसाद ग्रहण करती है और उसके बाद पूरे परिवार और आसपास के लोगों को प्रसाद दिया जाता है। छठ पूजा एक ऐसा पर्व है, जिसे पूरे परिवार को एकसाथ मिलकर मनाया जाता है। व्रत के दौरान साफ-सफाई, पवित्रता और पर्यावरण का ख्याल रखना होता है। किसी को छुए तो हाथ धोना अनिवार्य है। अगर कोई शौचालय जाता है तो उसे नहाना होता है, तभी वह इस पर्व में शामिल होता है।इस पर्व के बहुत सख्त नियम हैं। व्रती महिलाओं की आस्था और उनका छठी मईया के प्रति विश्वास ही है कि तीन दिनों तक उपवास रखते हुए पर्व को पूरा करती हैं। महापर्व के दूसरे दिन होगा खरनाः- महापर्व के दूसरे दिन खरना है। व्रती महिला-पुरुष खाने के बाद उपवास पर रहेंगे। शाम को खरना मनाया जाएगा। जिसके लिए खास तरह की खीर बनाई जाती है, जिसमें चीनी की जगह गुड़ डाला जाता है। कई जगह गन्ने के रस से खीर बनाई जाती है। प्रसाद में खीर के अलावा केला चढ़ाया जाता है। सबसे पहले व्रती महिलाएं इस प्रसाद का सेवन करती हैं। नियम यह है कि व्रती महिलाएं जब खरना का प्रसाद ग्रहण करना शुरू करती हैं। खरना की शाम के बाद व्रती निर्जला रहकर पहले अर्घ्य और दूसरे दिन सूर्य को अर्घ्य के बाद ही फिर अन्न ग्रहण करती हैं।

**आरोग्यता व संतान के लिए उत्तम है छठः-**

व्रत ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्यता, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। स्कंद पुराण के मुताबिक राजा प्रियव्रत ने भी यह व्रत रखा था। उन्हें कुष्ठ रोग हो गया था। भगवान भास्कर से इस रोग की मुक्ति के लिए उन्होंने छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। वर्षकृत्यम में भी छठ की चर्चा है। प्रत्यक्ष देव भगवान भास्कर को सप्तमी तिथि अत्यंत प्रिय है। विष्णु पुराण के अनुसार तिथियों के बंटवारे के समय सूर्य को सप्तमी तिथि प्रदान की गई। इसलिए उन्हें सप्तमी का स्वामी कहा जाता है। सूर्य भगवान अपने इस प्रिय तिथि पर पूजा से अभिष्ठ फल प्रदान करते हैं। छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय में लौकी की सब्जी, अरवा चावल, चने की दाल, आंवला की चटनी के सेवन का खास महत्व है। वैदिक मान्यता है कि इससे पुत्र की प्राप्ति होती है। खरना के प्रसाद में ईख के कच्चे रस, गुड़ के सेवन से त्वचा रोग, आंख की पीड़ा समाप्त हो जाती है। वहीं इसके प्रसाद से तेजस्विता, निरोगिता व बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होती है। छठ महापर्व शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि का पर्व है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय-खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है।

## मथुरा की स्वास्थ्य सेवाएं खा रही है धूल

**मथुरा।** जनपद में पटरी से उतर चुकी स्वास्थ्य सेवाएं प्लेटफार्म पर नहीं आ रही। सीएमओ ऐसे प्रकरणों को दबवाने के लिए दो-दो हजार रुपए के लिफाफे बांटकर चर्चा में आ गए हैं। हालांकि वे पूछने पर कहते हैं कि ये व्यक्तिगत हो सकते हैं। लेकिन उन्हीं के विभाग के सूचनाधिकारी स्वीकार कर चुके हैं कि 40 लोगों को ऐसे लिफाफे सीएमओ के कहने पर बांटे गए हैं। हमने तो उनसे मना भी किया लेकिन सीएमओ नहीं मानें। जनपद में यही कारण है कि आए दिन अस्पतालों में रोगियों के साथ पैसों को लेकर मारपीट होती है। दर्जनों अस्पताल ऐसे चल रहे हैं जिनमें ठेके पर काम हो रहा है। सीएमओ आए दिन गड़बड़ियां पकड़ते हैं और अस्पतालों पर कार्यवाही नहीं करते इसी वजह से रोगियों का लगातार शोषण हो रहा है। मामलों को दबवाने के लिए ऐसे लिफाफे बांटकर गड़बड़ियों पर पर्दा डालने का इससे अच्छा प्रयास हो नहीं सकता। यही कारण है कि जनपद की स्वास्थ्य सेवाएं धूल खा रही हैं। नर्सिंग होम संचालक दोनों हाथों से लोगों को लूट रहे हैं। सीएमओ सब पर चुप्पी मार जाते हैं।

संक्षेप

## चोरों ने एक लाख की संपत्ति की पार

सीतापुर। महमूदाबाद में बंद पड़े घर समेत व सदरपुर में चोरों ने धावा बोलकर करीब एक लाख की संपत्ति चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की। महमूदाबाद की मधू शर्मा पत्नी अरूण शर्मा कोतवाली मार्ग स्थित घर में ताला बंद कर 30 अक्टूबर को दीपावली मनाने अपने पैतृक गांव रामपुर मथुरा के रायसेनपुर चली गई थीं। सोमवार को वापस आने पर घर के मुख्य दरवाजे समेत अन्य कमरों के ताले टूटे मिले। चोर यहां से 11 सौ रुपए की नकदी, टीवी, बैटरा, इनवर्टर, मिक्षी जूसर मशीन समेत करीब 50 हजार रुपए की संपत्ति चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना सोमवार को पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि खाली पड़े घर से चोरी होने की सूचना मिली है, पड़ताल कराई जा रही है। सदरपुर के शिवपुर देवरिया के सत्यवान के घर से रविवार की रात चोरों ने 10 हजार की नकदी, सोने का माला, चांदी की पायल, बर्तन समेत करीब 50 हजार रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है, मामले की जांच कराई जा रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतियापुर निवासी छुन्नर सिंह पुत्र किशन सिंह किसी काम से बाइक से पिसावा आये थे। रास्ते मे पिसावां चैराहे पर ट्रक ने बाइक मे टक्कर मार दी। इससे छुन्नर सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में घायल को पिसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पिसावा थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि ट्रक को कब्जे मे लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है।

## समाधान दिवस पर किसान ने लगायी फरियाद

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। करीब डेढ़ माह से सक्षम अधिकारियों के चक्कर काट कर थक हार चुके पीड़ित किसान ने तहसील समाधान दिवस में फरियाद लगाकर समस्या के समाधान कराने की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव ओसिया निवासी भइयालाल ने तहसील समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गांव में अपने बाग में बंगला डालकर रहता है। उसके पास एक गाय थी जिसकी सेवा करता था। लगभग डेढ़ माह पूर्व वह अपनी रिश्तेदारी गया था वापस लौटा तो गाय गायब मिली। खोजबीन के दौरान पता चला कि गाय रमतलिया ओसिया निवासी नन्हे लाल के यहाँ बँधी है तो वह गाय लेने गया जहाँ नन्हे लाल ने गाय भी नहीं दी और गाली गलौज करते हुए धमकी देकर भगा दिया। तब से पीड़ित न्याय के लिए भटक रहा है और सक्षम अधिकारीयों एवं पुलिस के यहाँ फरियाद लगा रहा है इसी क्रम में तहसील दिवस में फरियाद लगाई है और गाय वापस दिलाने की मांग की है।

## युवक की उपचार के दौरान मौत

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत काली मिट्टी दबौली रोड पर बीते शनिवार को अख्तियार पुर गांव के सामने हुई बाइक दुर्घटना में एक युवक की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई है। शव पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार गांव के निकट गंगा तट पर कर दिया। चिरंजीव पुरवा निवासी लगभग तेइस वर्षीय प्रदीप बाइक से फतेहपुर चैरासी किसी काम से निकला था रास्ते में अख्तियार पुर के आसपास किसी अज्ञात कारण से बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई जिससे वह गंभीर घायल हो गया जिसे सी एच सी लाया गया जहाँ से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।गंभीर हालत देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय प्रदीप की मौत हो गई।

## छात्रवृत्ति के गबन का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। सिधौली कोतवाली पुलिस की सूचना पर कस्बे के मोहल्ला देवनगर में छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने देव नगर निवासी अवलोकितेश्वर अवस्थी उर्फ पंकज अवस्थी पुत्र देवदत्त अवस्थी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पंकज अवस्थी गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में छात्रवृत्ति गबन का मुख्य आरोपी है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया है।

# छठ महापर्व पूजा को लेकर सजा बाजार, नहाय खाय आज से

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। लोकआस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो जायेगा। इसको लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है. दुकानदारों ने जगह-जगह छठ पूजन सामग्री का स्टॉल सजा रखा है. वहीं लोगों ने त्योहार को लेकर खरीदारी की. दुकानों में बांस के बने सूप, टोकरी, कोनिया, डगरी आदि की बिक्री शुरू हो गई. बांस के बने दउरा 150 से 250 रुपये और सूप 100 से 120 रुपये बिक रहा है. इसके अलावे कपड़ा बाजार, श्रृंगार दुकान व खाद्य सामग्रियों के दुकान पर भी ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है. बाजार में जगह-जगह छठ व्रतियों के लिए मिट्टी के चूल्हा और बर्तन भी उपलब्ध है. लोग अपने अपने हिसाब से सामानों की खरीदारी कर रहे हैं. स्थानीय व्यापारियों का बताना है कि पिछले साल के मुकाबले सामानों के दाम में आंशिक वृद्धि हुई है. हालांकि, अपने अपने हिसाब से खरीदारी में जुटे हैं।

- दत्योहार को लेकर खरीदारी की. दुकानों में बांस के बने सूप, टोकरी, कोनिया, डगरी आदि की बिक्री शुरू

### विविधता से भरे बाजार में सभी सामान उपलब्ध

धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा बीत गया, लेकिन बाजार की सरगर्मी अभी बढ़ी हुई है. पहले ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन, धातु, फर्निचर, आटो मोबाइल की दुकान में चहल पहल थी. अब बांस के बने सूप, दउरा व अन्य सामान, मिट्टी के चुल्हा व बर्तन, विभिन्न प्रकार के फल समेत छठ पूजन सामग्री की दुकानें सजी है. छठ के विविधता भरे बाजार में खरीदारों की भीड़ जुट रही है. खरीदारी को लेकर पुरुषों की मुकाबले महिलाओं की संख्या अधिक दिख रही है. छठ पूजा को लेकर फलों की खरीदारी भी खुब होती है. इसको ध्यान में रखते हुए व्यापरियों ने कई तरह के फल मंगाए हैं।

### स्पेशल ड्रेस पर जोर

छठ पूजा को देखते हुए व्यापारियों ने परंपरागत लुक के कपड़े मंगवाए हैं. इस पर्व पर महिलाएं लाल-पीली साड़ी पहनना ज्यादा पसंद करती है. कमलापुर कस्बे के कपड़ा दुकानदार कलीम ने बताया कि छठ को ध्यान में रखते हुए व्रतियों के लिए खास तरह की साड़ी मंगवाई है. ऐसे मौके पर महिलाएं लाल पीले साड़ी अधिक पसंद करती है. इन साड़ियों का रेंज 500 से 5000 तक उपलब्ध है. इसके अलावे बच्चे और महिलाओं के रेडिमेड कपड़े भी अलग अलग लुक और रेंज में उपलब्ध है।

### सज गये छठ घाट

जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण अंचलों में छठ पूजा को लेकर छठ के निर्माण व साज सज्जे का काम पूरा हो चुका है. लोग अपने अपने स्तर से इसकी तैयारियों में जुटे हैं. नगर निगम के ओर से शहर के नदी के किनारे विभिन्न छठ घाटों पर पूजा की खास तैयारी की गई है. सभी घाटों पर साफ सफाई, बैरिकैरिंग व लाइटिंग का काम किया जा चूका है. छठ घाट पर व्रतियों के लिए अस्थाई शौचालय व चेजिंग रुम भी बनाया जायेगा. पीएससी बटालियन के निकट स्थित छठ घाट पर साज सज्जे के साथ छठ पूजा की भव्य तैयारी की गई है।

हिन्दू पंचाग के अनुसार हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर छठ पूजा की शुरूआत होती है जो सप्तमी तिथि पर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त होती है

पहला दिन, नहाय-खायः छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि से होती है। पहले दिन नहाय खाय होता है। जो इस बार 5 नवंबर को है। दूसरा दिन, लोहंडा और खरनाः लोहंडा और खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। यह कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को होता है। जो इस बार 6 नवंबर को है। तीसरा दिन, छठ पूजा संध्या अर्घ्यः छठ पूजा का मुख्य दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होता है। इस दिन शाम को सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। जो 7 नवंबर को है। चैथा दिन, सूर्योदय अर्घ्यः छठ पूजा का अंतिम दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि होती है। इस दिन सूर्योदय के समय सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। उसके बाद पारण कर व्रत को पूरा किया जाता है जोकि 8 नवंबर को है।

## मुख्यमंत्री को अधिवक्ताओं ने भेजा ज्ञापन



सीतापुर। बिसवां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएन सिंह एवम सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर गाजियाबाद प्रकरण में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा गया है। जिला जज गाजियाबाद द्वारा अधिवक्ताओ पर लाठी चार्ज कराये जाने के विरोध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवा को सौंपा। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अधिवक्ताओ पर जिला जज गाजियाबाद द्वारा लाठी चार्ज कराये जाने की घोर निंदा की। न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। बिसवा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन के माध्यम से गाजियाबाद प्रकरण में दोषी जिला जज एवम वकीलों पर लाठी चार्ज करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। गाजियाबाद के जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार करने के लिए उन्हें हटाये जाने की माँग की है। ज्ञापन देने वाले अधिवक्ताओं में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के ब्रजेश नारायण गुप्त, राज किशोर यादव, सूर्य प्रसाद यादव, दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार वर्मा, पुत्ती लाल वर्मा, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, संतोष कठेरिया, मनोज गुप्त, कैलाश श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार यादव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अनमोल कन्हैया, जितेंद्र मिश्रा, विपिन कुमार यादव, राम किशोर वर्मा, के. के. वैश्य, राजेश वर्मा, शिशु पाल यादव, आनंद मिश्रा, मनोज गौतम, क्षितिज मिश्रा, अरून श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा, नावेद सिद्दीकी, अश्वनी श्रीवास्तव, पुनीत कुमार गौतम, सत्यम तृवेदी, अनुज यादव, फूलचंद्र आदि अधिवक्ता शामिल हैं।

# शिकायतों का त्वरित गति से हो निस्तारणः डीएम



सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। समाधान दिवस के उपरान्त नगर पंचायत सिधौली में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत होम कम्पोस्टिग किये जाने हेतु श्रीमती गीता भार्गव, सदस्य वार्ड-1, बहादुरगंज, श्रीमती सारिका शुक्ला, वार्ड-3, नरोत्तमनगर दक्षिणी, श्रीमती पिंकी देवी, वार्ड-1, बहादुरगंज तथा श्रीमती पिंकी देवी, वार्ड-6, बाजार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, उपजिलाधिकारी न्यायिक शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 51 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 03 प्रार्थना पत्रों में से शून्य, तहसील बिसवां में प्राप्त 28 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सदर में प्राप्त 04 प्रार्थना पत्रों में से 01, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महोली में प्राप्त 04 प्रार्थना-पत्रों में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



पाटन, उन्नाव। तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें फरियादियों ने अपनी लिखित रूप से शिकायत प्रार्थना पत्र संपूर्ण समाधान दिवस में दिया। कुल 22 प्रार्थना पत्र आए।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें फरियादियों ने अपनी लिखित शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में बैठे सक्षम अधिकारियों को दिया। वही अपनी समस्याएं बताईं इस मौके पर सबसे अधिक राजस्व के मामले थे तहसील दिवस में उप जिलाधिकारी रणधीर सिंह तहसीलदार अरसला नाज नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला क्षेत्राधिकार बीघापुर बारा सगवर बीघापुर बिहार थाने व ब्लॉक सुमेर पुर बीघापुर के संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे जिनमें कुल 22 प्रार्थना पत्र आए मौके पर दो प्रार्थना पत्रों का ही निस्तारण हो सका।

## शिक्षक संकुल की कार्यशाला का आयोजन

पुरवा, उन्नाव। बीआरसी असोहा के प्रशिक्षण कक्ष में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी असोहा आंचल सिंह के नेतृत्व में समस्त शिक्षक संकुल की कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह द्वारा निपुण असेसमेंट टेस्ट एवं नेशनल एचीवमेंट सर्वे 2024 के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी गई। सोमवार को असोहा की बीआरसी पहुंची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह ने शिक्षक संकुलों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी छात्रों को निपुण बनाना हमारा उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि आगामी 18 व 19 नवम्बर को कक्षा एक से आठ तक होने वाली नैट परीक्षा एवं चार दिसम्बर को होने वाली नैस परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को निरंतर अभ्यास एवं उपस्थिति बढ़ाते हुए परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त कराना है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को सक्रिय होना होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने बीएसए का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षक संकुलों से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मैम द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए विद्यालयों को निपुण बनाने के साथ-साथ आगामी नैट व नैस की परीक्षा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए असोहा को शिखर पर पहुंचाने के निर्देश दिए। कार्यशाला में एआरपी मुकेश कुमार शुक्ला, उमेश कुमार गुप्ता, अजीत सिंह नोडल शिक्षक संकुल रामकरन मौर्य, रामबाबू विमल, संदीप राजपूत, महेंद्र पाल, पवन पोरवाल, संजय यादव, अनिल कुशवाहा, मनीष मिश्र शिक्षक संकुल पुनीत तिवारी, अनंत नारायण दीक्षित, मनोज पटेल, प्रदीप तिवारी, गरिमा सिंह, प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

## तहसील समाधान दिवस में सुनी फरियाद

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप नवम्बर माह के द्वितीय शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में आयोजित होने वाले ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवस ह्यह्य का आयोजन आज सोमवार को जिले के चारों तहसीलों में किया गया। तहसील राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया, इस मौके पर उप जिलाधिकारी व तहसीलदार ने शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर ने उपस्थित अधिकारयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाना है, सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। कार्यालय में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर उप जिलाधिकारी श्री उत्कर्ष द्विवेदी, तहसीलदार सदर श्री अमित कुमार आदि ने 17 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और 03 टीम को क्षेत्र में भेजकर 03 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 11 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये हैं। इसी तरह तहसील ओबरा में उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर उन्होंने शिकायतकताओं की समस्याओं को बड़े ही सरलभाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया, इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण शिकायतकर्ता का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके।

# हिमालय बुद्धिस्ट वूलन मार्केट का भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा इलाहाबाद फील्ड में हिमाचल प्रदेश से आई बुद्धिस्ट वूलन मार्केट का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा फीता काटकर एवं भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि कर मार्केट का शुभारंभ किया गया इसअवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने सभी विक्रेताओं को शुभकामनाएं दी एवं इस मार्केट में विगत कई वर्षों से बिक्री हो रहे अच्छे वैरायटी के वूलन क्लॉथस की सराहना की। जिला अध्यक्ष द्वारा मेक इन इंडिया को सपोर्ट करने का जन आवाहन भी किया गया।

# आप ने चलाया सदस्यता अभियान

सोनभद्र। जनपद सहित पूरे उत्तर प्रदेश में प्रादेशिक सदस्यता अभियान की शुरूआत हो गयी है काशी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ज्योति जंग सिंह और जिलाध्यक्ष रमेश गौतम के नेतृत्व में मधुपुर बाजार में कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।

प्रादेशिक सदस्यता अभियान हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। प्रत्येक जिला द्वारा 10 नेताओं की लिस्ट प्रदेश कार्यालय को दी गईं हैं। प्रत्येक नेताओं को सदस्यता अभियान के दौरान प्रति माह 10 ग्राम सभा कमेटी/वार्ड कमेटी बनाना होगा। (कमेटी 11 सदस्यों की होगी ) जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा डबल इंजन की सरकार पिछले 8-10 वर्षों से सरकार में है, ये वादा करके आए थे, हर साल दो करोड़ नौकरी देंगे, काला धन विदेशों से वापस लाएंगे। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाएंगे, 100 दिनों में प्रदेश की सदके गड्ढा मुक्त करेंगे। 15 लाख खाता में आएगा किसानों के फसल के दाम दुगना होगा, सबको पक्का मकान मिलेगा भ्रष्टाचार खत्म होगा सबका साथ सबका विकास होगा। लेकिन सरकार दलित आदिवासी पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने का प्लान कर रही है, लैटरल एंट्री के माध्यम से पै की भर्ती की जा रही है, प्रदेश के सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना है वर्तमान सरकार 27000 स्कूल यह बंद करने के का प्लान कर चुके हैं। जहां एक और आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूलों को विश्व स्तरीय बनाने का काम कर रही है, वही मोदी योगी सरकार सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बना रही है। आम आदमी पार्टी जहां शानदार मोहल्ला क्लीनिक बनाने का काम कर रही है वहीं आज सोनभद्र में अनेक ऐसे गांव हैं जहां सड़के तक नहीं है, एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती आज भी ग्रामीण सैकड़ो साल पहले की जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। काशी प्रांत कार्यकारणी सदस्य ज्योति जंग सिंह ने कहा आम आदमी पार्टी जहां फ्री बिजली देती है वहीं उत्तर प्रदेश की सरकार जिनके घरों में बिजली के तार तक भी नहीं है उनसे भी बिजली का बिल वसूलने का काम कर रही आम आदमी पार्टी जहां आम आदमी को फ्री पानी सप्लाई करती है जनपद में अनेक गांव ऐसे हैं जो आज भी जंगल के चुआड़ के पानी पीकर के जीवन बसर करने के लिए विवश है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा जहां दिल्ली के सरकारी स्कूल वातानूकुलित कमरों से सुसज्जित है, वहीं जनपद में ऐसे कई स्कूल हैं जिनकी छतें जर्जर हैं बच्चे बाहर पेड़ के नीचे शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूर हैं। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष केवल सिंह कुशवाहा ने कहा हम सब मिलकर के उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए गांव गांव जाएंगे गांव को लोगों को जागरूक करेंगे समितियां बनाएंगे सदस्यता अभियान चलाएंगे।

# इंटरनेट का करें अध्ययन में उपयोग : डॉ.अम्मार रिजवी



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। इंटरनेट मीडिया का पढ़ाई करने में सदुपयोग करें यदि इसका दुरुपयोग किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होगें। वर्तमान समय में सोशल साइट्स के गलत उपयोग से युवा पीढ़ी साइबर अपराध में फंस रही है जिसे सर्तक रहने की जरूरत है।

टैबलेट और स्मार्टफोन का उपयोग छात्र पढ़ाई के साथ अपनी तैयारियों के लिए करें जिससे उन्हें लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। उक्त बातें एसडीएम शिखा शुक्ला मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ह्यूमनिटीज साइंस एंड टेक्नालाजी में आयोजित टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सफलता का मूलमंत्र है कि लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से पढ़ाई की जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कालेज के सचिव व पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकर शिक्षा चिकित्सा के साथ हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। मेधावियों को टैबलेट व स्मार्टफोन देकर जरुरतमंदों को आनलाइन शिक्षा के लिए सरकार व्यवस्था उपलब्ध करवा रही है। जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों को इंटरनेट का उपयोग रील्स आदि देखने के बजाय उपयोगी विषयवस्तु को पढ़ने में करना चाहिए। सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थियों राष्ट्र के भविष्य निमार्ता हैं, इसलिए उन्हें अपने लक्ष्य को केंद्रित कर पढ़ाई गंभीरतापूर्वक करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बीए, बीकाम, बीएड व एमए के विद्यार्थियों लक्ष्मी शर्मा, रविता वर्मा, रोहिनी मौर्या, अर्चना देवी, अर्चना प्रजापति, अंजली सिंह, फरीशा, फिजा खान सहित आठ विद्यार्थियों को टैबलेट तथा लक्ष्मी वर्मा, अनामिका सिंह, अभिषेक मिश्र, गोल्डी वर्मा, जूली वर्मा सहित 158 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। यहां आठ टैबलेट व 182 स्मार्टफोन वितरित होने थे। केवाईसी न होने के चलते शेष 32 विद्यार्थियों को बाद में स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। संचालन कालेज की प्रवक्ता डा. शशि प्रभा ने किया।

इस मौके पर मीसम अम्मार रिजवी, उप प्रचार्या डा. नीति श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक राजेश सिंह, डा. अब्दुल वली, डा. जफर, डा. अंकुर सिंह, राहुल सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज शुक्ला, डा. मंजू शुक्ला, डा. कौशलेंद्र मिश्र, सीतांश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने यातायात माह का फीता काटकर किया शुभारम्भ







सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने स्थित महिला थाना के निकट आयोजित कार्यक्रम में यातायात माह का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

आमजनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करने व सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से आयोजित यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर यातायात जागरुकता हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये तथा भविष्य में सदैव हेलमेट के प्रयोग हेतु जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर यातायात जागरूकता हेतु पम्पलेट का अनावरण किया गया एवं आमजनमानस में वितरित भी कराया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन पर सवार सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट व हेलमेट प्रयोग करने एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग गति सीमा में वाहन चलायें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो सके। आगे शीतऋतु में कोहरे के दौरान विशेष सावधानी रखने की अपील करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि कोहरे की स्थिति में वाहनों की गति अत्यन्त कम रखी जाये तथा रिफ्लेक्टर इत्यादि अवश्य लगवाये जाये।

नाबालिक बच्चों को कतई वाहन चालने हेतु न दें। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस द्वारा कार्यवाही सुधार की अपेक्षा के साथ की जाती है इसलिये सभी यातायात नियमों का पालन करें, जिससे कार्यवाही करने की स्थिति ही न आये। जिलाधिकारी ने सभी को जागरूक करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायलों को शीघ्र ही उपचार हेतु भेजने हेतु वहां पर उपस्थित लोग अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं, जिससे समय से उपचार मिलने से घायलों की जान बच सके। ऐसे घायलों का सहयोग करने वालों को सरकार द्वारा चिन्हित कर गुड सेमेरिटन के रूप में प्रोत्साहित करते हुये सम्मानित भी किया जाता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने स्पीड लिमिट बनाये रखने व पुलिस-प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु निरंतर किये जा रहे प्रयासों एवं आग्रह को सुनने के साथ उनके पालन करने का संकल्प लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए आमजनमानस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने की स्थिति में उनके प्रति नियमानुसार कार्यवाही के विषय में बताया।

इसी क्रम में समस्त अधिकारियों द्वारा स्वयं के जीवन को खतरे में न डालने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी एवं बिना हेलमेट के मोटर वाहन चला रहे लोगो को रोककर उन्हें हेलमेट प्रदान करते हुए हेलमेट लगाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डा0 प्रवीन रंजन, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद व व्यापार मंडल के पदाधिकारी शोभित टंडन, भगवती गुप्ता, मनीष लाठ व अन्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## कार खाई में पलटी, बच्ची की मौत, 6 अन्य घायल

बांदा। कोतवाली बबेरू क्षेत्र के कोर्रम गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को बबेरू सीएचसी में भर्ती कराया लेकिन प्राथमिक उपचार के दौरान 7 वर्षीय लड़की सृष्टि की मौत हो गयी। दुर्घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बबेरू से चित्रकूट जा रहे थे, वहां गोद भराई की रस्म में शामिल होना था। रास्ते में अचानक गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई जिससे कार सवार सभी लोग घायल हो गये। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने पहुंचकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी बबेरू के डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि पुलिस की सहायता से कुछ घायलों को अस्पताल लाया गया था लेकिन सृष्टि नामक लड़की की मौत हो गयी है। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## तीन दारोगा बने इंस्पेक्टर

बांदा। प्रदेश पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने वाले पुलिसकर्मियों की सूची जारी की गयी थी। इसमें जिले में नियुक्त उप निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी थाना जसपुरा, उप निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा चैकी प्रभारी लमेहटा व उप निरीक्षक मोहम्मद अकरम थाना मटौंध पदोन्नत हुए हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पदोन्नत हुए निरीक्षकों को स्टॉल लगाकार बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित गिरफ्तार

ललितपुर। समाज में भय व आतंक का पर्याय बनकर आर्थिक अपराधों को अंजाम देते हुये धन सम्पत्ति अर्जित करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाशों को गिरफ्तार करने की जानकारी देते हुये कोतवाली पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गयी है। पकड़े गये गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्तों के नाम सुधासागर स्कूल के पास तालाबपुरा निवासी आशीष साहू उर्फ अजगर पुत्र धनीराम व मोहल्ला लक्ष्मीपुरा वंशा कुआ के पास रहने वाले वीरेन्द्र जैन उर्फ गड्ढा पुत्र शिखरचंद्र जैन बताये गये हैं। पुलिस ने दोनों शातिर अभियुक्तों को बंधा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आशीष साहू उर्फ अजगर के खिलाफ कोतवाली में चार और वीरेन्द्र जैन उर्फ गड्ढा के खिलाफ कोतवाली सदर में ही तीन मामले दर्ज हैं। शातिर गैंगस्टरों को पकड ? वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रोहित सिंह, हे.कां.शिवनाथ सिंह व कां.रोहित सिंह शामिल रहे।

# जिलाधिकारी और एसपी ने सुनीं शिकायतें, कार्रवाई के निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

बांदा। तहसील अतर्रा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम नगेन्द्र प्रताप ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय के साथ करें। इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। समाधान दिवस में राजस्व 26, पुलिस 14, विकास 4, समाज कल्याण 1 व अन्य विभागों से संबंधित 12 आवेदन मिले। जिलाधिकारी ने जन शिकायतों का निस्तारण करते हुए मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिए कि इनका निस्तारण गंभीरता से किया जाए। डीएम ने एक फरियादी की शिकायत कि उसके मकान में कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। इस पर उन्होंने लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच करने एवं नाप के निर्देश दिए। दूसरे मामले में आपसी पैसे की लेनदेन की शिकायत पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बदौसा को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य फरियादी ने आवास दिलाने तथा ज्योति गुप्ता ने आपसी लड़ाई-झगड़ा की शिकायत की। रीना ने ससुराल पक्ष से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग से संबंधित लोगों की समस्याओं को सुना और इनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी रमाशंकर, एसडीएम राघवेन्द्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक की जोरदार टक्कर से महिला की मौत

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम हर्षपुर निवासी महेन्द्र सिंह उर्फ गोलू राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 1 नवम्बर को अपराह्न करीब 1.30 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एफ. 2522 सुपर स्पेलैण्डर पर सवार होकर घर से तालबेहट आ रहा था। बताया कि वह जैसे ही बम्हौरीसर कट हाईवे 44 पर पहुंचा, तो पीछे से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 4311 के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया और बाइक पर पीछे बैठी उसकी भाभी द्रोपती पत्नी आजाद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गयीं। बताया कि घायल भाभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया कि अगले दिन 2 नवम्बर को रात करीब 8 बजे उपचार के दौरान द्रोपती की मौत हो गयी। बताया कि इस घटना में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हुयी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# रसायनों के प्रयोग को कम कर खेतों में गौ आधारित मल्टी लेयर फार्मिंग को दें बढ़ावा



ललितपुर। सोमवार को गौसेवा आयोग लखनऊ अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत दयोदय गौशाला का निरीक्षण किया व अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं व गौवंश प्रबंधन की समीक्षा की। अध्यक्ष ने दयोदय गौशाला पहुंचकर सर्वप्रथम विधिविधान के साथ गौपूजन किया व गोतामा को गुण खिलाया। मौके पर उपस्थित गौशाला प्रभारी से जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि गौशाला में 890 गौवंश संरक्षित हैं, गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चोकर, पानी आदि उपलब्ध है, समय-समय पर पशुओं का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाता है। अध्यक्ष ने गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। तदोपरांत अध्यक्ष ने कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक में सीडीओ के.के.पाण्डेय ने बताया कि जनपद में 29 गौशालायें संचालित हैं, जिनमें कुल 32991 गौवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत जनपद में कुल 10007 गौवंश सुपुर्द किये गए हैं। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में प्रत्येक गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरे चारे का प्रबंध किया जाये, इसके लिए नैपियर घास उगायी जाये, जनपद में मूंग की खेती पर्याप्त मात्रा में होती है, इसका भूसा भी प्रयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में गौमूत्र एकत्र करने हेतु पक्का कैटिल शेड, बायोगैस प्लाण्ट, प्राकृतिक खेती केन्द्र की स्थापना करायी जाये, साथ ही कम से कम 100 किसानों को जीवामृत बनाने व मल्टीलेयर फार्मिंग हेतु अन्य किसानों का प्रशिक्षण दिलाने के लिए ब्राण्ड एम्बेसडर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि 900 से बढ़ाकर 1500 कर दी है, इसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अधिक से अधिक गौवंश दिये जायें। यदि आने वाली पीढ़ि के लिए खेतियों, भूमि बचानी है तो प्रत्येक घर में एक गाय होनी चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि किसान यदि खेत पर ही रहकर खेती करेंगे तो उनके खेत की उत्पादकता और फसल की गुणवत्ता में वृद्धि होती है, इसलिए आवास योजनाओं में खेत पर रहने वाले किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि हमें रसायनों के प्रयोग को कम करना होगा, हमें गौ आधारित मल्टी लेयर फार्मिंग को बढ़ावा देना होगा, इसके लिए प्रत्येक गौशाला में पक्का कैटिल शेड बनाकर गौमूत्र एकत्र करना होगा और जीवामृत बनाकर खेतों में छिड़काव करना होगा। साथ ही कैटिल वेस्ट को बायोगैस प्लाण्ट में प्रयोग करें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह, पर्यटन चित्र व पर्यटन कैलेण्डर भेंट किया। इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिनिधि के अलावा पीडीडीआरडीए दीपक यादव, उप निदेशक कृषि बसन्त कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

● आने वाली पीढ़ियों के लिए खेती, भूमि बचानी है तो गाय जरूर पालें: गौसेवा आयोग अध्यक्ष

## महिला यात्री का मंगलसूत्र छीनने वाले दो बदमाश जीआरपी ने किये गिरफ्तार



ललितपुर। राजकीय रेलवे पुलिस की सक्रियता के कारण एक महिला यात्री का छीना गया मंगलसूत्र चार घंटे के अंदर ही बरामद कर करते हुये दो अपराधियों को धर दबोचा गया है। जीआरपी ने बदमाशों से छीने गये मंगलसूत्र समेत तीन चोरी के मोबाइल भी बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी नवीन कुमार को सूचना मिली कि 2 नवम्बर की शाम 05.30 बजे रेलवे स्टेशन दैलवारा पर ट्रेन से एक महिला यात्री के गले से दो बदमाशों द्वारा मंगलसूत्र छीनने की घटना घटित हुई। सूचना मिलते ही जीआरपी प्रभारी ने 3 नवम्बर की सांय 6.30 पर अभियोग पंजीकृत करते हुये अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और गहन छानबीन शुरू कर दी और 04 घण्टे में सफल अनावरण करते हुये छीना गया मंगलसूत्र एवं अभियुक्तों द्वारा पूर्व मे चोरी किये गये 03 मोबाइल फोनो के साथ रविवार को समय रात्रि दस बजे रेलवे स्टेशन ललितपुर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये चोरों के नाम अभिषेक पुत्र रामविलाश पाण्डेय उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम तेरई फाटक थाना तालबेहट, प्रतीक दुबे उम्र 21 वर्ष पुत्र स्व0 सन्तोष दुबे निवासी रानीपुरा तालबेहट, जिला ललितपुर हैं। बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में एचएसओ नवीन कुमार, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, लालबहादुर सिंह, हेड कांस्टेबिल अनुभव सिंह, मोहन सिंह, का0 प्रभात कुमार एवं साहब सिंह जीआरपी शामिल रहे।

● मंगलसूत्र समेत चोरी के तीन मोबाइल फोन भी किये बरामद

# भक्ति ज्ञान और वैराग्य को जगाने का एकमात्र साधन श्रीमद्भागवतः आचार्य हेमंत कृष्ण



ललितपुर। तालाबपुरा डोंडाघाट स्थित श्रीजी कुन्ज कॉम्पलैक्स में भगवानश्री राजाधिराज द्वारकाधीशजी महाराज की कृपा से कार्तिक मास के पुनीत अवसर पर परम श्रद्धेय हेमन्त कृष्णजी (हेमूजी महाराज) श्रीधाम बरसाना वाले की सुमधुर संगीतमय शैली में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया है। कथा के प्रथम दिवसश्री बालाजी मंदिर डोंडाघाट से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। यह कलश यात्रा श्री नृसिंह मंदिर मैदान होते हुये, श्री धनुषधारी मंदिर से तुवन मंदिर से होकर सदरकांटा, घण्टाघर, वीर सावरकर चैक से होते हुये पुनरू कथा स्थल तक पहुंची, जहां श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बड़े ही विधि-विधान से किया गया।

प्रथम दिवस सोमवार को आचार्य हेमन्त कृष्ण महाराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा श्रवण से श्री हरि ह्रदय में विराजते हैं। श्रीमद्भागवत वह विद्या है जो जीवित को तो तारती ही है मरे हुए को भी तार देती है। उक्त विचार डोडाघाट बड़ा गेट के पास श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स परिसर में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत बरसाना से आए कथा व्यास आचार्य हेमंत कृष्णजी महाराज ने कहे। महाराजश्री ने कथा के प्रथम दिन श्रीमद्भागवत के माहात्म्य का वर्णन किया। भक्ति ज्ञान और वैराग्य को जगाने का एकमात्र साधन श्रीमद्भागवत को बताया। महाराजजी ने धुंधकारी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जीवन में संगति का बड़ा महत्व है इसलिए संगति सदैव साधु पुरुषों की ही करनी चाहिए। कलियुग के दोषों का वर्णन करते हुए महाराज जी बोले कि कलियुग में माता पिता का अति अपमान देखा जा रहा है। झूठ व्यभिचार निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। अपनी युवा पीढ़ी को अगर इस गंदगी में गिरने से रोकना है तो निश्चित ही उनको सत्संग से जोड? की आवश्यकता है। आयोजन में श्रीमती गीता प्रभुदयाल तामियां, श्रीमती प्रिया अजय तामियां, श्रीमती निशी नीलांश तामियां, श्रीमती रितु विराज तामियां के अलावा स्वागत करने के लिए रामस्वरूप तामियां, सीताराम तामियां, जगदीश तामियां, एड. राजेन्द्र तामियां, महेश तामियां, विनोद तामियां, मनीष तामियां रहे। जबकि व्यवस्था में सहयोगी के रूप में श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति और श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला शामिल रहीं। इस कथा को सफल बनाने के लिए मनोरथी श्रीमती कविता राकेश तामियां ने लोगों से आह्वान किया है कि इस भव्य और दिव्य आयोजन में भागीदारी कर इसे सफल बनायें।

## यातायात माह, आयुक्त ने दिखाई रैली को हरी झण्डी



बांदा। आयुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यातायात माह नवंबर का शुभारंभ फीता काटकर किया। आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने शहर के बाबूलाल चैराहा में आयोजित कार्यक्रम में यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बगैर हेलमेट लगाए वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। आयुक्त ने कहा कि यातायात जागरूकता कार्यक्रम मंडल के प्रत्येक थाने में चलाया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान माल की रक्षा हो सके और यातायात के नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न हो। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने कहा कि मानव जीवन अमूल्य है, इसको सुरक्षित रखना आवश्यक है, सुरक्षित परिवहन का आवागमन हो तथा सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लोगों में जागरूकता लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने कहा कि छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए, बिना लाइसेंस के कोई भी छात्र वाहन नहीं चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में अधिक लोगों की मृत्यु हो रही है यह एक चिंता का विषय है। जिस पर लोगों में जागरूकता लाकर सड़क दुर्घटनाओं में कभी लाना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति यातायात माह 1 से 30 नवंबर तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें छात्र एवं लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दिए जाने के साथ उन्हें सुरक्षित आवागमन के लिए बताया जाता है तथा बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए लोगों की चेकिंग भी कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बिना हेलमेट लगाए वाहन संचालन करने वालों अजय कुमार, देवेश, अंगद, श्रीमान सिंह, फैसल व अन्य व्यक्तियों को हेलमेट का वितरण भी किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारी, प्रभारी यातायात राजेश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में आग, लाखों का नुकसान



जिला संवाददाता(vol)

बांदा। शहर के कालूकुआं तिंदवारी रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में रविवार की देर रात अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गयी। इससे भारी नुकसान हुआ है। बताया जाता है कि आग लगने की जानकारी मिलने पर मालिक ने पहुंचकर दुकान का शटर खोला तो वहां रखी केबिलों में आग लगी हुई थी। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि आग तीसली मंजिल तक पहुंच गयी। घटना की जानकारी मिलते ही कालूकुआं चैकी प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी तत्काल मौके पर पहुंचे और दमकल कर्मियों को बुलाया। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां पहुंचीं। दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान फायरकर्मी दशरथ सिंह जहरीले धुएं की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये उन्हे तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के बाद उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला व नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला भी पहुंच गये। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान संचालक अशोक गुप्ता का कहना है कि आग लगने से लगभग 1 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सीएफओ मुकेश कुमार ने कहा कि जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गयी लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए दो बड़े ट्रकों और तीन छोटी गाड़ियों की सहायता लेनी पड़ी। आग के कारण हुए नुकसान से व्यापारियों में चिंता का माहौल पैदा हो गया है। प्रशासन ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## दो निरीक्षक और अठारह उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

ललितपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने रविवार देर रात बड़े पैमाने पर फेरबदल किया। इस बदलाव में 2 निरीक्षकों और 18 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में तब्दीली की गई है, साथ ही चार पुलिस चैकी इंचार्ज भी बदले गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस फैसले से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

रविवार रात 1 बजे पुलिस विभाग की सोशल मीडिया पर जारी स्थानांतरण सूची के मुताबिक थाना बानपुर में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरिनाथ सिंह को निरीक्षक अपराध थाना बानपुर बनाया गया है, जबकि निरीक्षक महेन्द्र सिंह को थाना कोतवाली में अपराध निरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस सूची में उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह परिहार को थाना पाली से वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कोतवाली और उपनिरीक्षक दिलीप कुमार सिंह को थाना कोतवाली में बरकरार रखते हुए वरिष्ठ उप निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही कई उप निरीक्षकों को विभिन्न थाना और चैकियों में नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। चैकी प्रभारी के तौर पर भी बदलाव किए गए हैं। उपनिरीक्षक संजय कुमार दुबे को चैकी प्रभारी राजघाट, दीपक कुमार डांगुर को थाना कोतवाली, और मनीष कुमार शुक्ला को चैकी प्रभारी तेरई फाटक बनाया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक महाराज सिंह को चैकी प्रभारी कैलगुवां थाना बानपुर और जय सिंह को थाना नाराहट भेजा गया है। इस व्यापक स्थानांतरण सूची में उप निरीक्षकों को विभिन्न थाना क्षेत्रों में भेजा गया है, जिससे कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक के इस कदम को जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए अहम माना जा रहा है।

## सिटी हॉस्पिटल का विधायिका ने किया उद्घाटन

बांदा। नरैनी कस्बे व गोरेपुरवा के मध्य मुख्य मार्ग में सिटी हॉस्पिटल का विधायिका ओममणि वर्मा ने उद्घाटन किया। अस्पताल का मुख्य उद्देश्य गरीबों के कम खर्च में मदद करना है। यह प्रयास नरैनी के युवा चिकित्सकों व गरीबों के सहयोगी डॉ नदीम सिद्दीकी व डॉ अजहर सिद्दीकी ने क्षेत्र वासियों की जटिल बीमारियों का निवारण करने के लिए शुरू किया है। नरैनी क्षेत्र के लोगों का इलाज कम खर्चे में आपसी सहयोग से किया जाएगा। चिकित्सालय के शुरू होने से जटिल बीमारियों का इलाज नरैनी में ही संभव हो सकेगा। इससे मरीजों को बांदा आने की आवश्यकता कम ही पड़ेगी। विधायिका ओममणि वर्मा ने अस्पताल की तारीफ की और कहा कि इससे क्षेत्र की प्रगति में एक कदम आगे बढ़ने का अवसर मिला है। धीरे-धीरे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निवारण किया जाएगा। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी शेख सादी जमा, एडवोकेट नियाजी, डॉ अरविंद झा, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ नीलम सिंह, सेवर्स ऑफ लाइफ के सलमान खान, सुनील सक्सेना तथा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## यातायात पुलिस टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता का प्रचार-प्रसार किये जाने तथा सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लाये जाने के उद्देश्य से जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात माह नवंबर के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न चौराहों, तिराहों, बस स्टैण्ड पर आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन का महत्व बताया साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाली जान-माल की संभावित हानि पर चर्चा की और लोगों को सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर यातायात जागरुकता पम्पलेट वितरित कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बड़े वाहनों, जैसे ट्रैक्टर-ट्राली आदि पर लाइट रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए ताकि रात के समय वे आसानी से दिखाई दे सकें। इसके साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। यातायात माह के रोस्टर के अनुसार, नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही भी की जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पत्रकारों पर हो रहे हमलों के विरोध में पत्रकार संगठनों ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग



महोबा। विभिन्न पत्रकार संगठनों के बैनर तले एकत्रित हुए सैकड़ो पत्रकारों ने बीते दिनों फतेहपुर जिले में हुई पत्रकार की हत्या एवं हमीरपुर जिले के सरीला में दो पत्रकारों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा गुर्गों के साथ मिलकर की गई दबंगई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पत्रकारों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लेने की मांग की है। बता दें कि यूपी के फतेहपुर जिले में पत्रकार की निर्मम हत्या के बाद हमीरपुर जिले के सरीला नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने गुर्गों के साथ मिलकर दो पत्रकारों को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने का गंभीर आरोप लगने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्थानीय पुलिस से सांठ-गांठ कर पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। दबंग नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा पत्रकारों के साथ की गई बर्बरता का वीडियो सामने आने के बाद पत्रकारों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। पत्रकारों के साथ हुई घटना से आक्रोशित सैकड़ों पत्रकारों ने अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब,उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन,उपजा, प्रेस क्लब एवं स्वतंत्र पत्रकार समिति के बैनर तले इकट्ठा होकर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लेने एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर संजय मिश्रा, डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, महेंद्र द्विवेदी, मनोज ओझा, विष्णु गुप्ता, जयप्रकाश द्विवेदी, अफसार द्विवेदी, खान, अखिलेश द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, ए के त्रिपाठी, प्रकाश सक्सेना, योगेश चौबे, इमामी खान आदि सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी कर बदमाश ले उड़े सोने की अंगूठी व चेन

ललितपुर। वाटर वर्क्स के पास नझाई बाजार में रहने वाले बाबूलाल जैन पुत्र दौलतराम जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका घर गली नम्बर 2 में है। बताया कि बीती 2 नवम्बर को शाम करीब 5 बजे जब वह कैलगुवां बाईपास से दूध लेकर वापस आ रहा था, तभी बेरायटी कटपीस सेंटर के पास वह जैसे ही पहुंचा तो एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आया और उसने अधिक उम्र होने की बात कहते हुये कहा कि वह बाइक न चलाये यह बड़े साहब का आदेश है। इतना ही नहीं आरोप है कि उक्त लोगों ने पीड़ित के सोने की अंगूठी, चेन निकलवाकर कागज की पुडि ?ा में निकालकर रखवा दी और पुडिया देकर चले गये। घर आकर जब उसने पुड़िया देखी तो उसमें बजरी और कंकड़ निकले। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## समाजसेवी राजन पांडे ने गरीबों महिलाओं के साथ मनायी दीपावली

अयोध्या। जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी हमेशा से कुछ अलग करने के लिए जाने जाते रहे उन्होंने इस बार दीपावली पर भी विशेष कार्य कर समाज के लिए एक नजीर पेश की। समाजसेवी राजन पांडेय ने इस बार दीपावली के अवसर पर अपने शिवनाथपुर स्थित आवास पर लगभग डेढ़ सौ से अधिक गरीब महिलाओं को साड़ी का पूरा सेट मिठाई और सभी को नगद राशि देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

समाजसेवी राजन ने कहा की मजबूत तबके के साथ हर कोई खुशियों का त्योहार मनाना चाहता है लेकिन गरीबों के साथ खुशियों का त्योहार मनाए तभी हमारा देश मजबूत होगा।

उन्होंने आगे कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को गरीबों के साथ त्योहारों को मनाना चाहिए ताकि उनके माध्यम से गरीब लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ सके। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राजन ने कहा कि उनके द्वारा मरते दम तक गरीबों की सेवा भगवान मानकर की जाती रहेगी इसलिए उनके घर का दरवाजा गरीबों के लिए हमेशा खुला रहता है।

वहीं उपस्थित आम जनमानस के मध्य ये चर्चा हो रही थी कि राजन पांडेय पहले भी अनेक त्योहारों के अवसर पर ऐसी अनोखी पहल के माध्यम से चर्चा का विषय रहे है। समाजसेवी राजन पांडे के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी पत्नी डॉ तृप्ति पांडेय, छोटे भाई बम बहादुर पांडे, त्रिलोकी नाथ पांडे, हरि नाथ पांडे, विंध्या पांडेय, पुत्री अर्चिता पांडेय, पुत्र अमित पांडेय, जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय, अर्पित पांडेय आदर्श पंडेय अमन पांडेय रोहित, संतराम विश्वकर्मा गयादीन रैदास, देवा खान , शुभम गुप्ता आदर्श यादव, रोहित पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## चोरी करने का मामला दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी संजय सिंह पुत्र स्व.चन्दन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 नवम्बर की रात करीब 1.30 बजे उसके घर की छत की ऊपर अटारी में उसकी मां चारपाई डालकर लेटी हुयी थी और दरबाजा खुला हुआ था। तभी रात में अज्ञात चोर ने घर में घुसकर चारपाई के बगल में दीवाल में बनी कच्ची अलमारी में एक बक्सा रखा हुआ था, जिसे उठाकर उसमें रखे हुये 20 हजार रुपये नकद, 2 चांदी की करदौनी, सोने का हार, मंगलसूत्र, सोने की चूडि ?ं, छोटी-बड़ी पायलें, बिछिया, कान के सोने के फूल, दाने वाली सोने की माला इत्यादि को चोरी कर लिया है। बताया कि आवाज सुनकर उसकी मां जाग गयी तो उसकी मां को धक्का लेकर उक्त चोर भाग गया। पीछा करने पर चोर भाग गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# हिन्दू आस्था पर हमला

हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों पर हमले की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि यह सिलसिला है जिसमें पूरी दुनिया में हिन्दुओं को, हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों के साथ ही धर्म और संस्कृति पर हमले हो रहे हैं। कनाडा तो है ही आतंकियों का समर्थक देश। यहां भारत विरोधी तत्व शरण और संरक्षण पाते हैं। जस्टिन ट्रूडो जैसे नेता अपने वोट बैंक के लिए खालिस्तानी आतंकियों के सामने समर्पित रहते हैं और इस कारण कनाडा में खालिस्तानी हिन्दुओं को, भारत के हितों को और हिन्दुओं के धर्म स्थलों को निशाना बना रहे हैं। लेकिन यह सब कुछ कनाडा में ही नहीं हो रहा है बल्कि बीते सितम्बर महीने में अमरीका में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पर तब हमला किया गया, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न्यूयॉर्क में थे। अमरीका में हिन्दू मंदिरों पर हमले के पीछे भी कोई हेट क्राइम नहीं था बल्कि जो अतिवादी कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान में भारत के खिलाफ सक्रिय हैं, वही अमरीका में भी हिन्दू मंदिरों पर हमले करते हैं। भारत विरोधी नारे लिखते हैं और कई मामलों में तो भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ भी आपत्तिजनक नारेबाजी लिखी जाती है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका आदि देशों में भारतीय हितों पर, हिन्दुओं पर और हिन्दू धर्म पर हो रहे हमलों को अलग-अलग देखने की जरूरत नहीं है। इन सबके पीछे वैश्विक मंच पर आर्थिक और सैन्य महाशक्ति के रूप में तेजी से उभरते भारत के हितों को नुकसान पहुंचाना, हिन्दुओं को परेशान करना और हिन्दू धर्म पर हमले करना है। वैसे अगर हम इतिहास में जायें तो हिन्दू धर्म दुनिया का प्राचीनतम धर्म होते हुए भी कई बार छोटे-छोटे धार्मिक समूहों के उत्पीड़न का शिकार हुआ है। इसके पीछे कहीं न कहीं हिन्दुओं का विभाजन है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भले ही हिन्दू एकता की बातें कुछ कठोर भाषा में कह रहे हैं, जिन्हें एक लोकतांत्रिक समाज में आपत्तिजनक कह सकते हैं, लेकिन सच यही है। आज विराट हिन्दू एकता की दरकार है। हिन्दू समाज जब-जब बंटा है, तब-तब उस पर हमले हुए हैं। हिन्दुओं के धर्मस्थलों को आक्रमणकारियों ने निशाना बनाया है। हिन्दू धर्म के लोगों पर अत्याचार किया गया है और ऐसे भी मौके आये हैं जब हिन्दुओं पर भारत में ही जजिया कर लगाया गया। कश्मीर हालिया उदाहरण है जहां जेनोसाइड हुआ और पूरे कश्मीर से हिन्दुओं को मार-काट कर भगा दिया गया। भारत विभाजन के बाद बने पाकिस्तान में कभी हिन्दुओं की अच्छी खासी आबादी थी, लेकिन उनका काफी हद तक सफाया कर दिया गया। जो दो-तीन फीसद हिन्दू बचे हैं वह भी सुरक्षित नहीं हैं। पाकिस्तान में प्रायः ऐसी घटनाएं होती हैं जिसमें हिन्दू लड़कियों से जबरदस्ती निकाह कर लिया जाता है और उनका धर्मपरिवर्तन कर दिया जाता है। विरोध करने पर हत्या, मार-काट आम बात है। हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों को कैसे निशाना बनाया जाता है इसका ज्वलंत उदाहरण मां शारदा पीठ है जिसे पाकिस्तान ने ध्वस्त कर कैफे बना दिया है। आखिर आज अगर काशी और मथुरा में धार्मिक विवाद है, तो उसकी जड़ में क्या है? यही न कि हिन्दुओं के धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया गया। दुर्भाग्य से आजाद भारत में हिन्दू धर्मस्थलों को मुक्त कराने का कोई सार्थक प्रयास लंबे समय तक नहीं हुआ। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्मित हो रहा है, लेकिन काशी और मथुरा का मामला अभी भी कानूनी पेचीदगियों में उलझा हुआ है। दरअसल जो लोग धर्मनिरपेक्षता के नाम पर हिन्दू धर्म को दबाने का षड़यंत्र कर रहे हैं उनको यह बात ठीक से समझ लेना चाहिए कि हिन्दुत्व ही विश्व शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द की गारंटी है। कोई भी धर्म अपने प्रभाव क्षेत्र में दूसरे को मौका नहीं देता है लेकिन हिन्दू धर्म के साथ और उसके प्रभाव क्षेत्र में कई धर्म अस्तित्व में आये हैं और उनसे कोई टकराव भी नहीं है। कारण की हिन्दू धर्म और संस्कृति स्वभाव से सहिष्णु है और मानव गरिमा का सम्मान करती है। इसलिए हिन्दुत्व को बचाने के लिए विराट हिन्दू एकता जरूरी है ताकि अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित पूरी दुनिया में हिन्दुओं पर होने वाले जुल्म-ज्यादती के खिलाफ मजबूत और मुखर आवास उठायी जा सके।



**पूरी दुनिया में हिन्दुओं पर हमले हो रहे हैं, बांग्लादेश से कनाडा तक एक ही कहानी है। इसके प्रतिकार के लिए विराट हिन्दू एकता जरूरी है।**

विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

# शर्मनाक हार के बाद साहसिक फैसले की दरकार

कुंवर चॉद खां



बहुत कुछ पहली बार हुआ। भारत ने 1932 से आरंभ हुए अपने टेस्ट क्रिकेट इतिहास में तीन टेस्टों की गृह श्रृंखला कभी 0-3 से नहीं हारी थी, न्यूजीलैंड ने इसी अंतर से सूपड़ा साफ कर दिया। पिछली 18 घरेलू श्रृंखलाओं में अजेय रहने वाला भारत कभी अपने घर में न्यूजीलैंड से श्रृंखला नहीं हारा था बल्कि न्यूजीलैंड ने इस दौरे से पहले भारतीय मैदानों में सिर्फ दो टेस्ट ही जीते थे और उसकी अंतिम जीत 1988 में आयी थी। भारतीय टीम इंग्लैंड में 42 रन पर (लॉर्ड्स 20 जून 1974) और ऑस्ट्रेलिया में 36 रन पर (एडिलेड 17 दिसम्बर 2020) अवश्य आल आउट हुई थी, लेकिन अपनी धरती पर उसकी एक पारी कभी 50 रन के भीतर नहीं सिमटी थी कि न्यूनतम स्कोर वेस्टइंडीज के विरुद्ध दिल्ली में 25 नवम्बर 1987 को 75 रन रहा था, लेकिन बंग्लुरु में 16 अक्टूबर 2024 को न्यूजीलैंड ने उसे मात्र 46 रन पर समेट दिया। मोहाली (1999) में न्यूजीलैंड ने भारत के पहले 5 विकेट मात्र 50 गेंदों में आउट कर दिए थे, लेकिन 3 नवम्बर 2024 को मुंबई में यह काम करने के लिए उसे सिर्फ 43 गेंदों की जरुरत पड़ी। यह भी पहली बार हुआ कि भारत के दो श्रेष्ठ बैटर्स रोहित शर्मा (91 रन, 15.16 औसत) और विराट कोहली (93 रन, 15.50 औसत) का सीरीज में औसत 16 से कम रहा (न्यूनतम 6 पारियों में)। ज्ञात रहे कि बतौर कप्तान रोहित शर्मा ने एक गृह सत्र में मात्र 13.30 की औसत से बल्लेबाजी की, जोकि केवल इंग्लैंड के कप्तान नासिर हुसैन से पीछे है, जिन्होंने 2000 के सत्र में 10.22 की औसत से बल्लेबाजी की।

जब इतना सब पहली बार हो रहा था तो यह आश्चर्यजनक नहीं है कि भारतीय क्रिकेट टीम (जो चार माह पहले टी-20 विश्व चैंपियन बनने का जश्न मना रही थी) ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध घरेलू टेस्ट श्रृंखला में पतन की नई गहराइयों को स्पर्श किया। लेकिन इससे भी शर्मनाक यह है कि रोहित शर्मा के लड़के स्पिन के उसी जाल में फंसकर पराजित हुए, जिससे अन्य टीमों को परास्त करते आ रहे थे और वह भी ऐसे दो गेंदबाजों से जिनमें से एक (मिचेल सेंटनर) वाइट बॉल स्पेशलिस्ट है और दूसरा (एजाज पटेल) सिर्फ.मुंबई में अपनी गेंदों से जादू करता है। गौरतलब है कि अब से पहले सेंटनर ने कभी टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में 5 विकेट नहीं लिए थे, लेकिन पुणे में उन्होंने पहली पारी में 7 और दूसरी में 6 विकेट लिए यानी मैच में कुल 13 विकेट लिए। एजाज पटेल जब पिछली बार मुंबई में खेले थे, तो वह एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले संसार के तीसरे गेंदबाज (इंग्लैंड के जिम लेकर व भारत के अनिल कुंबले के बाद) बने थे। इस सीरीज में मुंबई से पहले दो टेस्ट में उन्होंने सिर्फ.4 विकेट लिए थे, लेकिन मुंबई में उन्होंने मैच में 11 विकेट लिए और भारत को दूसरी पारी में जीत के लिए आवश्यक 147 रन नहीं बनाने दिए। इस तरह पटेल ने भारत के एक ही वेन्यू पर किसी विदेशी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। उनके मुंबई में अब 25 विकेट हो गये हैं, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड इंग्लैंड के इयान बोथम का था जिन्होंने मुंबई ही में 22 विकेट लिए थे।

## टेस्ट क्रिकेट

बहरहाल, बंग्लुरु में जब न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भारत को मात्र 46 रन पर आउट कर दिया था तो अगले दो टेस्टों (पुणे व मुंबई) में भारत ने अत्यधिक स्पिन लेती पिच तैयार कीं, लेकिन वो पासा भी उल्टा ही पड़ गया। अजीब समस्या है कि न तेज गेंदबाजी खेली जा रही है और न स्पिन। ऐसे में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप्स (डब्लूटीसी) के फाइनल की बर्थ दांव पर लगी हुई है, जोकि 2025 में लॉर्ड्स, इंग्लैंड में खेला जायेगा। डब्लूटीसी के अभी तक हुए दो फाइनल मुकाबलों में भारत रनर्स-अप रहा है कि पहले वह न्यूजीलैंड से हार गया था और फिर ऑस्ट्रेलिया से। अब न्यूजीलैंड से श्रृंखला 0-3 से हारने के बाद भारत ने लॉर्ड्स तक पहुंचने का मार्ग अपने लिए बेहद कठिन कर लिया है। हालांकि 58.33 प्रतिशत पॉइंट्स के साथ अंक तालिका में वह अब भी ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत पॉइंट्स) के बाद दूसरे स्थान पर है, लेकिन फाइनल में अपनी जगह सीधे पक्का करने के लिए उसे ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में 5 मैचों की श्रृंखला में 4-0 से हराना होगा, वर्ना यह देखते रहना होगा कि अन्य प्रमुख दावेदार जैसे श्रीलंका, न्यूजीलैंड व दक्षिण अफ्रीका अपने अपने शेष मैचों में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

न्यूजीलैंड से शर्मनाक हार के बावजूद भारत के कोच गौतम गंभीर का कहना है, मैं नहीं समझता कि स्पिन के विरुद्ध हमारे कौशल में कोई कमी आयी है। ड्रेसिंग रूम में हमारे पास खिलाड़ी हैं जो दो दिन तक बल्लेबाजी कर सकते हैं। जबकि भारत के कप्तान रोहित शर्मा का कहना है, 12 साल में एक बार तो (हारना) अल्लव्ड है यार। यह दोनों बयान एक ऐसे रोगी के प्रतीत हो रहे हैं जो सीने में दर्द की शिकायत लेकर ह्रदय रोग विशेषज्ञ के पास जाता है, जो जांच के बाद उससे कहता है कि उसकी आर्टरी ब्लाक हैं, उसे सर्जरी की जरुरत है, लेकिन वह एसिडिटी की गोलियां खाकर 'थ्री ईडियट्स' के रेंचो (अमीर खान) की तरह कहता है कि 'आल इज वेल'। तथ्य यह है कि भारतीय बैटर्स मूव होती गेंद को नहीं खेल पा रहे है, जब वह स्पिन भी कर रही हो। यह हाल जब घर पर है तो ऑस्ट्रेलिया में क्या होगा, जिसके पास इस समय दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाजी अटैक है और नॉथन लायन के रूप में दिग्गज स्पिन गेंदबाज?

दरअसल, कड़वा सच यह है कि हमारे दिग्गज खिलाड़ियों की अब उम्र हो गई है, वह फॉर्म में नहीं हैं, आत्मविश्वास भी कम है और टीम बदलाव के फेज में है। इसलिए क्रिकेट प्रेमियों को औसत से खराब नतीजों के लिए तैयार रहना चाहिए, विशेषकर रेड-बॉल फॉर्मेट में। इसमें शक नहीं है कि हमारे महान खिलाड़ियों ने घर व बाहर अविश्वसनीय व शानदार प्रदर्शन दिये हैं, लेकिन समय रूपी सच अब जोर की दस्तक दे रहा है और जरूरी है कि उसकी दस्तक को सुना जाये। सवाल यह है कि आगे का क्या रास्ता होना चाहिए? ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी जगह है, जहां खिलाड़ियों का कॅरियर बनता भी है और उस पर विराम भी लग जाता है। भारत की ए टीम फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में है, जहां बी साई सुदर्शन ने शानदार शतक लगाया है। साई को सीनियर टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर भेज देना चाहिए कि अगर यशस्वी जायसवाल या अभिमन्यु ईश्वरन चोटिल हो जाते हैं या रोहित शर्मा की फॉर्म नहीं लौटती है, तो वह उनकी जगह ले लें। इसी तरह मुकेश कुमार मुहम्मद शमी के विकल्प तो नहीं हैं, लेकिन फर्स्ट-चेंज का अच्छा आप्शन हैं। स्पिन में तनुष कोटियन, शम्स मुलानी व मानव साथर भी अपनी बारी की प्रतीक्षा में हैं। कहने का अर्थ है कि चयनकताओं को कुछ साहसिक फैसले लेने होंगे, तभी गिरती हुई दीवार की मरम्मत हो सकेगी।

> दरअसल, कड़वा सच यह है कि हमारे दिग्गज खिलाड़ियों की अब उम्र हो गई है, वह फॉर्म में नहीं हैं, आत्म विश्वास भी कम है और टीम बदलाव के फेज में है। इसलिए क्रिकेट प्रेमियों को औसत से खराब नतीजों के लिए तैयार रहना चाहिए, विशेषकर रेड-बॉल फॉर्मेट में।

सोशल मीडिया

वोट बैंक के लालच में हेमंत सरकार झारखंड को घुसपैठियों का अड्डा बना दिया है। प्रदेश में महिलाओं के अधिकारों का हनन हो रहा है और उनकी जमीनें हड़पी जा रही हैं। अमित शाह.



टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे, पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भारतीय जनता पार्टी इतनी कमजोर कभी न थी। अखिलेश यादव



बाला साहब ठाकरे जी के समय जब शिवसेना व भाजपा गठबंधन की सरकार थी, उनका उस समय का स्टेटमेंट मौजूद है कि ठाकरे परिवार का कोई व्यक्ति सरकार में नहीं जायेगा। सुधांशु त्रिवेदी.



# अनीति के विरुद्ध

अवांछनीय आदतें कष्ट का कारण बनती हैं। आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

अंतर्दृष्टि

# टमाटर संभाल कर रखें

व्यंग्यलोक

लो जी दो प्रदेशों के चुनाव भी हो गए। एक दूसरे को शर्मसार कर देने वाले भाषणों को विराम मिल गया। किसी थके नेता की मानिंद श्रीमती जी सोफे पर लेटीं पत्रिका में 'हाय! मैं शरम से लाल हुई' पढ़कर मंद-मंद मुस्कुरा रहीं थीं। लेकिन मुझे शरम से लाल हो जाने वाली बात हजम नहीं हुई। बल्कि पिलपिली खोपड़ी में उटपटांग विचार धमाचौकड़ी करने लगते हैं। वो इसलिए क्योंकि, शरम के प्रादुर्भाव के सम्बन्ध में ठीक-ठीक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। कोई पौराणिक उल्लेख अब तक मेरी नजर से नहीं गुजरा। सिवा इसके कि आदम और हौवा नंगे इस धरती पर आए थे। बचपन से लेकर जवानी तक नंगे विचरते रहे। जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही वर्जित फल का सेवन कर बैठे और मेरे विचार से इसके बाद ही उन पर शरम हावी हुई होगी। तब जाकर तन पर पत्ते वगैरह लपेटे होंगे। किन्तुअब पुरातन परम्पराएं टूट रहीं है। आज शादी के पूर्व की शरम, 'प्रीवेडिंग-शूट' की अधुनातन परम्परा के साथ तिरोहित होती जा रही है। आधुनिकता की दौड़ में संस्कार की वर्जनाओं को तोड़ते युवक-युवती की शरम, बेशरम हो चली है। शरम लगभग समाप्ति पर है। पश्चिम में पहले ही समाप्त हो चुकी है। भारत जैसे देश में अभी इसका अस्तित्व बाकी है। यद्यपि यहाँ भी बेशरमाई का दौर शुरू हो चुका है। रुपहले पर्दों पर कपड़ों के पीछे छुपी शरम, बेपर्दा होने की जंग जीत गई है। शरम ने गुलामी के कपड़े उतार कर बेशरमाई का चोला अंगीकार कर लिया है। राजनीति के खिलंदड नेताओं के खुले मंच से बेशर्मियत भरी बयानबाजी को जनता निर्विकार भाव सुन लेती है। अतः किसी का शरम से लाल हो जाना ठीक नहीं लगता। भले ही एक प्रेमी, लाल टमाटरों में गोरी के गालों का आभास कर लेता हो। कुलमिलाकर शरमाकर लाल हो जाने का अतिशयोक्तिपूर्ण प्रयोग ठीक नहीं है। एक मनचला पडोसी-युवक, युवती के घर के सामने से एक्टिंग मारते हुए गुजरता है। युवती से नजरें चार होतीं है। तब द्विआयामी असर दिखाई देता है। इधर युवती शरम से लाल होती है। उधर युवती का खलनायक भाई गुस्से से लाल हो जाता है। लाल दोनों हो रहे है। एक शरम से, दूसरा गुस्से से। वाह! क्या विकट स्थिति पैदा हो रही है। अब यही बात टमाटरों के लाल हो जाने की लीजिए। तो अर्थ एक ही है? टमाटर पक चुका है। खा लिया जाना चाहिए, अन्यथा सड़ेगा। इसके सिवा कुछ नहीं। स्पष्ट है, युवती का शरमा कर लाल हो जाना यथार्थ नहीं है। यथार्थ है टमाटर का लाल होकर सड़ जाना। मैं अपनी शरम टमाटरों को समर्पित करता हूँ। शीघ्र चुनाव परिणाम आने को हैं। कृपया टमाटरों को सम्हाल कर रखें। कुछ के सेवन के काम आयेंगे और कुछ को शरम के समर्पण के लिए बचा कर रखें।



राकेश सोहम

# ट्रू कॉलर के दौर में भय की पर्याय बनी होक्स काल



एक्सट्रा रीडिंग

एन.के.अरोड़ा

पिछले दिनों 17 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024 के दौरान 24 घंटों में देशभर से 9 विमानों को उड़ा देने की होक्स कॉल यानी झूठी फोन कॉल्स आयीं। आने वाली ऐसी झूठी और डरावनी फोन कॉल्स को अगर पिछले दो महीने की अवधि के आईने में देखा जाए तो कम से कम 70 ऐसी कॉल्स आयीं हैं, इनमें से कई कॉल्स तो तब आयीं, जब संबंधित फ्लाइट अभी उड़ी नहीं थी बल्कि हवाई अड्डे में ही खड़ी थी। लेकिन कई ऐसी कॉल्स भी आयीं, जो उन हवाई जहाजों से संबंधित थीं, जो जमीन से उड़ान भर चुके थे और उस समय हवा में थे। अचानक आयीं इन होक्स कॉल की बाढ़ से न सिर्फ हजारों यात्री, उनके घर वाले, उनसे जुड़े लोग, परेशान हुए हैं बल्कि दूसरे ऐसे लोग भी दहशत से भर गये हैं जो उस समय न तो फ्लाइट में थे और न ही एयरपोर्ट में, लेकिन अकसर हवाई यात्रा करते रहते हैं। इन होक्स कॉल के कारण हवाई अड्डों में सैकड़ों घंटे अफरा तफरी मची रही। यही नहीं इन होक्स कॉल के कारण सिर्फ एक महीने के भीतर ही कई हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

जी हां, कई हजार करोड़ रुपये, क्योंकि अगर कोई हवाई जहाज उड़ान भर चुका हो और इस दौरान आयी होक्स कॉल के कारण उसे हवा से वापस जमीन पर बुलाया जाए तो इस सबमें औसतन 3 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। लेकिन इस खर्च के बारे में तो हिसाब बाद में लगाएंगे, सबसे पहले इस बात पर विचार करना जरूरी है कि इस डिजिटल और जीपीएस के दौर में जब आसानी से पता चलता जाता है कि कॉल करने वाला कोई व्यक्ति कहां से कॉल कर रहा है? आखिर पहचान की ऐसी ट्रांसपेरेंसी के दौर में भी कोई किसी को झूठी या डरावनी कॉल करके कैसे डरा सकता है? वो कौन सा तरीका है जो झूठी कॉल करने वाले को ऐसा करते हुए जरा भी डरने नहीं देता? वास्तव में आसानी से आइडेंटी उजागर होने वाले इस दौर में भी अगर लगातार होक्स कॉल आने का सिलसिला न सिर्फ बना हुआ है बल्कि बढ़ रहा है, तो इसका कारण वही तकनीक है, जिसके जरिये हम यह सोचते हैं कि झूठी कॉल करने वाले की पहचान बहुत आसान है, इससे उसे डरना चाहिए। मगर हकीकत यह है कि जो तकनीक पहचान को आसानी से उजागर करने में माहिर है, उसी तकनीक के पास कुछ ऐसे रास्ते भी हैं, जिनकी बदौलत इस ट्रू कॉलर के दौर में भी अपराधी डरावनी कॉल करने के बाद भी छिपे रहते हैं और अपनी इस कृत्य से लोगों को बार बार डराते हैं।

भले तकनीक के एक पहलू के चलते आज कहीं से भी कॉल करने की पहचान करनी आसान हो गई हो, लेकिन उसी तकनीकी की बदौलत इस व्यवस्था में कुछ ऐसे चोर दरवाजे निकाल लिए गए हैं, जिनका इस्तेमाल करके डरावनी कॉल करने वाले लोग आसानी से अपने को छिपा लेते हैं, इसलिए इस दौर में भी ऐसे लोग निडर हो गये हैं। ट्रू कॉलर के इस दौर में भी अगर अपराधी झूठी कॉल करके लोगों को दहशत में डाल देते हैं तो इसके पीछे एक ऐसी तकनीकी चालाकी मौजूद है, जिसे स्पूफिंग तकनीक कहते हैं। इसके बदौलत अपराधी कॉल्स आसानी से अपनी पहचान छिपा लेते हैं। दरअसल वे स्पूफिंग का इस्तेमाल करके किसी दूसरे नंबर का उपयोग करते हैं। कुल मिलाकर जिस नंबर से वह कॉल कर रहे होते हैं, वह प्रदर्शित नहीं होता बल्कि पहचान बताने के तौर पर एक फर्जी नाम और नंबर प्रदर्शित होता है। कहने का मतलब जो नंबर पहचान के तौर पर फ्लैश होता है, वह किसी ऐसे मासूम व्यक्ति का होता है, जिसे दूर दूर तक इस सबका पता ही नहीं होता। पुलिस जब जिस कॉल से फर्जी कॉल आयी होती है, वहां पहुंचती है तो पता चलता है कि उस व्यक्ति ने तो ऐसी कॉल की ही नहीं। उसका तो किसी अपराधी ने महज इस्तेमाल कर लिया था। वास्तव में ऐसा कई तकनीकी एप्स के जरिये संभव होता है। दरअसल कई ऐसे एप्स हैं, जो लोगों को अपनी पहचान छुपाने की अनुमति देते हैं। ये सेवाएं किसी भी कॉल्स को अनाम बनाकर लोगों को डराने और भ्रमित करने का मौका देती हैं। हालांकि ऐसी सेवाओं और ऐसे एप्स के विरूद्ध अकसर पुलिस एक्शन लेते दिखती है, लेकिन इस मामले में अपराधी और अपराधों पर नियंत्रण रखने वाली पुलिस के बीच चूहा बिल्ली की दौड़ लगी रहती है। जब तक पुलिस या अपराधों पर नियंत्रण रखने वाली एजेंसियां ऐसी आइडीज की काट ढूंढ़ती हैं, तब तक अपराधी प्रवृत्ति के लोग कोई नया ही रास्ता ढूढ़ लेते हैं और इस तरह डरावनी कॉल्स या होक्स कॉल का सिलसिला बना रहता है।

## आप की बात

### तेज औद्योगिक विकास जरूरी

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा। दरअसल राज्य की जीएसडीपी बढ़ाने, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने, रोजगार के असर बढ़ाने और गरीबी को खत्म करने का एक ही तरीका है और वह तेज औद्योगिक विकास।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### निवेशकों का बढ़ता भरोसा

भारतीय बाजार में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हालांकि पूंजी बाजार देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आईना नहीं है। यह वास्तविक आर्थिक विकास, समृद्धि एवं कल्याण का सर्वमान्य मानक भी नहीं है। एक ऐसी अर्थव्यवस्था में जहां असमतल विकास, आर्थिक विषमता और अमीर-गरीब की बेतहाश चौड़ी खाई हो, वहां पूंजी बाजार के घटक निफ्टी या सेंसेक्स के आंकड़ों के आधार पर लोगों की माली हालत का अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। यही कारण है कि जब सरकारें पूंजी बाजार के आंकड़ों के सहारे देश के आर्थिक परिदृश्य की गुलामी छंटा दिखती हैं, तो तमाम समाजवादी या वामपंथी आस्था वाले आर्थिक विश्लेषक इसे पूंजीवादी धोखा, अर्थव्यवस्था का पश्चिमीकरण, आर्थिक बुलबुला और न जाने कौन-कौन से शब्दों से लानत-मलामत देते हैं। लेकिन जरा सोचिए कि अगर पूंजी बाजार की गर्माहट, जीडीपी में बढ़त, वैश्विक व्यापार में दिनोंदिन बढ़ती भागीदारी, निजी, सार्वजनिक और एफडीआई निवेश का बढ़ता आंकड़ा, ये सब देश की आर्थिक प्रगति के मजबूत संकेत नहीं हैं, तो और क्या है। जाहिर है हम इन्हीं आंकड़ों के सहारे किसी देश की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का अनुमान लगाते हैं। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि पूंजी बाजार के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचना यह साबित करता है कि हमारी अर्थव्यवस्था की भावी तस्वीर बहुत बुलंद है। पूंजी बाजार दरअसल अनुमानों, अटकलों, आशकांओं और उम्मीदों पर चलता है। यह देश के भावी आर्थिक हालात को पहले ही अनुमानित कर अपनी प्रतिक्रिया करता है। इसे इस तरह भी समझ सकते हैं कि भविष्य में देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, प्रगति और निवेश में सुधार आयेगा, तो शेयर बाजार कई महीना पहले ही कुलांचे भरने लगता है। इसलिए शेयर बाजार में हो गिरावट बीते एक-दो सप्ताह से है उसके पीछे वैश्विक कारण हैं।

**आदित्य प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## युवती से छेड़छाड़ मामले में पुलिस नहीं दर्ज कर रही मुकदमा

मिल्कीपुर-अयोध्या। पुलिस चैकी खण्डासा क्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के ही व्यक्ति पर घर में घुसकर छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि पुलिस चैकी से लेकर सीओ कार्यलय तक शिकायती पत्र दिया। लेकिन दस दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी ।मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस चैकी खण्डासा क्षेत्र के एक गांव की युवती ने आरोप लगाया है कि बीते 24 अक्टूबर की रात 9:00 बजे मेरे पिता खेत की ओर गए थे और मां बर्तन मांज रही थी तभी गांव का एक व्यक्ति घर घुसकर छेड़छाड़ करने लगा जब मैंने इसका विरोध करते हुए चिल्लाई तो आरोपी के घर के अन्य लोग भी पहुंच कर मारते-पीटते हुए कपड़े को फाड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने सुबह चैकी पर बुलाकर था जहां पहुंच कर तहरीर लिया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता का कहना है कि तहरीर लेकर थाने और सीओ साहब के पास भी गई थी। वहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई यही कहां गया था कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



बहराइच । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, तहसीलदार अम्बिका चैधरी व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जनसमस्याओं का निस्तारण समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ करें। निस्तारण में अनावश्यक हीला-हवाली को अत्यन्त गम्भीरता के साथ लिया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि न्यायालय द्वारा निर्णित प्रकरणो में समय से पैमाइश सुनिश्चित की जाय। डीएम ने सचेत किया कि ऐसे प्रकरणों में यदि किसी प्रकार के विलम्ब की शिकायत मिलती है तो सम्बन्धित को निलम्बित करने की कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि अतिक्रमण से मुक्त कराये गये मार्गों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि पर दोबारा कब्जे की शिकायत मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 44 में 05, नानपारा में प्राप्त 23 में 02, पयागपुर में प्राप्त 27 में 03, कैसरगंज में 39 में 06, महसी में 28 में 02, सदर बहराइच में 12 में 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## जिले में 459 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की तैयारी

अयोध्या। जिले में संचालित 459 विद्यालयों को बंद करने की तैयारी चल रही है जिसका प्राथमिक शिक्षक संघ के कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की एक बैठक गोकुल होटल में आहुत की गई जिसकी अध्यक्षता डॉ संजय सिंह ने किया और नेतृत्व प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विश्वनाथ सिंह ने किया ।बैठक में बताया गया कि जनपद अयोध्या में संचालित 459 विद्यालय जिसमें 50 से कम छात्र छात्राएं

- प्राथमिक शिक्षक संघ ने जताया कड़ा विरोध

अध्ययन कर रहे हैं शासन द्वारा उनको नजदीकी विद्यालय में संविलयन करने के लिए हरी झंडी दे दी गई है ।सरकार के इस निर्णय पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की अयोध्या जिला कार्यकारिणी ने कड़ा विरोध जताया है।

प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने कहा कि आर टी ई एक्ट के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि प्रत्येक 1 किमी पर एक प्राथमिक और तीन किमी पर एक उच्च प्राथमिक विद्यालय होना अनिवार्य होगा। सरकार के ऐसे निर्णय से ऐसे गरीब और अपवंचित वर्ग के नौनिहालों के लिए शिक्षा प्राप्त करने में बहुत गम्भीर समस्या उत्पन्न हो जाएगी । एक तरफ जहां सरकार बालिका सुरक्षा और शिक्षा की बात करती है वहीं दूसरी तरफ ऐसे फैसले से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने बताया कि जनपद अयोध्या में भी 459 विद्यालय इस दायरे में आ रहे हैं। यदि ऐसा होता है तो उसमें अध्ययनरत गरीब बच्चों के समक्ष शिक्षा का संकट उत्पन्न होगा । उन्होंने कहा कि यदि एक्ट में प्रत्येक 1 किमी पर विद्यालय स्थापित करने के प्रावधान है तो 100 मी और 500 मी पर निजी विद्यालयों को क्यों मान्यता दे दी जाती है। कुछ विद्यालय तो बिना मान्यता के हीं धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं जिस पर कोई अंकुश नहीं है। ऐसी स्थिति में परिषदीय विद्यालयों की छात्र संख्या कम होना स्वाभाविक हीं है । जिला मंत्री प्रेम वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार के निर्णय से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा और व्यावहारिक रूप से आम जनमानस के विरुद्ध है क्यों कि इससे नए बेरोजगारों के लिए निकलने वाली शिक्षक भर्ती के लिए सृजित पदों में भरी कमी आएगी ।

## डीएम ने किया यातायात माह का शुभारंभ



बाराबंकी। पुलिस लाइन परिसर मे सड़क सुरक्षा एंव यातायात नियमों के प्रति जागरुक हेतु यातायात माह नवम्बर 2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो को जागरुक करते हुये कहा कि यातायात का पालन करना हम सभी का कर्तव्य है। नियमों का पालन करके अपना और दूसरे का जीवन सुरक्षित कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि दो पहिया वाहन हेलमेट व चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का प्रयोग ओवरस्पीडिंग न करना, रेड लाइट जम्पिंग न करना, वाहन चलाते हुए मोबाइल/ईयर फोन का प्रयोग नहीं करना, नशे की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया। इसके उपरान्त जागरुकता रैली को डी0एम ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, यातायात प्रभारी रामयतन यादव, समाजसेवी दीपक जैन समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 12 को

बहराइच ।जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 12 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 04:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। समिति के सचिव ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच ।जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क ह्यओह्न लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 10 नवम्बर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए सुश्री भारद्वाज ने बताया कि ऐसे अभिभावकों जिनकी वार्षिक आय रू. 01 लाख वार्षिक से अधिक न हो, अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक न हो, शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट से न्यून न हो तथा किसी भी संस्था से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर रहे हों, अर्ह होंगे। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 10 नवम्बर 2024 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## लैब उपकरणों के रख-रखाव, सुचारु संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



बाराबंकी। 13 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में लैब उपकरणों के रख-रखाव व सुचारू संचालन हेतु राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में कार्यदायी संस्था श्रीट्रॉन इण्डिया लिमिटेड की देख-रेख मे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालयों में आई0सी0टी लैब के अंतर्गत पाठ्य सामग्री को रोचक तरीके से बच्चों को बताने वैयक्तिक विभिन्नता को ध्यान में रख शिक्षा के उद्देश्यों को प्राप्त किये जाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रधानाचार्या नंदिता सिंह, जीआईसी निंदुरा प्रधानाचार्य भानु प्रताप, जीआईसी सूरतगंज प्रधानाचार्य अरविंद सिंह, जीआईसी अहमदपुर प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता, जीजीआईसी जैदपुर प्रधानाचार्य डॉक्टर मंजू श्रीवास्तव, जीजीआईसी बांदा प्रधानाचार्य डॉक्टर अर्चना पांडे, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसूलपुर हाउस प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहदीपुर प्रधानाचार्य सुनीता रानी सहित अन्य विद्यालय ने प्रतिभाग किया।

# जिला चिकित्सालय में सुविधाओं का होगा विस्तार



- प्राइवेट वार्ड शुरू करने की तैयारी, अभी अस्पताल में हैं केवल छह बेड
- अस्पताल में एनसीडी व जिरियाट्रिक वार्ड बनाने की भी चल रही तैयारी

अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी में स्वास्थ्य सेवाओं में इजाफा करने की योगी सरकार की कवायद तेज गति से आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में पहल जिला चिकित्सालय प्रशासन ने की है। यहां प्राइवेट वार्ड शुरू करने के साथ ही एनसीडी क्लीनिक और जिरियाट्रिक वार्ड बनाने की तैयारी चल रही है। इन सेवाओं के अस्पताल में शुरू होते ही जिला अस्पताल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने वाला अस्पताल बन जायेगा। अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम यहां के अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने व एक मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल खोलने का निर्देश दिया था, हालांकि अस्पताल के लिए जमीन तलाशे जाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। संभवतः जल्द ही इस कड़ी में प्रशासन को सफलता मिल सकती है। वहीं सुविधाएं बढ़ाने के लिए जिला अस्पताल प्रशासन ने मंथन करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले अस्पताल में प्राइवेट वार्ड शुरू करने की तैयारी चल रही है ।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा बताते हैं कि अस्पताल में न्यू बिल्डिंग के पीछे भवन में छह बेड वाला प्राइवेट वार्ड है। हर कमरे में शौचालय व स्नानघर अटैच है। इसके अलावा इसमें तीमारदार के रुकने व बैठने का इंतजाम रहेगा। प्राइवेट वार्ड लेने के लिए दो हजार रुपये सिक्योरिटी मनी के रूप में जमा करने होंगे। 34 रुपये रजिस्ट्रेशन फीस होगी। प्रत्येक दिन के हिसाब से 100 रुपये रूम का रेंट होगा। आईवी ड्रिप का चार्ज रोजाना 34 रुपये देय होगा। बड़े ऑपरेशन के लिए भर्ती होने पर 1065 रुपये फीस पड़ेगी। जल्द ही स्टाफ की ड्यूटी आवंटित कर इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा ।जिला चिकित्सालय में गैर-संक्रामक रोगों के लिए एनसीडी क्लीनिक खोलने की तैयारी चल रही है। इस क्लीनिक के खुलने से संक्रामक रोगों के मरीजों के साथ गैर-संक्रामक रोगों के मरीज को मरीज को इलाज नहीं कराना पड़ेगा। दरअसल अभी होता यह है कि गैर-संक्रामक रोगी जैसे हृदय रोगी, मधुमेह व कैंसर जैसे पेशेंट भी संक्रामक रोगियों के साथ चिकित्सक के पास इलाज के लिए पहुंचते हैं। इस क्लीनिक के खुलने के पश्चात एक चिकित्सक की तैनाती की जाएगी, जहां सिर्फ गैर-संक्रामक मरीजों को देखने की सुविधा रहेगी।

जिरियाट्रिक वार्ड में बुजुर्गों के इलाज की व्यवस्था होती है। ऐसे वार्ड को अस्पताल में बनाने की तैयारी चल रही है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि अभी विचार है कि आठ बेड वाले रिजर्व वार्ड को ही जिरियाट्रिक वार्ड के रूप में इस्तेमाल किया जाए।

## गर्भवती महिलाओं की डीएम ने की गोदभराई



बहराइच । तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर दरोगापुरवा की श्रीमती सरोजनी पत्नी सज्जन व रायबोझा की श्रीमती कौशिल्या वर्मा पत्नी कोमल वर्मा की गोदभराई की तथा ग्राम कुड़वा के उगमित पुत्र विश्राम व मुस्कान पुत्री अनिल को अन्नप्रासन्न कराया।

## अफीम खेती के लाइसेंस धारकों की समस्याओ को लेकर सांसद तनुज पुनिया ने वित्त राज्यमंत्री को लिखा पत्र

जिला संवाददाता(vol)

- पात्रता सूची में रख लाइसेंस जारी करने की मांग



बाराबंकी। जनपद के अफीम और पोस्ता के डोडा की खेती करने वाले लाइसेंस धारकों की फसल ओलावृष्टि होने के कारण बर्बाद हुई थी। जिसके कारण किसान मानक के अनुसार अफीम नही दे सके। भारत सरकार का वित्त मंत्रालय किसानों की इस अहम समस्या को संज्ञान में ले और 2024-25 में 10 ऐरी में 67.500 किलोग्राम की जगह वर्ष 2022-2023 में 60 किलोग्राम तक डोडा (भूसा) देने वाले अफीम की खेती के लाइसेंस धारकों को पात्रता की सूची में रखकर लाइसेंस जारी करें। उक्त मांग काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने अफीम खेती करने वाले लाइसेंस धारकों की परेशानी को सुनकर भारत सरकार के वित्त राज्यमंत्री पंकज चैधरी को पत्र लिखकर की है। वित्त मंत्री को प्रेषित पत्र में सांसद श्री पुनिया ने कहा है कि भारत सरकार द्वारा अफीम पोस्ते की खेती के लाइसेंस का पट्टा सी0पी0एस0 के माध्यम से किसानों को पांच वर्ष के लिये आवण्टित किया गया था। और किसानों से पांच वर्ष की लाइसेंस फीस भी जमा करा ली गयी थी।

जिसके तहत पट्टा धाराकों को पांच वर्ष में 300.50 किलोग्राम डोडा (भूसा) भारत सरकार को देना है। लेकिन वर्ष 2022-2023 में ओलावृष्टि होने के कारण किसानों की अफीम की फसल चैपट हो गयी और सही उत्पादन नहीं हो पाया लेकिन लाइसेंस धाराकों द्वारा जितना उत्पादन हुआ उतना सरकार को दिया गया। अफीम के खेती के लाइसेंस धारकों को स्थानीय नॉरकोटिक्स विभाग के अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आपके लाइसेंस जारी रहेंगे। लेकिन वर्ष 2024-2025 में भारत सरकार द्वारा 10 ऐरी में 67.500 किलोग्राम डोडा उत्पादन करने वाले लाइसेंस धाराकों को ही पात्रता की सूची में रखा और बाकी का लाइसेंस रोक दिया है। जिसके लिये जनपद के अफीम की खेती करने वाले लाइसेंस धारक किसानों में निराशा व्याप्त है। और उन्होनें सामूहिक रूप से 67.500 किलोग्राम की जगह 60 किलोग्राम डोडा उत्पादन करने वाले किसानों को लाइसेंस जारी किये जाने का अनुरोध किया है।

## शहर में यातायात व्यवस्था ध्वस्त

अयोध्या। यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। प्रशासन इसे देखकर पूरी तरह अनभिज्ञ है, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी, महामंत्री रमेश चैरसिया ने कहा है कि चैक से फतेहगंज, चैक से रीड गंज व नाका पर इस तरह का जाम लगा रहता है कि लोग नहीं चल पाते और गलियों का सहारा लेते हैं जहां उन्हें आए दिन छुट्टा जानवरों का सामना करना पड़ता है जिससे कई लोग चोट भी खाते हैं। बैटरी रिक्शा वालों का तो उससे भी बुरा हाल है बेतरतीब चलते वाहन आए दिन बाइक सवारों को ठोकर मारते हैं, रात में ना लाइट जलते हैं ना हारन बजाते हैं। इन सबको देखकर भी यातायात पुलिस मौन है वह मात्र चैराहों पर अपनी ड्यूटी पूरी कर लेती है। श्री साहनी ने बताया कि लगभग 1 दशक पूर्व यहां के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी प्रशासन के अधिकारी पुलिस अधिकारी रोज सायं शहर का मुआयना करते थे।

# पीएनबी मुख्य शाखा में लूट की कोशिश करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

- कनाडा में रहने वाली गर्लफ्रैंड को महंगा गिफ्ट देने के लिए बनाया था प्लान
- 3 घंटों मे पुलिस टीम ने किया घटना का खुलासा



बाराबंकी। गर्लफ्रेण्ड को महंगे उपहार देने के लिए पीएनबी बैंक में चोरी के प्रयास करने वाले अभियुक्त को 3 घण्टे मे थाना नगर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबन्धक सोनू दीक्षित पुत्र रामबाबू दीक्षित निवासी इन्दिरा मार्केट निकट छाया चौराहा थाना कोतवाली नगर ने बैंक खुलने पर अपनी शाखा पर बैंक के ताले टूटे पड़े व और काफी तोड़फोड़ मिलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाना नगर कोतवाली पुलिस टीम ने गहनता से जांच कर आसपास के 10 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तथा 3 घंटों मे नगर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अभियुक्त शाहिद खान उर्फ अब्दुल समद पुत्र स्व0 फिरोज खान निवासी मोहल्ला बेगमगंज को घटना में प्रयुक्त औजार बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि उसकी तीन गर्लफ्रेण्ड हैं। जिनमें से एक इंस्टाग्राम के माध्यम से मिली थी। जो कनाडा में रहती है। चैटिंग के माध्यम से दोनों में प्रेम सम्बन्ध हो गये। जिसको इम्प्रेस करने हेतु महंगे उपहार देने के लिए अभियुक्त को रूपयों की आवश्यकता थी। जिसके बाद 30 अक्टूबर को बैंक के बाहर स्थित दुकान पर बैठकर रेकी करने के दौरान 31 अक्टूबर की रात्रि को घटना को अंजाम दिया। अभियुक्त का थाना नगर कोतवाली मे आपराधिक इतिहास भी दर्ज है।

## ग्रामीण क्षेत्र की बदहाल सड़कों के पुनर्निर्माण की मांग

अयोध्या। धान क्रय केंद्रों पर तत्काल धान खरीद कराए जाने, चीनी मिल तुरन्त चालू कराने तथा ग्रामीण क्षेत्र की बदहाल सड़कों का पुनर्निर्माण कराए जाने आदि मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मण्डल 06 नवम्बर को जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा। उक्त निर्णय सोमवार को मसोधा स्थित राणी सती मंदिर में हुई संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में लिया गया। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय आवाहन पर 07 नवम्बर से 25 नवम्बर तक किसान जागरण अभियान चलाकर 26 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित कर किसानों के मुद्दों को उठाया जाएगा ।बैठक के माध्यम से कहा गया कि अभियान के तहत पर्चा वितरण, बैठकें, यात्राएं तथा किसानों से सीधे । विरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा।

## धान खरीद कार्य का डीएम ने किया शुभारम्भ

बहराइच ।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ होने वाली धान खरीद का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शुभारम्भ किया। डीएम ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना के उपरान्त फीता काटकर क्रय एजेन्सी खाद्य एवं रसद विभाग के धान क्रय केन्द्र का उदघाटन किया। धान क्रय केन्द्र पर ग्राम जोहरा, नसरापुर, पकड़ीकला व कमोलिया के मौजूद कृषक हेमन्त वर्मा, ध्रुव नारायण सिंह, राम दयाल शुक्ला व कुंवर बहादुर पांडे को अपर जिलाधिकारी ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी केन्द्र पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन की मंशानुरूप किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। आवश्यकतानुसार क्रय केन्द्रों पर संसाधनों की बढ़ोत्तरी भी की जाय ताकि किसानों की उपज को आसानी के साथ खरीदा जा सके।

# सड़क निर्माण में गड़बड़ी मिली तो बड़े अफसर भी नपेंगे : सीएम

- जन महत्व की परियोजनाओं में समयबद्धता–गुणवत्ता से समझौता नहीं, एग्रीमेंट के नियमों के उल्लंघन पर कांट्रेक्टर/फर्म होगा ब्लैकलिस्ट
- सड़क हो या सेतु, स्वीकृति देने से पहले उसकी लोक महत्ता का आंकलन जरूर किया जाए

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क निर्माण की परियोजना तैयार करते समय स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। प्रत्येक परियोजना के लिए समयबद्धता और गुणवत्ता अनिवार्य शर्त है, इससे समझौता नहीं किया जा सकता। गड़बड़ी पर जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक सबकी जवाबदेही तय होगी। एग्रीमेंट के नियमों का उल्लंघन होगा तो कांट्रेक्टर/फर्म को ब्लैकलिस्ट होगा और कठोर कार्रवाई भी होगी। पेटी कॉन्ट्रेक्टर/सबलेट की व्यवस्था स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री सोमवार को लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डीपीआर को अंतिम रूप देने के साथ ही कार्य प्रारंभ करने और समाप्त होने की तिथि सुनिश्चित कर ली जानी चाहिए और फिर इसका कड़ाई से अनुपालन किया जाए। बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। पूर्ण हो चुके कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराई जाए। सड़क और सेतु हो अथवा आमजन से जुड़ी अन्य निर्माण परियोजनाएं, स्वीकृति देने से पहले उसकी लोक महत्ता का आंकलन जरूर किया जाए। विकास में संतुलन सबसे आवश्यक है। पहले आवश्यकता की परख करें, प्राथमिकता तय करें, फिर मेरिट के आधार पर किसी सड़क अथवा सेतु निर्माण की स्वीकृति दें। विकास कार्यों का लाभ सभी 75 जनपदों को मिले। उन्होंने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय तहसील/ब्लाक मुख्यालय योजना अंतर्गत प्रदेश के समस्त तहसील/ब्लॉक मुख्यालय को जिला मुख्यालय से न्यूनतम दो लेन मार्गों से जोड़े जाने का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। एक भी तहसील-एक भी ब्लॉक इससे अछूता न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के अंतरराज्यीय तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भव्य 'मैत्री द्वार' बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा कराएं। जहां भूमि की अनुपलब्धता हो, तत्काल स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। द्वार सीमा पर ही बनाए जाएं। यह आकर्षक हों, यहां प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी हो। अब तक 96 मार्गों पर प्रवेश द्वार पूर्ण, निमार्णाधीन हैं। अवशेष मार्गों पर प्रवेश द्वार निर्माण की कार्यवाही यथाशीघ्र पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की सड़कों का निर्माण अब लोक निर्माण विभाग द्वारा ही किया जा रहा है। यह किसानों.व्यापारियों के हित से जुड़ा प्रकरण है, इसे प्राथमिकता दें। यहां गड्ढे नहीं होने चाहिए। अभी लगभग 6000 किमी सड़कों का पुनर्निर्माण/चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण किया जाना है। इन्हें एफडीआर तकनीक से बनाया जाना चाहिए। इसके लिए बजट की कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गों पर अच्छी सड़कें हों, पर्यटकों/श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा हो, सड़कों के निर्माण/चौड़ीकरण किये जा रहे हैं। इसमें प्रत्येक जिले के सिख, बौद्ध, जैन, वाल्मीकि, रविदास, कबीरपंथी सहित सभी पंथों/संप्रदायों के धार्मिक/ऐतिहासिक/पौराणिक महत्व के स्थलों को जोड़ा जाए। मार्ग का चयन मानक के अनुरूप ही हो। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर धर्मार्थ कार्य विभाग और संबंधित जिलाधिकारी के सहयोग से इसे समय से पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई एवं जैव ऊर्जा विभाग द्वारा डिफेंस कॉरिडोर, औद्योगिक लॉजिस्टिक्स पार्क, औद्योगिक क्षेत्र और प्लेज पार्क योजना जैसी बड़े महत्व की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इन औद्योगिक क्षेत्रों तक आने-जाने के लिए चयनित मार्गों को यथासंभव फोर लेन मार्ग से जोड़ा जाना चाहिए। ऐसे राज्य मार्ग जो वर्तमान में दो-लेन एवं दो-लेन से कम चौड़े हैं उन्हें लोक महत्ता के अनुरूप न्यूनतम दो-लेन विद पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई में निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सेतु, जनता द्वारा निर्मित अस्थाई पुल, संकरे पुल, बाढ़ के कारण प्रायः क्षतिग्रस्त होने वाले मार्गों पर पुल तथा सार्वजनिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्गों पर सेतु निर्माण को प्राथमिकता में रखें। हर विधानसभा में जरूरत के अनुसार 3 लघु सेतुओं के निर्माण की कार्ययोजना तैयार करें। जहां भी दीर्घ सेतु क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए। सभी जिलों से प्रस्ताव लें, जहां दीर्घ सेतु की आवश्यकता हो, कार्ययोजना में सम्मिलित करें। शहरी क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त/संकरे सेतुओं के स्थान पर नये सेतुओं का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। इसका लाभ सभी जिलों को मिलना चाहिए। सीएम ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर ऐसी बसावट/ग्राम जिसकी आबादी 250 से अधिक हो तथा मार्ग की लम्बाई 1.00 किमी या उससे अधिक हो, उन्हें एकल कनेक्टिविटी प्रदान किये जाने के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण कराया जाए। इसी प्रकार, दो ग्रामों/बसावों को जिनकी आबादी 250 से अधिक है, को इंटर कनेक्टिविटी प्रदान किये जाने के लिए सम्पर्क मार्ग का निर्माण भी हो। इसके लिए सर्वे कराएं, आवश्यकता को परखें, फिर निर्णय लें।

## आम आदमी पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान



अयोध्या। आम आदमी पार्टी ने 4 नवंबर से उत्तर प्रदेश की 403 विधानसभाओं में 50 लाख सदस्य बनाने का अभियान शुरू किया है। इस अभियान का शुभारंभ राज्यसभा सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने लखनऊ से किया जो प्रदेश के प्रत्येक जनपद में चलाया गया ।यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या में मौजूद जनपद के प्रभारी संजीव निगम ने दी।

उन्होंने कहा हम इस अभियान के जरिये सभी वर्गों को जोड़ने और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का एक महत्वपूर्ण कार्य करने जा रहे है। यूपी में 50 लाख सदस्य बनाए जाएंगे। यूपी को 8 प्रांतों में बांटा गया है। यहां कार्यकताओं के ट्रेनिंग शिविर का भी आयोजन होगा। अयोध्या जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने बताया कि आम आदमी पार्टी का यह कदम उत्तर प्रदेश में राजनीतिक बदलाव लाने और लोगों की समस्याओं को समझने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान की समीक्षा प्रदेश प्रभारी संजय सिंह द्वारा की जाएगी। सदस्यता अभियान रामनगर पुलिस चैकी के सामने कैंप लगाकर चलाया गया। इस अभियान में भाग लेने वालों में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद इजराइल घोसी, जिला महासचिव सुनील मौर्य, जिला उपाध्यक्ष शारजाह मास्टर, पूर्व महापौर प्रत्याशी एवं महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू, गुडिया राईन, विद्यावती वर्मा, सत्यप्रकाश मौर्या, नीलेश चतुवेर्दी, दिलीप वर्मा, डॉ इरशाद हुसैन, अब्दुल अहद, स्वर्णिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## टाटा मोटर्स ने 15 लाख ट्रकों की बिक्री का बनाया कीर्तिमान

मुंबई। टाटा मोटर्स, ने इंटरमीडियेट, लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल्स (आईएलएमसीवी) सेगमेंट में 15 लाख यूनिट्स की बिक्री का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स देश में यह मुकाम हासिल करने वाली अकेली ट्रक निमार्ता कंपनी बन गई है इस उपलब्धि को खास बनाने के लिए टाटा मोटर्स ने ट्रक्स और टिपर्स की नई रेंज पेश की है, जिसमें टाटा एसएफसी 407 गोल्ड, टाटा एलपीटी, टाटा एसएफसी 709जी, टाटा एलपीटी 1109जी, टाटा एलपीके 1112 और टाटा एलपीके 1416 जैसे नए वेरिएंट शामिल हैं। कंपनी ने पहली बार वाहन खरीदने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षक फाइनेंसिंग योजनाएं भी शुरू की हैं। इसके साथ ही, सभी आईएलएमसीवी ट्रकों पर 6 साल की एक्सटेंडेड वारंटी की पेशकश की गई है, ताकि ग्राहकों को पूरी संतुष्टि और मानसिक शांति मिल सके। आईएलएमसीवी सेगमेंट में 4 से 19 टन तक के ग्रॉस व्हीकल वेट वाले ट्रक शामिल होते हैं, जो कृषि, ई-कॉमर्स, निर्माण और लॉजिस्टिक्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।

## सेडान सेग्मेंट में ऑल न्यू डिजायर हुई तैयार

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित चौथी जनरेशन डिजायर की बुकिंग की शुरूआत कर दी है। भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली कॉम्पैक्ट सेडान, ऑल-न्यू डिजायर अपने अत्याधुनिक डिजाइन, सेगमेंट में पहली बार पेश किए जा रहे ढेरों फीचर्स और शानदार कीमत के साथ एक बार फिर इस सेगमेंट में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मारुति के डिजायर ब्रांड की खास विरासत पर तैयार, नई जनरेशन का यह मॉडल भारतीय बाजार में सबसे बेहतरीन वाहन पेश करने की मारुति सुजुकी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## एचसीएल फाउंडेशन ने समझौता ज्ञापन पर किये हस्ताक्षर

नोएडा। एचसीएल फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग ने सीएईएस के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आज ग्रामीण दुग्ध विकास और पशु स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। एचसीएल फाउंडेशन के साथ यह सहयोग सरकार की इस बात के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है कि किसानों को सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली पशु चिकित्सा देखभाल प्रदान की जाए। यह पशु अस्पताल पशुधन की भलाई और उत्पादकता को सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे हमारे समुदायों में सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## आयन ने जीता 'यूनाइटेड वी प्ले' का ग्रैंड फिनाले

भुवनेश्वर। मोहम्मद आयन के लिए जीवन चुनौतियों से भरा रहा है, लेकिन वे फुटबॉल खिलाड़ी बनने के उसके सपने को नहीं डिगा पाए और अब वह प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड के घरेलू मैदान, ओल्ड ट्रैफर्ड का दौरा करेंगे। महान फुटबॉल खिलाड़ी गैरी नेविल की उपस्थिति में चंडीगढ़ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सहयोग से अग्रणी टायर निमार्ता अपोलो टायर्स द्वारा आयोजित 'यूनाइटेड वी प्ले के चौथे सीजन के ट्रायल के अंतिम दौर में जीत हासिल करने के बाद उन्हें यह मौका मिला है। यूनाइटेड वी प्ले (यूडब्ल्यूपी) के अब तक के सबसे बड़े सीजन में 18 शहरों के 15000 से अधिक उभरते भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया और चंडीगढ़ में एक भव्य समारोह में इसका समापन हुआ।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 में दिखेंगे कार्तिक

मुंबई। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 2 में भूल भुलैया 3 के स्टार-स्टडेड कलाकारों और क्रू - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी, राजपाल यादव और अनीस बज्मी के साथ आमी जे तोमार के लिए खुद को तैयार करें। यह दिवाली स्पेशल एपिसोड एक डरावने किस्से के साथ आता है, जो पहले कभी नहीं देखी गई भुतिया दिवाली एपिसोड बनाता है। इस एपिसोड में ऐसा ही एक डरावना पल तब आता है, कार्तिक आर्यन ने बताया कि ऐसा तब हुआ जब हम लोग (भूल भुलैया 3) के सेट पर शूट कर रहे थे। एक बड़ी हवेली थी, अंधेरा था, पूरा माहौल ही डरावना सा था। हमारा शॉट लेने से पहले मैं किसी से बात ही कर रहा था, कि अचानक से किसी ने मुझे पीछे से स्क्रैच कर दिया।

# सेंसेक्स में 942 अंकों की गिरावट



मुंबई। विदेशी कोषों की निकासी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। सेंसेक्स लगभग 942 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी 309 अंक फिसलकर 24,000 अंक से नीचे बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ी अनिश्चितता और चीन में वृद्धि तेज करने के लिए नए प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद ने भारतीय बाजारों में बिकवाली बढ़ाने का काम किया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 941.88 अंक यानी 1.18 प्रतिशत गिरकर 78,782.24 अंक पर बंद हुआ जो छह अगस्त के बाद का सबसे निचला बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय यह।,491.52 अंक गिरकर 78,232.60 अंक पर आ गया था। हालांकि, अंतिम कारोबारी घंटे में निचले स्तर पर खरीदारी आने से इस गिरावट पर थोड़ी लगाम लगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 309 अंक यानी 1.27 प्रतिशत गिरकर 23,995.35 अंक पर बंद हुआ। इस तरह निफ्टी 24,000 अंक से नीचे आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक और टाइटन में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे। अनुमानों के अनुरूप भारत अत्यधिक मूल्यांकन की वजह से अन्य बाजारों के मुकाबले कमतर प्रदर्शन दिखा रहा है। दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजों ने बिकवाली को तेजी दी है और निवेशक धारणा प्रभावित हुई है। निकट अवधि में बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की आशंका है क्योंकि अब निगाह पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर जा टिकी है। इसके अलावा बैंक ऑफ इंग्लैंड के नीतिगत कदम पर भी बाजार की नजरें रहेंगी। व्यापक बाजार में बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.65 प्रतिशत फिसल गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 1.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस चौतरफा बिकवाली के बीच बाजार के सभी खंडों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। रियल्टी खंड में सर्वाधिक तीन प्रतिशत की गिरावट रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 2.54 प्रतिशत, ऊर्जा खंड में 2.51 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 2.11 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबारी सप्ताह की शुरुआत नकारात्मक रही। विदेशी कोषों की लगातार निकासी के साथ अमेरिकी चुनाव को लेकर सतर्क रुख होने से धारणा प्रभावित हुई।

# रुपया चार पैसे टूटकर 84.11 प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में कमजोरी और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 84.11 (अस्थायी) के अपने नए सार्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारतीय रुपया नकारात्मक घरेलू बाजारों के दबाव में अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमतों में सुधार और एफआईआई की निकासी से भी निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, डॉलर में नरमी ने तेज गिरावट को रोक दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 84.07 पर खुला। कारोबार के दौरान यह 84.06 के उच्चस्तर और 84.12 के निचले स्तर के बीच कारोबार के बाद अंत में चार पैसे की गिरावट के साथ 84.11 प्रति डॉलर (अस्थायी) के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसे की तेजी के साथ 84.07 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दिवाली के मौके पर शुक्रवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद रहा था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.73 पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को अमेरिका से निराशाजनक गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट और आईएसएम विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों के कारण डॉलर में गिरावट आई। अमेरिका ने अक्टूबर, 2024 में।,06,000 नौकरियों के पूर्वानुमान के मुकाबले केवल 12,000 नौकरियां जोड़ीं, जबकि आईएसएम विनिर्माण पीएमआई अक्टूबर में 46.5 पर आ गया, जो 47.6 के अनुमान से कम है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.63 प्रतिशत बढ़कर 75.02 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 941.88 अंक की गिरावट के साथ 78,782.24 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 309 अंक की गिरावट के साथ 23,995.35 अंक पर बंद हुआ।

# निवेशकों की पूंजी 5.99 लाख करोड़ घटी

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में भारी बिकवाली के कारण सोमवार को निवेशकों की संपत्ति 5.99 लाख करोड़ रुपये घट गई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकिंग शेयरों में कमजोरी तथा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली जारी रहने के कारण बाजार में गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और इस सप्ताह के अंत में घोषित होने वाले फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले निवेशक सतर्क रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 941.88 अंक या 1.18 प्रतिशत गिरकर 78,782.24 अंक पर बंद हुआ। यह इस सूचकांक का छह अगस्त के बाद सबसे निचला बंद स्तर है। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 1,491.52 अंक या 1.87 प्रतिशत गिरकर 78,232.60 अंक पर आ गया था। बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,99,539.5 करोड़ रुपये घटकर 4,42,11,068.05 करोड़ रुपये रह गया। इस चौतरफा बिकवाली के बीच बाजार के सभी खंडों के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। रियल्टी खंड में सर्वाधिक तीन प्रतिशत की गिरावट रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 2.54 प्रतिशत, ऊर्जा खंड में 2.51 प्रतिशत और दूरसंचार खंड में 2.11 प्रतिशत की गिरावट रही।

# सेबी ने निवेश की सशर्त मंजूरी दी



नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड कंपनियों (एमएफ) को उन विदेशी म्यूचुअल फंड या यूनिट ट्रस्ट में निवेश की सोमवार को अनुमति दे दी जो अपनी संपत्ति का एक निश्चित हिस्सा भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। यह छूट इस शर्त पर दी गई है कि ऐसे विदेशी कोषों का भारतीय प्रतिभूतियों में कुल निवेश उनकी शुद्ध संपत्ति के 25 प्रतिशत से अधिक न हो।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने एक परिपत्र में कहा कि इस कदम का उद्देश्य विदेशी एमएफायूनिट ट्रस्ट में निवेश को सरल बनाना, निवेश के तरीके में पारदर्शिता लाना और एमएफ को अपने विदेशी निवेश में विविधता लाने में सक्षम बनाना है। सेबी ने कहा कि नया ढांचा तत्काल प्रभाव से लागू किया जायेगा। परिपत्र के मुताबिक, एमएफ योजनाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी एमएफा यूनिट ट्रस्ट में सभी निवेशकों के अंशदान को किसी सहयोगी इकाई के बगैर एकल निवेश साधन में ही शामिल कर दिया जाए। विदेशी एमएफा यूनिट ट्रस्ट का कोष इस तरह का होना चाहिए जिसमें कोई अलग-अलग पोर्टफोलियो न हों ताकि यह सुनिश्चित हो कि सभी निवेशकों के पास फंड में समान और आनुपातिक अधिकार हों। बाजार नियामक ने हितों के टकराव को रोकने के लिए भारतीय म्यूचुअल फंड और अंतर्निहित विदेशी म्यूचुअल फंड के बीच सलाहकार समझौतों पर रोक लगा दी है। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा कि भारतीय म्यूचुअल फंड योजनाएं उन विदेशी एमएफा यूनिट ट्रस्ट में भी निवेश कर सकती हैं जिनका भारतीय प्रतिभूतियों में निवेश है। इसके लिए शर्त बस यह है कि इन विदेशी एमएफायूनिट ट्रस्ट का भारतीय प्रतिभूतियों में कुल निवेश उनकी परिसंपत्तियों के 25 प्रतिशत से अधिक न हो।

# सेबी ने निवेशकों को अनधिकृत ऑनलाइन ट्रेडिंग, गेमिंग मंच के प्रति किया आगाह

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों को ऑनलाइन कारोबार या गेमिंग मंच के जरिये लेन-देन करने को लेकर सोमवार को आगाह किया और उन्हें केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से कारोबार करने को सुझाव दिया।

सेबी ने कुछ ऐपावेब एप्लिकेशनामंचों द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर मूल्य डेटा के आधार पर जनता को ऑनलाइन ट्रेडिंग सेवाएं या पेपर ट्रेडिंग या फैंटसी गेम की पेशकश करने के मामलों का संज्ञान लेने के बाद यह परामर्श वक्तव्य जारी किया है। नियामक ने कहा कि ऐसी गतिविधियां निवेशकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम 1956 और सेबी अधिनियम 1992 का उल्लंघन हैं। सेबी ने बयान में दोहराया कि जनता केवल पंजीकृत मध्यस्थों के माध्यम से ही प्रतिभूति बाजारों में निवेश कर सकती है तथा व्यापारिक गतिविधियां कर सकती है। इसमें कहा गया, गोपनीय तथा व्यक्तिगत लेन-देन डेटा को साझा करने सहित अनधिकृत योजनाओं में संलिप्तता, उससे होने वाला नुकसान तथा उसके परिणाम के लिए निवेशक स्वयं जिम्मेदार है क्योंकि ऐसी योजनाएंमंच सेबी के साथ पंजीकृत नहीं हैं। निवेशकों को सचेत करते हुए सेबी ने उनसे कहा कि वे गैर-पंजीकृत मध्यस्थोंावेब एप्लिकेशनामंचाऐप के माध्यम से निवेश या कारोबारी गतिविधियां न करें।

# वैश्विक सौर निवेश 500 अरब डॉलर तक पहुंचेगा: जोशी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि वैश्विक सौर निवेश इस साल 500 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2023 में 393 अरब डॉलर था।

उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में यह कोयले तथा गैस से भी अधिक किफायती ऊर्जा स्रोत है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जोशी ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की 7वीं आम सभा के उद्घाटन सत्र में कहा कि इन निवेशों से न केवल नई क्षमता जुड़ रही है, बल्कि दुनिया भर में सौर ऊर्जा की लागत भी कम हो रही है। जोशी के आईएसए के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि यह तीव्र वृद्धि रिकॉर्ड-तोड़ निवेशों से प्रेरित है। वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और 2024 के अंत तक इसके 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आज सौर ऊर्जा कई क्षेत्रों में कोयले और गैस से आगे निकलकर बिजली का सबसे किफायती स्रोत बन गई है। मंत्री ने बताया कि आईएसए टुवार्ड्स 1000 (1000 की ओर) रणनीति से आगे बढ़ रहा है जिसका लक्ष्य 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब डॉलर का निवेश जुटाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के शासन में भारत ने महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्य निर्धारित किए हैं और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले महीने 90 गीगावाट की स्थापित सौर क्षमता हासिल कर ली और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि भारत नए क्षितिज पर भी अपनी नजरें स्थापित कर रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जिसे 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से समर्थन मिलेगा। हमने करीब 37.5 गीगावाट की कुल क्षमता वाले 50 सौर पार्क को मंजूरी दी है।

## ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए हुआ ओरिएंटेशन वर्कशॉप

बंगलुरु। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स के माध्यम से ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ मिलकर ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। ई-कॉमर्स के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण पर केंद्रित इस कार्यशाला में विद्युत राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिस रजनीश कुमार एवं अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ यह साझेदारी पूरे भारत में डिजिटल समावेश को विस्तार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने गति हासिल की

नयी दिल्ली। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर के आठ महीने के निचले स्तर से अक्टूबर में सुधार के साथ 57.5 हो गई। सोमवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक सितंबर में आठ महीने के निम्नतम स्तर 56.5 से बढ़कर अक्टूबर में 57.5 हो गया, जो परिचालन स्थितियों में पर्याप्त तथा त्वरित सुधार का संकेत है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में अक्टूबर में काफी वृद्धि हुई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था की परिचालन स्थितियों में व्यापक रूप से सुधार जारी है। तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि को दर्शाती है। भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग से प्रदर्शन में तेजी आई। इसके अलावा, नए उत्पादों पेश किए जाने और सफल विपणन पहलों ने बिक्री प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद की। सितंबर में डेढ़ साल में सबसे कम वृद्धि के बाद नए निर्यात ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। समिति के सदस्यों ने एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अमेरिका से नए ऑर्डर में वृद्धि की सूचना दी।

## पीएनबी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह धूमधाम से मनाया

लखनऊ। पीएनबी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर मनाया। 28 अक्टूबर को पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में मृत्युंजय अंचल प्रबन्धक ने अंचल कार्यालय एवं परिसर में स्थित अन्य कार्यालयों के सभी स्टाफ सदस्यों को सतर्कता जागरूकता संबंधी प्रतिज्ञा दिलाई गयी। मृत्युंजय ने अपने सम्बोधन में सभी स्टाफ सदस्यों को अपने कार्यकलापों के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी, निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने तथा अपने संगठन के विकास एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करने हेतु आह्वान किया। उन्होंने आगे बताया कि अंचल कार्यालय के सभी मंडलों सहित मंडलों की सभी ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी शाखाओं में ग्राम सभाएं आयोजित कर सभी ग्रामवासियों को सतर्कता जागरूकता संबंधी प्रतिज्ञा दिलवाई गयी।

## पेज एक का शेष

### निर्वाचन आयोग

श्री गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा और 13 नवंबर से अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा। भाजपा, बसपा और रालोद ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा से तीन-चार दिन पहले लोग यात्रा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को होगी। पूर्व में 15 अक्टूबर को घोषित कार्यक्रम के अनुसार, वायनाड संसदीय सीट और 47 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव झारखंड विधानसभा के पहले चरण के चुनाव के साथ 13 नवंबर को होने थे। नांदेड़ लोकसभा सीट और केदारनाथ विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और झारखंड चुनाव के दूसरे चरण के साथ 20 नवंबर को होने हैं। इन दोनों उपचुनावों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों और उपचुनावों की मतगणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 23 नवंबर को ही होगी।

### झारखंड में

दायरा सिकुड़ जाएगा।

घुसपैठियों को आदिवासी समाज और देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा करार देते हुए प्रधानमंत्री ने सत्ताधारी गठबंधन को घुसपैठिया गठबंधन और माफिया का गुलाम करार दिया और मतदाताओं से अपने वोट से इन्हें उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। उन्होंने जनता से कहा आपका एक-एक वोट झारखंड की रोटी, बेटी और माटी को बचाएगा। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन पर प्रहार करते हुए मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो, विधायक हो या फिर सांसद हो, ऐसा कोई बचा नहीं जिन पर पिछले पांच सालों में भ्रष्टाचार के संगीन आरोप नहीं हैं। उन्होंने कहा भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है। भ्रष्टाचार, गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी को सबसे ज्यादा दुखी करता है, बर्बाद कर देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड बालू तस्करी का केंद्र बन गया है और अफवाह फैलाना राज्य में एक उद्योग बन गया है, जिसमें एक परिवार दिल्ली में सक्रिय है और दूसरा झारखंड में। उन्होंने कहा सच्चाई ये है कि झारखंड की सरकार माफिया की गुलाम बन गई है। जनता पलायन के लिए मजबूर है और ये लोग सरकारी ठेकों में बंदरबाट करने में व्यस्त है। यहां पर काम धंधा बंद होता जा रहा है लेकिन ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा बहुत फल फूल रहा है। झामुमो, कांग्रेस और राजद ने ये जो माफिया तंत्र बनाया है, भाजपा राजग को दिया हर वोट उस पर चोट करेगा। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद को झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन बताया और झामुमो, कांग्रेस और राजद को घोर परिवारवादी दल करार दिया।

उन्होंने कहा ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है। चुनावी गारंटी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हाल ही की एक टिप्पणी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इस विपक्षी पार्टी के प्रमुख ने भी मान लिया है कि उनकी पार्टी झूठी गारंटी देती है। उन्होंने कहा, पता नहीं कैसे खरगे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जो ये अनाप-शनाप घोषणाएं हैं, ये राज्यों को दिवालिया कर देंगी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है जनता से झूठ बोलना और उसे धोखा देना। उन्होंने कहा, ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हाल ही में हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने यहां नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया जबकि भर्तियों में धांधली और पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। उन्होंने कहा, झारखंड के नौजवानों में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड के प्रति अपना जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है, लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। मोदी ने कहा कि अब भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है और सरकार बनने के बाद करीब तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा।

उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार विकास की राह में रोड़े अटका रही है जबकि हम ईमानदारी से झारखंड के विकास की हर कोशिश कर रहे हैं। जब यहां आप लोग डबल इंजन की सरकार बनाएंगे, तो राज्य का विकास भी डबल तेजी से होने लगेगा। उन्होंने कहा, भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गांरटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है, रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-राजग की सरकार। झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के तहत मतदान होगा और मतों की गिनती 23 नवंबर को की जाएगी।

### अब तीन साल

में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए अथवा सेवानिर्वत्ति के बाद ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किए बिना हो जाती है और उसने अपने पीछे कोई परिवार नहीं छोड़ा है और न ही कोई नॉमिनी बनाया है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है। जिसके पक्ष में किसी न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पहले कि व्यवस्था में ऐसे व्यक्ति की ग्रेच्युटी की धनराशि सरकार को चली जाती थी। इसके अलावा मध्य गंगा नहर परियोजना के द्वितीय चरण पुनरीक्षण प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे संभल अमरोहा मुरादाबाद के 1850 ग्राम लाभान्वित होंगे। ललितपुर में भौरट बांध परियोजना के द्वितीय पुनरीक्षित प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए प्रस्ताव को स्वीकृति दी है, प्रस्ताव से बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा। प्रदेश में पशु चिकित्सको की कमी को पूरी करने के लिए पशुपालन पाठ्यक्रम के लिए डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स के लिए नीति तैयार करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली है। उत्तर प्रदेश शीरा नीति 2024-25 के प्रस्ताव को मंजूरी, 1 नवम्बर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 के शीरा वर्ष के लिए शीरा रिजर्वेशन को मंजूरी, 19 प्रतिशत शीरा रिजर्वेशन को स्वीकृति दी है। उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा विभाग के लिए नियमावली उत्तरप्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मंजूरी, महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती के 5 वर्ष को घटाकर 3 वर्ष किया गया। उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 में संशोधन को मंजूरी दी है इससे अन्य प्रदेशों के शिक्षण संस्थाओं को प्रदेश में स्थापित होने का अवसर प्राप्त होगा। लखनऊ में अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर स्थापना के लिए तहसील सरोजिनी नगर में चकरौली परगना बिजनौर में 2.3239 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित कर उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एफडीआई नीति में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी कैबिनेट ने मंजूरी है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2020 के अंतर्गत 300 करोड़ के निवेश के प्रोत्साहन प्रस्ताव, सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों के लिए उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स 1961 में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी, जनपद बागपत में अंतराष्ट्रीय योग एवं आरोग्य केंद्र स्थापना के लिए प्रस्ताव को भी पास किया गया है। बागपत तहसील के ग्राम हरियाखेवा में 1.069 हेक्टेयर भूमि पर्यटन विभाग को निशुल्क हस्तांतरण की गयी है। प्रदेश के हेरिटेज इमारतों को संरक्षित करने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप द्वारा डेवलप करने के प्रस्ताव को मंजूरी !

### कनाडा के

कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्रतापूर्वक और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है।

केनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की खबर के अनुसार, पील क्षेत्रीय पुलिस ने रविवार को बताया कि ब्रैम्पटन के एक मंदिर के पास विरोध प्रदर्शन हुआ और सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े नजर आए।

### उत्तराखंड : खाई

भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये तथा घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। घायलों को रामनगर के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अल्मोड़ा जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि चार गंभीर रूप से घायलों में से तीन को विमान से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ज षिकेश और एक को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। रामनगर के अस्पताल में डॉक्टर, नर्स और चिकित्सा कर्मचारी पूरी तत्परता से घायलों का इलाज करने में जुटे रहे, जिनमें से कई के शरीर से खून बह रहा था। पाल के मुताबिक, घटना के वक्त 43 सीट वाली बस में करीब 60 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि बस में क्षमता से अधिक यात्रियों का होना दुर्घटना का कारण हो सकता है।

उन्होंने बताया कि पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के कर्मी तलाश एवं बचाव अभियान शुरू करने के लिए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों और घायलों का विवरण फिलहाल ज्ञात नहीं हो सका। एक अधिकारी ने बताया कि गढ़वाल मोटर ओनर्स एसोसिएशन की बस, त्योहार के मौके पर हफ्तेभर की छुट्टियां घर पर बिताने के बाद काम पर लौट रहे लोगों को लेकर जा रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस दुर्घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी लापरवाही से सख्ती से निपटा जाएगा। धामी ने कहा, संबंधित विभागों को संबंधित अधिकारियों के निलंबन के आदेश दिए गए हैं। प्रभावित लोगों की मदद की जा रही है। मैं घटना की निगरानी कर रहा हूं। इससे पहले, सुबह मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, अल्मोड़ा जिले के मार्चुला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ।

### फिर खुलेगा

का यह मामला आंबेडकर नगर जिले का है। सम्मनपुर थाने में पुलिस हिरासत में जियाउद्दीन की मौत के संबंध में 26 मार्च 2021 को थाने के आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने लूटपाट के एक मामले में जियाउद्दीन को सम्मनपुर थाने में हिरासत में रखा था। मृतक के भाई शहाबुद्दीन की शिकायत पर सभी आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या और अपहरण का मामला दर्ज किया गया। शहाबुद्दीन ने आरोप लगाया था कि उसके भाई को थाने में लगातार पीटा गया और अगले दिन जब उसकी हालत बिगड़ी तो पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि हालांकि अधिकारी हिरासत में किसी भी तरह की यातना से इनकार करते रहे, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जियाउद्दीन के शरीर पर मिले गहरी चोट के निशानों ने आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ संदेह पैदा कर दिया है। जांच अधिकारी बीरेंद्र बहादुर सिंह ने दो अक्टूबर 2022 को अपनी रिपोर्ट में हिरासत में मौत के मामले के आरोपी सभी पुलिसकर्मियों को दोषमुक्त बताया था और कहा था कि मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई।




## संक्षेप

### मध्य प्रदेश ने 29 गोल दाग चैम्पियनशिप में एकतरफा जीत

चेन्नई। मध्यप्रदेश ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के शुरुआती दिन अंडमान निकोबार के खिलाफ सोमवार को यहां 29 गोल दाग कर एकतरफा जीत दर्ज की। पूल सी के इस मैच में मोहम्मद ज़द खान (दूसरा, 16 वां, 46 वां, 49 वां और 51 वां मिनट) ने पांच गोल दागे जबकि अक्षय दुबे (नौवां, 10 वां, 14 वां और 58 वां मिनट) ने चार गोल किये। टीम के लिए निजामुद्दीन और मोहम्मद उमर ने हैट्रिक लगाई। दिन के एक अन्य एकतरफा मुकाबले में पूल एच में मणिपुर ने बिहार को 19-। से हराया। मणिपुर के लिए सिरिल लुगुन, निंगोम्बम जेनजेन सिंह, लैशराम दीपू सिंह और भाकर निंगोबम ने हैट्रिक लगाकर प्रभावित किया। मध्यप्रदेश और मणिपुर के अलावा उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, चंडीगढ़ और तमिलनाडु ने भी अपने-अपने मैचों में आसान जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश ने पूल एफ के मैच में केरल को 6-0, कर्नाटक ने उत्तराखंड को पूल डी मैच में 10-0 से शिकस्त दी। पूल डी के एक अन्य मैच में चंडीगढ़ ने त्रिपुरा को 5-0 से हराया। दिन के आखिरी मैच में तमिलनाडु ने आंध्र प्रदेश को 7-0 से हराया।

### खिलाड़ियों को रिटेन करने में सैमसन की बड़ी भूमिका

नयी दिल्ली। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कहा कि निरंतरता, स्थिरता, अपने खिलाड़ियों पर अटूट विश्वास और कप्तान संजू सैमसन से मिले सुझावों ने पूर्व आईपीएल चैंपियन राजस्थान रॉयल्स को अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) करने का निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। सभी फ्रेंचाइजी के पास रिटेन किए गए खिलाड़ियों का नाम सौंपने के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी। द्रविड़ ने जियो सिनेमा से कहा, हमने तय किया है कि हम सभी छह खिलाड़ियों को रिटेन करेंगे। हम संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, शिमरोन हेटमायर और संदीप शर्मा को रिटेन करेंगे। हमने यह फैसला इसलिए किया क्योंकि हमें अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा पर भरोसा है। हमें यह भी भरोसा है कि हम महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को बनाए रखना चाहते हैं और उनके साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। सभी टीम को अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन करने की स्वीकृति थी और खिलाड़ियों को रिटेन करने तथा बड़ी नीलामी के लिए कुल मिलाकर 120 करोड़ रुपये का बजट है। छह खिलाड़ियों को रिटेन करने के फायदे पर द्रविड़ ने कहा, जब आप छह खिलाड़ियों को रिटेन करते हैं तो निश्चित तौर पर स्थिरता मिलती है। हम सिर्फ छह खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रख सकते हैं लेकिन अगर और अधिक को रिटेन कर पाते तो हम निश्चित तौर पर ऐसा करते। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि हमने जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया वे इसके हकदार थे।

### खिलाड़ियों को रणजी के लिए दिखानी होगी प्रतिबद्धता

नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 0-3 की करारी शिकस्त के दौरान दिग्गज बल्लेबाजों के प्रदर्शन ने सबसे ज्यादा निराश किया और इन बड़े बल्लेबाजों पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि इन खिलाड़ियों ने रणजी और दलीप ट्रॉफी जैसे बड़े घरेलू आयोजनों में भाग लेना लगभग छोड़ दिया है। मौजूद दौर के खिलाड़ियों को घरेलू आयोजनों से दूर रहने की छूट कार्यभार प्रबंधन को देखते हुए मिलती है लेकिन अतीत में ऐसी स्थिति नहीं थी। अगर हम साल 2007 की बात करें तो जनवरी में भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका का लंबा दौरा खत्म हुआ था। टीम को इसके तुरंत बाद वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेना था। भारत ने 21, 24, 27 और 31 जनवरी को नागपुर, चेन्नई, कटक और वडोदरा में चार वनडे मैच खेले। इसके बाद एक फरवरी को टीम के चार अनुभवी सदस्य सचिन तेंदुलकर, जहीर खान, अजीत अगरकर और सौरव गांगुली वडोदरा से मुंबई के लिए रवाना हो गये क्योंकि यह चारों दो से छह फरवरी तक खेले जाने वाले रणजी ट्रॉफी फाइनल में भाग लेना चाहते थे। इस मुकाबले में तेंदुलकर ने शतक जड़ा तो वहीं गांगुली ने 90 रन बनाये और जहीर ने भी कुछ अहम विकेट चटकाये।

# भारत करेगा इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी

## महिला एफटीपी 2025-2029 : भारत इस दौरान बांग्लादेश और जिम्बाब्वे की भी मेजबानी करेगा

एजेंसी




दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सोमवार को जारी 2025 से 2029 तक के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के मुताबिक भारतीय महिला टीम घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। इन दोनों बड़ी टीमों के अलावा भारत इस दौरान बांग्लादेश और जिम्बाब्वे की भी मेजबानी करेगा। जिम्बाब्वे हाल ही में एफटीपी में 11वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।

भारत की महिला टीम इन चार वर्षों में न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका की भी यात्रा करेगी। एफटीपी में प्रत्येक सदस्य देश को अपने घरेलू मैदान और दूसरी टीम के घर में चार-चार श्रृंखलाएं खेलनी हैं। भारतीय टीम इसके अलावा 2026 में महिला टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। इंग्लैंड महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, सदस्य देशों ने इस एफटीपी में अधिक टेस्ट मैच खेलने की मांग की है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज सभी बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलने के लिए सहमत हैं, जिसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया ऐसी अधिकतम श्रृंखला खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया की टीम इस दौरान इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो-दो और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक श्रृंखला खेलेगी। आईसीसी ने सदस्यों ने आपसी सहमति से इस चक्र में त्रिकोणीय श्रृंखलओं को भी शामिल किया है। इस एफटीपी में आईसीसी महिला चैम्पियनशिप के चौथे सत्र के लिए कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तैयार की। 2029 में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इसमें 11 टीमों को जगह दी गयी है। यह मौजूदा चक्र में शामिल 10 टीम से एक अधिक है।

आईसीसी महिला चैम्पियनशिप की रैंकिंग से महिला विश्व कप की टीमों का निर्धारण होता है। वसीम खान ने कहा, जिम्बाब्वे टूर्नामेंट (आईसीसी महिला चैम्पियनशिप) में पहली बार खेलेगा। यह महिला क्रिकेट में व्यापक वैश्विक प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टूर्नामेंट में अपनी पहली उपस्थिति में जिम्बाब्वे दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड और श्रीलंका की मेजबानी करेगा तथा भारत, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और पाकिस्तान का दौरा करेगा। मई 2025 से अप्रैल 2029 तक चलने वाले इस एफटीपी में 400 से अधिक मैच खेले जायेंगे। इसमें वनडे की 44 श्रृंखला में 132 मैचों का जिक्र है।

# भारत की सीनियर टीम ने ब्रिज ओलंपियाड में जीता रजत पदक



ब्यूनस आयर्स। अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

**न्यूजीलैंड से मिली हार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का प्रदर्शन प्रभावित होगा: गिलक्रिस्ट, वार्नर**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों एडम गिलक्रिस्ट और डेविड वार्नर को इसमें कोई संदेह नहीं है कि न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू सरजमीं पर मिली करारी हार से भारतीय खिलाड़ियों की मानसिकता आहत हुई होगी लेकिन उन्होंने कहा कि 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रोहित शर्मा की टीम को आसानी से हरा देने के बारे में सोचना नासमझी होगी।

टॉम लैथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड की टीम ने भारत को 3-0 से हराया जो उसके टेस्ट इतिहास की सबसे करारी हार में से एक है और इसके साथ ही टीम की अगले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को भी झटका लगा। पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज गिलक्रिस्ट ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, ऐसा होगा (श्रृंखला गंवाने का असर होगा), भारतीय खिलाड़ियों पर अधिक असर होगा और आंतरिक रूप से भारतीय टीम पर। उन्हें स्वयं से बेहद कड़े सवाल पूछने होंगे। उन्होंने कहा, लेकिन मैं उम्मीद नहीं करता कि उन्हें आसानी से हराया जा सकता है लेकिन इस हार को देखते हुए और इस तथ्य पर ध्यान देते हुए कि उनका सूपड़ा साफ हुआ- मुझे याद नहीं कि उनके साथ ऐसा कब हुआ, उन्होंने श्रृंखला कब गंवाई, सूपड़ा साफ होना तो भूल ही जाओ।

मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे। गिलक्रिस्ट ने कहा कि भारत के पास इस झटके के बाद फिर से संगठित होने की क्षमता है। उन्होंने कहा, (भारतीय टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर सकते हैं। भारतीय टीम में कुछ उच्च श्रेणी के क्रिकेटर हैं।

# बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बनायी बढ़त



एजेंसी

मैड्रिड। दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-। से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा।

एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है। बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया। अन्य मैचों में एथलेटिक बिलबाओ ने रियाल बेटिस के खिलाफ ।-। से ड्रा खेला, जबकि 10वें स्थान पर चल रहे रियाल सोसिदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराया

एजेंसी




मेलबर्न। कप्तान पैट कमिंस की जुझारू पारी से ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान पर दो विकेट की करीबी जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में ।-0 की बढ़त बना ली। कमिंस ने 31 गेंद में नाबाद 32 रन की पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मध्य क्रम के ढहने के बावजूद 99 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दर्ज की।

तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इससे पहले 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि जून में टी20 विश्व कप के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे कमिंस ने 39 रन देकर दो विकेट हासिल किए जिससे पाकिस्तान की टीम 46.4 ओवर में 203 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की ओर से कप्तान मोहम्मद रिजवान ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे नसीम शाह ने 40 जबकि बाबर आजम ने 37 रन की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम जोश इंगलिस (49) और स्टीव स्मिथ (44) की पारियों की बदौलत एक समय दो विकेट पर 113 रन बनाकर काफी अच्छी स्थिति में थी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने हालांकि इसके बाद अपनी टीम को वापसी दिलाते हुए एमसीजी के उछाल भरे विकेट पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर सात विकेट पर 155 रन कर दिया। तेज गेंदबाज हारिस राऊफ़ (67 रन पर तीन विकेट) ने स्मिथ को प्वाइंट पर कैच कराने के बाद मार्नस लाबुशेन (16) और ग्लेन मैक्सवेल (00) को पवेलियन भेजकर मेजबान टीम के मध्यक्रम को ध्वस्त किया।

शाहीन शाह अफरीदी ने भी 43 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन कमिंस ने सीन ऐबट (13) के साथ आठवें विकेट के लिए 30 और मिचेल स्टार्क (नाबाद 02) के साथ नौवें विकेट के लिए 19 रन की अटूट साझेदारी करके मेजबान टीम को जीत दिला दी।

**प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शमी की वापसी टली, कर्नाटक और मप्र के खिलाफ रणजी नहीं खेलेंगे**

बेंगलुरू। मोहम्मद शमी की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी में विलंब होगा क्योंकि इस अनुभवी तेज गेंदबाज को कर्नाटक और मध्य प्रदेश के खिलाफ होने वाले अगले दो दौर के रणजी ट्रॉफी मुकाबलों के लिए बंगाल की टीम में शामिल नहीं किया गया है। बंगाल बुधवार से यहां चिन्नास्वाममी स्टेडियम में कर्नाटक से भिड़ेगा जबकि 13 नवंबर से इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ खेलेगा।

# माह के अंत में रियाद में होगी आईपीएल नीलामी

एजेंसी




नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की आगामी बड़ी नीलामी नवंबर के अंतिम हफ्ते में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, आईपीएल नीलामी रियाद में होगी और यह फ्रेंचाइजी को बता दिया गया है। संभावित तिथियां 24 और 25 नवंबर हैं। इस बार नीलामी बड़ी होगी जिसमें ऋषभ पंत, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे भारत के स्टार खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी।

दस फ्रेंचाइजी के पास 204 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 641.5 करोड़ रुपये की राशि है। इन 204 स्थानों में से 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। अब तक 10 फ्रेंचाइजी ने 46 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार रखने) करेन के लिए सामूहिक रूप से 558.5 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगे साहा**

नयी दिल्ली। भारत की तरफ से 40 टेस्ट मैच खेलने वाले अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि रणजी ट्रॉफी के वर्तमान सत्र के बाद वह क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। बंगाल के इस 40 वर्षीय विकेटकीपर ने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद 40 टेस्ट के अलावा नौ एकदिवसीय मैच में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। साहा ने पिछले तीन साल से भी अधिक समय से राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिलने के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया। साहा ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा, क्रिकेट में एक शानदार सफर के बाद यह मेरा आखिरी सत्र होगा। मैं आखिरी बार बंगाल का प्रतिनिधित्व करने और संन्यास लेने से पहले केवल रणजी ट्रॉफी में खेलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने रविवार देर रात जारी पोस्ट में कहा, आइए इस सत्र को यादगार बनाएं।

# गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में स्वियातेक की जीत



एजेंसी

**रियाद।** अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने अपने शुरुआती मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में चौथी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया।

**बालाजी-आंद्रेओज़ी की जोड़ी मोसेले ओपन के पहले दौर में बाहर**

मेट्स (फ्रांस)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के उनके जोड़ीदार गुइडो आंद्रेओज़ी यहां पुरुष युगल के पहले दौर का मैच हारकर मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। बालाजी-आंद्रेओज़ी की जोड़ी ने पहला सेट जीतकर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वे अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए तथा नीदरलैंड के मैटवे मिडलकूप और जीन जूलियन रोजर से 7-6, 2-6, 7-10 से हार गए। बालाजी और आंद्रेओज़ी ने अपनी पहली सर्विस पर अच्छा प्रदर्शन करके टाइब्रेकर तक चला पहला सेट अपने नाम किया। लेकिन मिडलकूप और रोजर ने दूसरे सेट में अपना दबदबा बनाते हुए इसे 6-2 से जीत लिया।

नीदरलैंड की जोड़ी ने निर्णायक सेट में टाइब्रेकर में जीत हासिल करके दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के सुमित नागल भी रविवार को पुरुष एकल में फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से हारकर पहले दौर से बाहर हो गए थे। दूसरी ओर कोहली ने अपना पिछला रणजी ट्रॉफी मैच 2013 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में खेला था। इस मैच में वीरेंद्र सहवाग, गौतम गंभीर, आशीष नेहरा, ईशांत शर्मा, सुरेश रैना, मोहम्मद कैफ और भुवनेश्वर कुमार भी शामिल थे। यह शायद आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच था जिसमें राष्ट्रीय टीम के इतने सारे खिलाड़ी एक साथ खेल रहे थे। रोहित ने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में अपना पिछला मैच साल 2015 में खेला था। उसके बाद दोनों ने एक-एक प्रथम श्रेणी मैच खेले। कोहली ने श्रीलंका दौरे (2017) से पहले भारत ए के लिए और रोहित ने दक्षिण अफ्रीका (2019) के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले भारत ए के लिए एक मैच खेला है। इस मुकाबले के बाद रोहित ने टेस्ट में पारी का आगाज करना शुरू किया। तेंदुलकर ने अपने करियर में 200 टेस्ट सहित 310 प्रथम श्रेणी मैच खेले।

# प्रशंसकों को भारतीय हॉकी टीम का नया पक्ष देखने को मिलेगा : कोच

एजेंसी



राजगीर (बिहार)। भारतीय महिला हॉकी टीम इस साल उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही है लेकिन मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने सोमवार को वादा किया कि उनकी खिलाड़ी एक नई टीम के रूप में खेलेंगी और 11 नवंबर से यहां शुरू होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान प्रशंसकों को निराश नहीं करेंगी।

इस साल अप्रैल में भारत के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद मुख्य कोच नियुक्त किए गए हरेंद्र ने कहा कि टीम ने खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ सर्कल में अपने संयोजन और निर्णय लेने पर काम किया है। मेजबान टीम के यहां पहुंचने के बाद हरेंद्र ने कहा, प्रत्येक टीम ट्रॉफी जीतने के लक्ष्य के साथ आएगी और हमने पिछले पांच महीने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए तैयारी में बिताए हैं। हमने सर्कल में संयोजन और निर्णय लेने जैसे क्षेत्रों की पहचान की जिसमें सुधार की जरूरत है और उन पर काम किया है। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि हॉकी प्रशंसकों को इस बार भारतीय महिला हॉकी टीम का एक नया पक्ष देखने को मिलेगा और वे निराश नहीं होंगे। टूर्नामेंट का आयोजन 11 से 20 नवंबर तक किया जाएगा और इसमें मौजूदा चैंपियन भारत के अलावा पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम भाग लेगी। भारत अपना अभियान 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ शुरू करेगा। टीम इसके बाद 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगी। मेजबान टीम एक दिन के आराम के बाद थाईलैंड (14 नवंबर), चीन (16 नवंबर) और फिर जापान (17 नवंबर) से भिड़ेगी। शीर्ष चार टीम 19 नवंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

फाइनल 20 नवंबर को होगा। कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि टीम ने बेंगलुरू में अपने प्रशिक्षण सत्रों के दौरान अंतिम तीसरे हिस्से में सुधार करने पर काम किया। उन्होंने कहा, हम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साइ बेंगलुरू में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे थे। पिछले मुकाबलों में हमें पिच के अंतिम तीसरे भाग में चुनौतियों का सामना करना पड़ा था इसलिए हमने उस क्षेत्र में सुधार करने पर काफी ध्यान दिया

**एशियाई हॉकी चैम्पियंस की ट्रॉफी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले नालंदा पहुंची**

नालंदा। एशियाई हॉकी चैंपियंस टूर्नामेंट (महिला) की ट्रॉफी का सोमवार को यहां के विश्व धरोहर स्थल नालंदा महाविहार में पहुंचने पर धूमधाम से स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमियों के साथ स्कूली बच्चे भी मौजूद थे। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर के बीच नव विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। गत चैम्पियन भारत के अलावा इस टूर्नामेंट में चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान की टीमें हिस्सा लेंगी। अधिकारियों ने कहा कि युवाओं, विशेषकर महिलाओं को प्रोत्साहित करने और इस आयोजन को लोकप्रिय बनाने के लिए ट्रॉफी को सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर ले जाया जाएगा।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरन ने कहा, ट्रॉफी को पहले पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और झारखंड ले जाया गया था। उसके बाद, इसे बिहार के लगभग सभी जिलों में ले जाया गया और यह 10 नवंबर को राजगीर पहुंचेगी। यह बिहार के लिए एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। यह बिहार के लोगों के लिए किसी बड़े उत्सव की तरह है।

# कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास का प्रयास करेगी सरकार

## जम्मू कश्मीर के लोगों में राज्य का दर्जा वापस पाने की प्रबल आकांक्षा है : उपराज्यपाल मनोज सिन्हा



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में भारी मतदान से लोगों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अटूट आस्था झलकती है, लेकिन राज्य का दर्जा वापस पाने की आकांक्षा अब भी प्रबल है।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की पहली विधानसभा में अपने पहले संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि सरकार घाटी में कश्मीरी पंडितों के सम्मान के साथ पुनर्वास का प्रयास करेगी और उसके लिए सुरक्षित माहौल तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा के उद्घाटन सत्र में सदन के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। हम एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार लोकतांत्रिक चुनाव के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन के बाद यहां एकत्र हुए हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने तथा जम्मू कश्मीर को संघशासित क्षेत्र में पुनर्गठित किये जाने के बाद हुआ यह पहला चुनाव राजनीतिक अनिश्चितता के एक दौर के बाद लोकतांत्रिक शासन की बहाली में मील का अहम पत्थर है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की स्थायी भावना, हमारी संस्थाओं की ताकत और इस क्षेत्र के लोगों का इस विधानसभा के माध्यम से अपने लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व में विश्वास का प्रमाण है। इस प्रतिष्ठित सदन की बहाली देखना सौभाज्ञ की बात है, जो एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाओं को दर्शाता है। सिन्हा ने कहा कि विधानसभा चुनाव के सबसे उत्साहजनक पहलुओं में एक उच्च मतदान प्रतिशत रहा, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में लोगों की अटूट आस्था को दर्शाता है। उन्होंने कहाकि विशेषकर जिन क्षेत्रों में पारंपरिक रूप से अलगाववादी भावनाओं के प्रति अल्पसंख्यकों के मुखर रूप से सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होने के कारण मतदान में हिस्सेदारी नहीं होती थी, वहां उच्च मतदान प्रतिशत यह दर्शाता है कि जम्मू-कश्मीर के लोग अब भी चुनावी भागीदारी को अपनी चिंताओं और आकांक्षाओं को व्यक्त करने के साधन के रूप में देखते हैं। चुनावी प्रक्रिया का सफलतापूर्वक पूरा होना जम्मू-कश्मीर के इतिहास में एक युग का प्रतीक है। सिन्हा ने कहा कि वह लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाने तथा लोगों को उनके योज्ञ शासन और भविष्य प्रदान करने के लिए सभी के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। सिन्हा ने कहा कि लोगों को सरकार से काफी उम्मीदें एवं आकाक्षाएं हैं तथा सरकार इन उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरी करने के लिए कमर कस चुकी है। हालांकि, उपराज्यपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा वापस पाने की आकांक्षा अब भी प्रबल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई अवसरों पर राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

# छठ पर्व पर पटना में गंगा घाटों के सामने स्थित भवनों को नीले रंग की रोशनी से सजाया गया



पटना। बिहार की राजधानी पटना स्थित ऐतिहासिक दरभंगा हाउस, जिला समाहरणालय का नवनिर्मित परिसर और सभ्यता द्वार गंगा के किनारे स्थित उन कई सार्वजनिक भवनों में शामिल हैं, जिन्हें छठ पर्व से पहले नीले रंग की रोशनी से सजाया गया है।

पटना जिला प्रशासन के गो ब्लू अभियान के तहत इन इमारतों पर रात्रिकालीन प्रकाश की व्यवस्था की गई है, जिनमें से कुछ शहर के लोकप्रिय पुराने घाटों जैसे कलेक्ट्रेट घाट और काली घाट के सामने स्थित हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाल ही में हमने गंगा के घाटों के किनारे स्थित भवन मालिकों और निजी संस्थाओं से सार्वजनिक अपील की है कि वे भी अपनी इमारतों को नीले रंग की रोशनी से रोशन करें, जो हर साल छठ पर्व के अवसर पर बिहार दिवस समारोह के दौरान मनाया जाता है। बिहार में महापर्व के रूप में मनाया जाने वाला चार दिवसीय छठ पर्व इस साल 5 से 8 नवंबर तक मनाया जाएगा। सात नवंबर को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे और अगले दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देंगे। रविवार को अंधेरा होने के बाद, 120 साल से भी अधिक पुराना दरभंगा हाउस नीली रोशनी से जगमग नजर आया। तत्कालीन दरभंगा राजघराने द्वारा निर्मित इस महल में वर्तमान में पटना विश्वविद्यालय का पीजी विभाग स्थित है। अपनी प्रतिष्ठित वास्तुकला और सौंदर्यपूर्ण भव्यता के लिए मशहूर यह आलीशान इमारत नदी के किनारे काली घाट के सामने स्थित है, जहां छठ उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इमारत में एक पुराना काली मंदिर भी है।

संक्षेप

## इंडोनेशिया ज्वालामुखी में विस्फोट, 6 की मौत

मौमेरे (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के फ्लोरेस द्वीप में ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। इंडोनेशिया की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के एक अधिकारी फिरमान योसेफ ने बताया कि सोमवार को आधी रात के बाद हुए विस्फोट के कारण 2,000 मीटर ऊंचाई तक राख हवा में फैल गई और गर्म राख ने पास के एक गांव को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कैथोलिक नन के एक कॉन्वेंट सहित कई मकान जल गए। आपदा प्रबंधन एजेंसी ने पहले मृतक संख्या नौ बताई थी लेकिन बाद में उसने इसमें बदलाव करते हुए छह लोगों की मौत की जानकारी दी। उसने बताया कि उसे स्थानीय लोगों से ताजा जानकारी मिली जिसके बाद मृतक संख्या में बदलाव किया गया। उसने कहा कि जान-माल को हुए नुकसान के बारे में जानकारी अभी एकत्र की जा रही है, क्योंकि स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में ढहे मकानों के नीचे और लोगों के दबे होने की आशंका जताई गई है। प्राधिकारियों ने पिछले सप्ताह हुए ज्वालामुखी विस्फोटों के बाद सोमवार को माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी के लिए खतरे का स्तर तथा जोखिम संभावित क्षेत्र का आकार बढ़ा दिया। देश की ज्वालामुखी विज्ञान एजेंसी ने ज्वालामुखी विस्फोट बढ़ने के साथ ही चेतावनी की स्थिति को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है।

## केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने कनाडाई प्रधानमंत्री की आलोचना की

चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हुए हमले की निंदा की और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर गंदी राजनीति के लिए भारतीय मूल के लोगों को बांटने का आरोप लगाया।

खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों की रविवार को ब्रैम्पटन स्थित हिंदू मंदिर में मौजूद लोगों से झड़प हो गई थी। केनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) ने पील क्षेत्रीय पुलिस के हवाले से बताया कि प्रदर्शन ब्रैम्पटन स्थित हिंदू सभा मंदिर के बाहर हुआ और सोशल मीडिया पर प्रसारित असत्यापित वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारी खालिस्तान के समर्थन में बैनर लिए दिखाई देते हैं। खबर के मुताबिक, वीडियो में लोग हाथापाई और एक-दूसरे पर डंडों से हमला करते दिखते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह स्थान हिंदू सभा मंदिर के आसपास का है। केंद्रीय मंत्री बिट्टू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जस्टिन ट्रूडो ने अपनी गंदी राजनीति के लिए कनाडा में भारतीय प्रवासियों को सफलतापूर्वक विभाजित कर दिया है। भारत में सिख और हिंदू एक साथ सद्भाव से रहते हैं, लेकिन कनाडा में उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जा रहा है।

# कनाडा के मंदिर में हुई हिंसा



ओटावा। कनाडा के ब्रैम्पटन में खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों द्वारा एक हिंदू मंदिर में लोगों के साथ की गई हिंसा की देश के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निंदा करते हुए कहा कि प्रत्येक कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र तरीके से और सुरक्षित माहौल में पालन करने का अधिकार है।

कनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार, पील क्षेत्रीय पुलिस ने रविवार को बताया कि ब्रैम्पटन के एक मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ और सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान के समर्थन में बैनर पकड़े नजर आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वीडियो में लोग एक दूसरे पर घूंसे बरसाते और एक-दूसरे पर डंडों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं और यह घटना हिंदू सभा मंदिर के आसपास के मैदान में होती प्रतीत हो रही है। ट्रूडो ने समुदाय की सुरक्षा और इस घटना की जांच के लिए त्वरित कार्रवाई करने पर स्थानीय प्राधिकारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सोमवार को लिखा, ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा अस्वीकार्य है।

# शपथ के साथ बीएसएफ में शामिल हुए 485 जवान

इंदौर (मध्यप्रदेश)। भारतीय सरहद की हिफाजत के लिए जान की बाजी लगाने की शपथ के साथ इंदौर में सोमवार को 485 नव आरक्षक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में औपचारिक रूप से शामिल हो गए।

बीएसएफ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के सहायक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित परेड के दौरान इन नव आरक्षकों को केंद्रीय सशस्त्र बल में विधिवत शामिल किया गया। इस दौरान नव आरक्षकों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को साक्षी मानकर भारतीय सीमाओं की रक्षा के साथ ही देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने की शपथ ली। एसटीसी के महानिरीक्षक अश्वनी कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शपथ परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि एसटीसी में 44 सप्ताह के कड़े प्रशिक्षण के दौरान 485 जवानों को शारीरिक व मानसिक मजबूती, युद्ध कौशल और हथियार चलाने तथा इनके रख-रखाव के गुर सिखाए गए। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को सामाजिक सरोकारों के प्रति भी जागरूक किया गया क्योंकि सीमाओं पर तैनाती के दौरान उनका वास्ता समाज के अलग-अलग लोगों से पड़ता है।

## ब्रिस्बेन में नये भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन



ब्रिस्बेन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया और इस बात पर जोर दिया कि इससे क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में मदद मिलेगी।

जयशंकर दो देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को आस्ट्रेलिया पहुंचे, जहां से वे सिंगापुर जाएंगे। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जयशंकर ने लिखा, आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक रूप से उद्घाटन करके मुझे खुशी हुई। यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षणिक संबंधों को प्रोत्साहन देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए क्वींसलैंड की गवर्नर महामहिम डॉ. जेनेट यंग और मंत्रियों रोस बेट्स एवं फियोना सिम्पसन का धन्यवाद। यह ऑस्ट्रेलिया में भारत का चौथा वाणिज्य दूतावास है। ब्रिस्बेन के अलावा सिडनी, मेलबर्न और पर्थ में भी भारत के वाणिज्य दूतावास हैं। विदेश मंत्री ने सोमवार को ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, शांति और सद्भाव का उनका (महात्मा गांधी का) संदेश दुनिया भर में गूंजता है। जयशंकर ने क्वींसलैंड की गवर्नर से भी सोमवार को ब्रिस्बेन में मुलाकात की। क्वींसलैंड की गवर्नर महामहिम डॉ. जेनेट यंग से आज ब्रिस्बेन में मिलकर प्रसन्नता हुई। क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापारिक और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों और तरीकों पर चर्चा की।

## दिल्ली में धुंध छाई, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

नयी दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को सुबह धुंध की मोटी चादर छाई रही और वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 373 दर्ज किया गया। आंकड़ों के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता पर नजर रखने वाले 39 स्टेशन में से 11 ने 400 से अधिक एक्यूआई के साथ प्रदूषण का गंभीर स्तर दर्ज किया। जिन क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही, उनमें आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, जहांगीरपुरी, न्यू मोती बाग, एनएसआईटी द्वारका, पटपड़गंज, पंजाबी बाग, रोहिणी, वजीरपुर और विवेक विहार शामिल हैं।

## भूस्खलन की घटना का किया गया राजनीतिकरण : प्रियंका गांधी



वायनाड। कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस साल जुलाई में हुई भूस्खलन की घटना का राजनीतिकरण किया।

चुनाव प्रचार के दूसरे दिन की शुरुआत करते हुए उन्होंने सुल्तान बाथरी विधानसभा क्षेत्र के केनिचिरा में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस आपदा से लोगों को भारी पीड़ा हुई, उसका भी भाजपा ने राजनीतिकरण कर दिया...हम एक ऐसी जगह पर खड़े हैं, जहां आपको अपने देश, अपनी जरूरतों और आप जिस तरह की राजनीति चाहते हैं, उसके बारे में सोचना चाहिए। भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि पूरे देश में नफरत फैला रही भाजपा की राजनीति की पहचान क्रोध, विभाजन और बर्बादी है। उन्होंने कहा कि लोगों के समक्ष खड़े वास्तविक मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनकी समस्याएं अनसुलझी हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बेरोजगारी अब तक के उच्चतम स्तर पर है और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिनके रुकने का कोई संकेत नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि राजनीति इन मुद्दों को हल करने पर केंद्रित नहीं है। भाजपा की राजनीति का उद्देश्य पूरी तरह से आपका अपनी समस्याओं से ध्यान भटकाना है, क्योंकि इसका एकमात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है, चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

इंटरटेनमेंट...

# तमिल फिल्म 'अमरन' ने मचाया धमाल



**मुंबई।** तमिल फिल्म 'अमरन' को पूरे भारत और दुनिया से प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। तमिल सिनेमा की फिल्म 'अमरन' बॉक्स ऑफिस पर शानदार कारोबार कर रही है। फिल्म ने रिलीज के पहले ही दिन ही शानदार कलेक्शन कर लिया। पहले वीकेंड में ही फिल्म ने 7.45 करोड़ का कारोबार कर दिया। फिल्म को तमिल सिनेमा में शानदार सक्सेस मिली है।

'अमरन' फिल्म ने पहले दिन 21.4 करोड़ का बिजनेस किया। दूसरे दिन 19.15 करोड़ का बिजनेस फिल्म ने किया है। रिलीज के तीसरे दिन 21 करोड़ का बिजनेस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर किया है। 21.55 करोड़ का बिजनेस फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन किया है। पहले वीकेंड के साथ ही फिल्म ने 83.1 करोड़ का कारोबार फिल्म ने किया है। 'अमरन' फिल्म दुनिया भर में रिलीज के पहले दिन 24.7 करोड़ का बिजनेस किया है। दूसरे दिन फिल्म ने 21.95 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। तीसरे दिन भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस 24.15 करोड़ का बिजनेस किया है, फिल्म को प्रशंसकों ने बहुत पसंद किया है। रिलीज के चौथे दिन फिल्म ने चौथे दिन 24.8 करोड़ का बिजनेस किया है। वीकेंड के साथ ही 95.6 करोड़ का बिजनेस बॉक्स ऑफिस पर किया है। तमिल फिल्म में ये सितारे नजर आ रहे हैं। फिल्म में शिवकार्तिकेयन, साई पल्लवी, भुवन अरोड़ा, राहुल बोस जैसे सितारे फिल्म में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म का निर्माण कमल हासन की बतौर निमार्ता किया है। यह फिल्म शिव अरूर और राहुल सिंह की किताब इंडियाज मोस्ट फियरलेसः ट्रूस्टोरिज ऑफ मॉडर्न मिलिट्री हीरोज की एक सच्ची कहानी पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन राजकुमार निर्देशन राजकुमार पेरियासामी ने किया है और इसका निर्माण राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल और सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया ने किया है।

## खून से लथपथ मिली थी एक्ट्रेस बिदुषी की लाश

मुंबई। 22 अक्टूबर 2012 की बात है। अंधेरी की कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में रहने वाली 23 साल की साउथ एक्ट्रेस बिदुषी दास बर्दे के लिए एक आम दिन था। कभी साउथ सुपरस्टार कमल हासन, ज्योतिका के साथ बड़ी फिल्म में नजर आईं और मिस चेन्नई 2006 रह चुकीं बिदुषी कुछ समय से फिल्मों से दूर थीं और अपना ज्यादातर समय पति के साथ घर में बिताया करती थीं। उस रोज उनके पति केदार हमेशा की तरह सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर घर से दफ्तर के लिए रवाना हुए थे। बिदुषी ने पति को दरवाजे तक छोड़ा और फिर दरवाजा लगा लिया। दफ्तर पहुंचते ही करीब 9 बजकर 30 मिनट पर केदार ने बिदुषी को कॉल लगाया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। आमतौर ऐसा नहीं होता था, लेकिन उन्हें काम में व्यस्त मानते हुए।

# रोहित शेट्टी के साथ काम करना सपने जैसा



**मुंबई।** पेशे से डेंटिस्ट अर्जुन द्विवेदी इन दिनों अपने एक्टिंग करियर को लेकर सुर्खियों में हैं। 'वैक्सीन वॉर' और 'गदर-2' जैसी फिल्मों का हिस्सा रहे अर्जुन की 'सिंघम अगेन' दिवाली पर रिलीज हुई है। पिछले दिनों एक्टर ने खास बातचीत की। उन्होंने बताया कि सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' में भी एक खास किरदार निभाने का मौका मिला है।

मुंबई आने से पहले भोपाल दूरदर्शन के लिए कुछेक टेलीफिल्म्स में काम कर चुका था। मुंबई 2006 में आया तो सबसे पहला मौका दिलीप कुमार की प्रोडक्शन के सीरियल 'स्त्री तेरी कहानी' में मिला। यह मेरा सौभाग्य रहा है कि दिलीप साहब को मेरा ऑडिशन पसंद आया था। उन्होंने ही इस सीरियल के लिए मुझे चुना था। दिलीप साहब ने मेरे अभिनय की तारीफ की। इससे बड़ा अवॉर्ड मेरे जीवन में कुछ भी नहीं है।

# 'सिकंदर' की शूटिंग के लिए हैदराबाद पहुंचे सलमान



**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। जान से मारने की धमकियों के बीच, एक्टर फिल्म की शूटिंग के लिए हैदराबाद के फेमस ताज फलकनुमा पैलेस लौट आए हैं। पैलेस में भी एक्टर की सेफ्टी को ध्यान में रखकर कड़ी सुरक्षा की गई है।

ताज फलकनुमा पैलेस को शानदार तरीके से रोशनी से सजाया गया है। कथित तौर पर, फिल्म क्रू पैलेस पर एक दिन पहले ही पहुंच गया था। क्रू ने शूटिंग की सारी तैयारियां कर ली थीं। यह पैलेस सलमान के लिए बहुत स्पेशल है। दरअसल, उनकी बहन अर्पिता खान की भी शादी यहीं हुई थी। फिल्म सिकंदर को साउथ के मशहूर डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास डायरेक्ट करेंगे, जो इससे पहले 'गजनी, 'हॉलीडे' और 'अकीरा' जैसी हिंदी फिल्में डायरेक्टर कर चुके हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके प्रोड्यूसर होंगे। यह फिल्म ईद के मौके पर 2025 में रिलीज होगी। प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला के साथ सलमान 'जुड़वा, ह्यमुझसे शादी करोगी' और 'किक' समेत कई हिट फिल्में दे चुके हैं। वहीं 'सिकंदर' से पहले मुरुगदास और सलमान साथ में 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'जय हो' पर भी काम कर चुके हैं। मुरुगदास उस फिल्म के राइटर थे।

लॉरेंस गैंग से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। कुछ समय पहले उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग भी की गई थी। हाल की में एक्टर के करीबी और एनसीपी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई में 12 अक्टूबर को हत्या कर दी गई थी। इसके बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लॉरेंस गैंग चाहता है कि काला हिरण शिकार मामले में सलमान खान राजस्थान के बिश्नोई समाज से माफी मांग लें।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com